ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 34, अंक 130, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने 15
सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 16

# राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

## राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

### महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

## जनादेश मोदी के खिलाफ : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ''इंडिया'' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में बुधवार को कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि मैं 'इंडिया' गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई। बैठक के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा बल्कि सही समय का इंतजार करेगा।



- इंडिया गठबंधन की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया कि परन्तु, हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने कहा कि हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है, जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के अलावा घटक दलों के तमाम नेता शामिल हुए।



### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**मुंबई।** चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

## राहुल गांधी को सौंपा रायबरेली से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद



**अमेठी।** स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली आकर गांधी परिवार से मुलाकात की है। किशोरी लाल ने राहुल गांधी को रायबरेली की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। किसी प्रकार का घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। किशोरी लाल ने कहा कि जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वो जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर मैं काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। मैं बिना जनता को इन्वॉल्व किए कोई काम नहीं करूंगा। मैं बिना जनता की रजामंदी और सहमति के कोई काम नहीं करूंगा। किशोरी लाल ने स्मृति इरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है।



पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

### एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड के कार्यालय में मंगलवार रात 10 :50 बजे एक ईमेल मिला कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान में एक बम रखा है।

## 'खटाखट' वाली रकम लेने पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था। इस 'खटाखट-खटाखट' की नकल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना भी साधा था।

### कांग्रेस मुख्यालय पर जमा हुई भीड़



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया

### घोषणा पत्र में कही गई थी कि सरकार बनने पर दी जाएगी रकम

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि घोषणा पत्र में सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। इस कार्ड में महिला का नाम, पता व नंबर का उल्लेख है।

## बेटे ने मां को गड़ासे से काटकर शव पेट्रोल से जलाया

**ऊंचाहार(रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में एक बेटे ने अपनी मां को गड़ासे से काटकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लिया है। यह घटना बुधवार की दोपहर की है।

पुलिस के अनुसार ठकुराइन मजरे उसरैना गांव निवासी लवकुश कुमार अपने छोटे बेटे संदीप कुमार के साथ किसी काम से सलोन गए थे। घर में उनकी पत्नी सुशीला देवी (45) और उनका बड़ा बेटा कुलदीप कुमार घर में थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप गांव में कहीं गया हुआ था। कुछ समय बाद वह घर लौटा तो उसने आपा खो दिया और घर में रखे गड़ासे से अपनी मां को काट डाला, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह शव को अपने घर के पीछे ले गया और शव के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। उसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बेटे ने मां की हत्या करके शव जलाने का प्रयास किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है ।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी



- कोर्ट का अंतरिम जमानत देने से भी इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है।

शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

## उत्तरकाशी में नौ ट्रैकर्स की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया
- मौसम खराब होने से हेलिकॉप्टर रेस्क्यू अभियान में आ रही बाधा

**अमृत विचार** : उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, इसमें से चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है। वर्ष 2022 में हुए निम के द्रौपदी का डांडा हिमस्खलन हादसे के बाद दूसरा बड़ा हादसा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए उत्तरकाशी के सहस्त्रताल के लिए रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को दल सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए। वहां अचानक मौसम खराब होने, घने कोहरे और बर्फबारी के बीच ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं।

आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए। बाद में एसडीआरएफ भी मदद को पहुंच गई। उधर, ट्रैकिंग दल के 11 सदस्य जैसे-तैसे बेस कैंप तक पहुंच गए थे। जहां से उन्हें हेली कॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने रेस्क्यू टीम को बताया कि उनके 9 साथियों की मौत हो चुकी है। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने पांच शवों को रेस्क्यू कर लाया गया। रेस्क्यू टीम को शेष चार शव को लाने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बना हुआ है। ट्रैकिंग टीम में 18 सदस्य कर्नाटक के एक महाराष्ट्र का और तीन स्थानीय हैं।

धांधली — शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल, 50% बच्चों के अभिभावक प्रबंधकों की परिक्रमा करने को मजबूर

## 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है। हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहै हैं। वार्षिक समारोह- प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### प्रवेश न मिला तो बाधित होगी बच्चों की पढ़ाई

ग्रीष्मावकाश समाप्त होने वाले हैं। विद्यालय खुलते ही जब अन्य बच्चे पढ़ाई कर रहें होंगे तो आरटीई के तहत चयनित बच्चे एडमिशन के लिए चक्कर लगा रहे होंगे।

### चौथे चरण के लिए जारी किए गए आवेदन पत्र

आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया ।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है।

आरटीई के तहत सभी निजी विद्यालयों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को निशुल्क एडमिशन देना अनिवार्य है। यदि कोई विद्यालय प्रबंधन प्रवेश लेने से मना कर रहा है या अभिभावक को परेशान कर रहा है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

–कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक



## एक नजर

### पिछड़े वर्ग के युवाओं को मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**अमृत विचार,लखनऊ :** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक और युवतियों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ' लेवल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ऑनलाइन दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के इच्छुक संस्थान संबन्धित जिलों में 08 से 21 जून, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वन्दना वर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रशिक्षण, केन्द्र द्वारा अधीकृत संस्था ''नीलिट'' से मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा दिया जाएगा। आवेदन व संबन्धित जानकारी विभाग की वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in और obccomputertraining.upsdc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

### अजीत सर्वोत्तम दलनायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीएसी मुख्यालय की ओर से गठित केंद्रीय समिति की ओर से मई-2024 के लिए सर्वोत्तम दलनायक के रूप में अजीत कुमार सिंह को सम्मानित किया गया है। अजीत 36वीं पीएसी वाहनी वाराणसी में तैनात हैं। इसी तरह सर्वोत्तम गुल्मनायक के तौर पर वकील सिंह को सम्मानित किया गया है। वकील सिंह 30वीं पीएसी वाहनी गोंडा से हैं। जबकि 2वीं पीएसी वाहनी से मुख्य आरक्षी रमेश कुमार आरक्षी विनीत कुमार को सम्मानित किया गया है। उक्त चारों कार्मिकों की तस्वीरें प्रदेश के प्रत्येक प्रत्येक पीएसी वाहनी, पीएसी सेक्टर, पीएसी जोन एवं पीएसी मुख्यालय मं एक माह तक प्रदर्शित की जाएगी।

### पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार ,लखनऊ :** हमें, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। यह बात बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के प्रमुख सचिव व अध्यक्ष, यूपीनेडा नरेंद्र भूषण ने कही। वह, यूपीनेडा और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के तत्वावधान में संपन्न जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

# पंचायतें ऑनलाइन भरेंगी बिजली बिल, कम होगी बकायेदारी

**22 अरब की बकायेदारी, विभाग ने आकलन कर पोर्टल पर भेजे बिल**

**हर माह बिल निकालने और जमा करने के लिए दी गई लॉगिन आईडी, इसी आईडी पर आएगा बिल**

**संपत्तियों का सर्वे करा कर जुटाई रिपोर्ट, दिया जाएगा बिजली का कनेक्शन और ठीक होंगे खराब मीटर**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**इन सरकारी संपत्तियों में उपयोग होती है बिजली**

पंचायत भवन, विद्यालय, बरात घर, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक केंद्र, स्ट्रीट लाइट, नलकूप, पानी की टंकी आदि।

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतें सरकारी संपत्तियों में बिना बिल जमा किए बिजली नहीं जला पाएंगी। बिल नहीं मिले या फिर गड़बड़ मिले यह प्रधान व सचिव का बहाना नहीं चलेगा। जो भी बकायेदारी है वह पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन जमा की जाएगी।

इस तरह से प्रदेश की 57,754 ग्राम पंचायत पर करीब 22 अरब की बकायेदारी बताई जा रही है। इसे वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पंचायती राज विभाग के साथ खर्च बिजली का आकलन किया है। साथ ही ब्लॉकों के विभागीय पोर्टल पंचायती राज डेवलपमेंट (पीडीए) पर लाखों रुपये के बिल अपलोड किए हैं। जिनका खंड विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों से सत्यापन कराकर ऑनलाइन जमा करेंगे। यदि बिल में गड़बड़ी होगी तो उसमें विभाग सुधार करेगा। बिजली विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिए हैं। इसी आईडी पर हर माह बिल आएंगे और इसी से जमा होंगे।

**नहीं कर पाएंगे बिजली चोरी**

ग्राम पंचायतों की ज्यादातर सरकारी संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जहां कनेक्शन हैं तो वहां मीटर खराब हैं। चोरी से बिजली भी जलाई जाती है और ऑफलाइन व्यवस्था के तहत बिजली बिल का पता नहीं चलता है। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के आग्रह पर पंचायती राज विभाग ने ऐसी संपत्तियों का सर्वे कराया कर रिपोर्ट जुटाई है। जहां बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और मीटर ठीक किए जाएंगे।

> ग्राम पंचायतों को हर माह ऑनलाइन बिजली बिल मिलेंगे जो ऑनलाइन जमा करेंगी। पुराने बकाये के बिल पोर्टल पर अपलोड किए हैं। इसका बीडीओ स्तर से सत्यापन कराकर जमा कराया जाएगा। **-अटल कुमार राय,** निदेशक पंचायती राज

# जौनपुर के पत्रकार का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जौनपुर में पत्रकार की हत्या के आरोप में फरार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मुठभेड़ की घटना 04 जून देर रात की है।

जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव को विगत 13 मई को आरोपी प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। प्रशांत घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। इस दौरान पुलिस ने प्रशांत पर एक लाख का इनाम भी घोषित किया। 04 जून की देर रात प्रशांत मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग भी की। पुलिस की जवाबी गोली में वह घायल हो गया। कुछ देर बाद प्रशांत की मृत्यु हो गई।

> आशुतोष श्रीवास्तव के हत्यारोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। 4-5 जून की रात्रि में थाना खेतासराय में बदमाशों के साथ पुलिस मुठभेड़ में ईश्वरी नेवाडा निवासी हत्यारोपी प्रशांत सिंह की मृत्यु हो गई। प्रशांत पर सात गंभीर मुकदमें पहले से दर्ज थे। **प्रशांत कुमार, डीजीपी, उप्र.**

# फिर बढ़ी बिजली की मांग, 29 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार

## एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से पूरी की गई बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**बीते 1 जून को बिजली की अधिकतम मांग का टूट गया था रिकॉर्ड**

**अमृत विचार:** प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई। बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति काबू में की गई। जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना रहा।

बीते दिन तापमान में कुछ कमी आने के कारण मांग में कुछ कमी आ गई थी। अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मांग फिर अचानक बढ़ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग बढ़ने पर एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर मांग पूरी की गई। आने वाले दिनों में मांग के और बढ़ने की संभावना को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बीते 1 जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट, 24 मई को 29,197 मेगावाट, 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट,, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि तापमान में कभी कमी व बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण बिजली की मांग भी घट-बढ़ रही है। भारी मांग के कारण 30 हजार मेगावाट तक मांग के पहुंचने की संभावना को लेकर पूरी तैयारी की गई है।

**जवाहरपुर की एक इकाई ठप**

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है, जबकि पहले से ठप ओबरा सी 660 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी में बार-बार इकाइयों के ठप होने से स्थिति संभल नहीं पा रही है। पिछले माह में अब तक कई इकाइयां ठप हो चुकी है। अभी भी इकाइयों के लगातार ठप होने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। हालांकि, अधिकारी स्थिति को संभालने में जुटे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के आवेदन 10 से

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ देने के लिए दस जून से आवेदन मांगे जाएंगे। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

बता दें कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे को दिया जाता है जिन्होंने अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है। इसके तहत 25 सौ रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत पात्रों को भुगतान तिमाही किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए अप्रैल से ही आवेदन होने लगे थे। सवा सौ से अधिक ने आवेदन किया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सरकार गठन के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी समाप्त हो जाएगी। इसके बाद आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि आचार संहिता के कारण अभी सत्यापन का काम नहीं हो रहा है। आचार संहिता के बाद सत्यापन कार्य शुरू होगा।

# पार्सलघर से कर चोरी रोकने को उठाएं कदम

## बाहर से आने वाले माल पर जीएसटीएन नंबर और ई-वे बिल हो अंकित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


सीनियर डीसीएम (माल भाड़ा) से चर्चा करते जीएसटी के अपर आयुक्त। अमृत विचार

**पार्सलघरों में रेल के माध्यम से आ रहे माल की जांच की जाए**

**करापवंचन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए हो कार्रवाई**

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशनों के पार्सलघरों में जो भी माल प्रांत के बाहर से आए या निकले अथवा बुक किया जाए उसका लेखा-जोखा रखा जाए। माल पर जीएसटीएन नंबर दर्ज हो और अगर 50,000 से ज्यादा का माल हो तो उसके ई-वे बिल को सुनिश्चित कराया जाए। पार्सलघर से आ रही जीएसटी चोरी की शिकायतों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जीएसटी के उच्चाधिकारी बुधवार को उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम से मिले। टैक्स चोरी रोकने के लिए संयुक्त आयुक्त (विअनुशा) राज्य कर, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 कैलाश नारायण और अपर आयुक्त ग्रेड-2 (विशेष अनुसंधान शाखा) डीपी सिंह ने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा) राहुल के साथ बैठक की। इसमें जीएसटी के दोनों अधिकारियों ने राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती, एस द्वारा भेजे गए रेलवे बोर्ड के आदेशों की प्रति सौंपी। कहा कि रेलवे अथारिटी करापवंचन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाएं।

रेलवे और जीएसटी दोनों विभाग समन्वय स्थापित कर करापवंचन पर प्रभावी नकेल कसें। जीएसटी अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के बाहर से रेल से लाए जाने वाले माल की जांच, माल बुकिंग और डिलीवरी में रेलवे बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार कार्यवाही की जाए। रेलवे बोर्ड के जारी सर्कुलर पर सीनियर डीसीएम द्वारा नियमों के पालन के लिए आश्वस्त किया गया। जीएसटी के करापवंचन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति प्रदान की गयी।

# छोड़ देते गोवंश, खिलाने की नहीं पड़ती थी जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सीवीओ हमीरपुर की बात पर प्रमुख सचिव ने कराई जांच**

**समीक्षा में भूसा दान और कम खरीद पर पूछा था कारण**

**अमृत विचार :** गर्मी के चलते चार से पांच माह तक गोशालाओं के गोवंश खुले में छोड़ दिए जाते हैं। ऐसे में गोवंशों को खिलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह बात भूसा संग्रहण की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हमीरपुर ने कही। इस बात पर प्रमुख सचिव पशुपालन रवींद्र ने निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह ने जांच कराई है।

27 मई को प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिलों पर दान और खरीद करके संग्रहण किए गए भूसा की समीक्षा की थी। इस दौरान चित्रकूट में 33.4 फीसद, आजमगढ़ 40.8, फिरोजाबाद 58, हमीरपुर 60, सिद्धार्थनगर 62, हाथरस 62.98, झांसी 63, अमरोहा 65, मिर्जापुर 65.38 व गोंडा में 67.3 फीसदी भूसा संग्रहण जो की सबसे कम प्रगति मिली थी। हमीरपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का कहना था कि गर्मी के कारण गोशालाओं से चार से पांच माह तक गोवंशों को खुला छोड़ दिया जाता है। इसलिए उनको खिलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि गोवंशों को खुला न छोड़ा जाए। इस बात पर प्रमुख सचिव के निर्देश पर निदेशक ने हमीरपुर टीम भेजकर जांच कराई है। लेकिन, टीम ने अभी रिपोर्ट नहीं दी है।

**बरेली ने 101 प्रतिशत किया भूसा संग्रहण**

**अमृत विचार :** निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान और क्रय करने में कई जिले पीछे रहे। जबकि बरेली ने लक्ष्य के सापेक्ष 101 फीसद भूसा संग्रहण अन्य जिलों के लिए मिसाल पेश की है। प्रमुख सचिव पशुपालन रवींद्र ने बरेली की प्रशंसा की है।27 मई को प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से भूसा संग्रहण की सभी सीवीओ के साथ समीक्षा की थी। इस दौरान कई जिले लक्ष्य पूर्ति करने में पीछे रहे। जबकि बरेली ने 101 फीसद प्रगति हासिल की। बरेली को मई में 46,020 क्विंटल भूसा दान में और 1,07,381 क्विंटल टेंडर करके खरीदने का लक्ष्य मिला था। जो समय पर 46,097 क्विंटल भूसा दान और 1,08,815 क्विंटल टेंडर से खरीदा गया। जबकि झांसी की 83 फीसद प्रगति होने पर सीवीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**इन जिलों की 70 फीसद से कम रही प्रगति :** अलीगढ़, अमरोहा, अमेठी, अयोध्या, बागपत, बलरामपुर, बांदा, बदायूं, बुलंदशहर, एटा, इटावा, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मुज्जफनगर, नोएडा, प्रतापगढ़, पीलीभीत, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, शामली, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी की प्रगति 70 फीसद से कम रही।

# छह नए छात्रावासों का निर्माण अगले माह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**निर्माण में 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे यूपीसिडको को दिया गया काम**

**छात्रावास में अनुसूचित जाति ओबीसी और सामान्य वर्ग को रहने के लिए दिए जाते हैं कमरे**

**अमृत विचारः** ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग के छह नए छात्रावास संचालित होने लगेंगे। नए छात्रावास के निर्माण का काम यूपीसिडको को दिया गया है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 231 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है। छात्रावास में 70 प्रतिशत अनुसूचित, 20 प्रतिशत ओबीसी और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को दिया जाता है।

ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को छात्रावास निशुल्क दिया जाता है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बिजली और पानी की सुविधा छात्रों को दी जाती है जबकि नाश्ते और भोजन की व्यवस्था इनको स्वयं करनी होती है।

**नौ करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान**

एक छात्रावास के निर्माण में दो करोड़ से नौ करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि फिरोजाबाद में तीन, सुल्तानपुर, हाथरस और जौनपुर में एक-एक छात्रावास का निर्माण होना है। यूपीसिडको को इसका काम दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर हो जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि अगले वित्तीय वर्ष से छात्रों को सुविधा मिलने लगे।

## निर्माणाधीन पांच मंजिला बिल्डिंग सील

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने चिनहट में एक पांच मंजिला बिल्डिंग सील कर दी। कार्रवाई स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण करने पर की गई है।

प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राज कुमार ने बताया कि बुधवार को टीम पुलिस बल के साथ चिनहट के ग्राम-उत्तरधौना के आतिफ विहार पहुंची। वहां सौबिना सिंह व अन्य द्वारा लगभग दो हजार वर्गफिट के भूखंड पर पांच मंजिला बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा था। टीम की जांच में निर्माण का प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत मिला, लेकिन निर्माण कार्य मानचित्र के विपरीत किया गया था।

# जल्द शुरू होगी साइबर थानों में भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रदेश के 57 थानों में कुल 1,425 पदों पर होनी है भर्ती**

**एक थाने में 25 कार्मिकों की होगी तैनात**

**अमृत विचारः** बड़े पैमाने पर साइबर अपराध से जूझ रहा पुलिस विभाग जल्द ही थानों पर कार्मिकों की भर्ती करने जा रहा है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि विभाग ने बाकी संसाधनों को थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

बतादें कि प्रदेश में पुलिस विभाग ने 57 थाने स्थापित कर दिए हैं। इन थानों पर लगभग सभी संसाधन पहुंचाएं जा चुके हैं। सिर्फ कार्मिकों की तैनाती होनी बाकी थी। इसके लिए गृह विभाग ने कार्मिकों की भर्ती का आदेश दिया था, लेकिन इसी बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। कुल 1425 पदों पर पुलिस कार्मिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन गृह विभाग ने चुनाव होने तक रोक लगा दी। अब जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का विचार किया जा रहा है। ताकि जल्द स जल्द थानों का कार्य संचालन हो सके। साइबर थानों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिन जिलों में अभी थाने नहीं खुल पाए हैं वहां पर पुलिस लाइनों में जगह चिन्हित कर थाने तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। एक-एक थाने में 25-25 कार्मिक तैनात करने का निर्णय लिय गया है। जिले भर में जितने भी साइबर अपराध होंगे वह सभी मामले साइबर थानों में ही दर्ज किए जाएंगे।

## पर्यावरण संरक्षण पर अवध फाउंडेशन ने दी जानकारी


**अमृत विचार,लखनऊः** अवध इनोवेटिव फाउंडेशन के सदस्यों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को गोमती नगर के वास्तुखंड में कई पेड़ लगाए। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और उसके फायदों के बारे में लोगों से जानकारी साझा की।

फाउंडेशन के सचिव कामरान खान ने बताया कि पर्यावरण कैसे लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष आफरीन खान, नीशू सिंह, संध्या सिंह, अजय प्रताप सिंह मौजूद रहें।

# अंतर्कलह से मुजफ्फरनगर व कैराना में भाजपा हारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ


संगीत सोम


संजीव बालियान

**मुख्यमंत्री योगी समेत पार्टी के कई नेताओं ने अंतर्कलह को खत्म करने का किया था प्रयास**

**अमृत विचारः** चुनाव के दौरान मुजफ्फरनगर में भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम और केंद्रीय मंत्री व प्रत्याशी संजीव बालियान के आपसी विवाद में एनडीए को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह अन्य सीटों पर भी अंदरूनी कलह से पार्टी को लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा।

मुजफ्फर नगर में संगीत सोम ने कहा था कि वो भाजपा का प्रचार करेंगे, लेकिन बालियान का नहीं । साथ ही कहा कि संजीव बालियान का स्तर नहीं मेरे से बात करे, मैं गुंडों का सहारा नहीं लेता विकास की राजनीति करता हूं। हालांकि इसके बाद मुख्यमंत्री योगी समेत पार्टी के कई नेताओं ने अंतर्कलह को पाटने की कोशिश की मगर हालात नहीं बदल सके।

इसी तरह कैराना सीट के संबंध में रालोद के व्यापार अध्यक्ष रोहित अग्रवाल का कहना है 2017 के उप चुनाव में इकरा हसन की मां, तबस्सुम हसन को सपा ने प्रत्याशी बनाया था, मगर उन्होंने अखिलेश यादव से रालोद का चुनाव चिन्ह की मांग की, जिसके बाद रालोद के चुनाव चिन्ह पर तबस्सुम हसन ने चुनाव जीता था। अगर, इस बार कैराना सीट रालोद के चुनाव चिन्ह पर लड़ा जाता तो स्थितियां बदली होती ।

**रालोद से हाथ मिलाना साबित हुआ कारगर**

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि रालोद ने इंडी गठबंधन के रथ को पश्चिम उप्र. में मजबूती से रोका है। भाजपा का रालोद के साथ हाथ मिलाना कारगर साबित हुआ और करीब 16 सीटों पर विजय मिली है। उन्होंने बताया कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने चुनाव के दौरान 60 रैलियां और 17 रोड शो किये, एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में जबरदस्त माहौल तैयार किया, जिसके बाद उप्र. में सबसे अच्छे परिणाम पश्चिम में मिले हैं।


पौधरोपण करने के बाद पौधे को पानी देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मनाया गया जन्मदिन**

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

## दो माह बाद मुख्यमंत्री आज सुनेंगे जनता की शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव के कारण दो माह बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छह जून को सरकारी आवास पर जनता की शिकायत सुनेंगे। इसके बाद वह महत्वपूर्ण विभागों के अफसरों के साथ बैठक भी करेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता के कारण पिछले दो माह से 'जनता दर्शन' बंद था। अब यह फिर से शुरू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रोजाना सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित भी करेंगे।

# जनता ने देश को दिखाई नई राह : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रगतिशील जनता के विचार ही वोट के रूप में हमें मिले**

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने देश को एक बार फिर से नई राह ही नहीं दिखाई, बल्कि नई आस जगाई है।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव जारी बयान में कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने की एवं सामाजिक न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगतिशील जनता के विचार ही वोट के रूप में हमें मिले हैं। ये बंटवारे की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ सौहार्द भाईचारे और सकारात्मक राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि यह इंडी गठबंधन और पीडीए एकता की जीत है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह उस दलित-बहुजन भरोसे की भी जीत है, जिसने अपने पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी, आधी आबादी और अगड़ों में पिछड़े सभी उपेक्षित, शोषित, उत्पीड़ित समाज के साथ मिलकर उस संविधान को बचाने के लिए कंधे-से-कंधा मिलाकर संघर्ष किया है जो समता-समानता, सम्मान-स्वाभिमान, गरिमामय जीवन एवं आरक्षण का अधिकार देता है।

## अकबर नगर में चलेगा बुलडोजर, सर्वे आज

**अमृत विचार,लखनऊ :** अकबर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का बुलडोजर फिर चलेगा। कुकरैल नदी व बंधे पर बने आवासीय व व्यवसायिक भवन ध्वस्त किए जाएंगे। गुरुवार को संयुक्त टीम भवनों को गिराने का सर्वे करेंगी और रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में बुधवार को प्रशासन, नगर निगम, पुलिस व अन्य विभागों की बैठक हुई। इसमें अफसरों ने अकबर नगर में कुकरैल नदी व बंधे पर बने मकान और व्यवसायिक भवनों को ध्वस्त करने की रणनीति बनाई। सर्वे में यह देखा जाएगा कि कहां से कौन सा भवन किस तरह से तोड़ा जाए और किन संसाधनों की जरूरत पड़ेगी।

# मुस्लिम समाज ने बसपा का साथ नहीं दिया : मायावती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में बुरी हार का सामना करने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने हार का ठीकरा मुस्लिम समाज पर फोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनाव में और बीते चुनाव में भी उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज ने हमारा साथ नहीं दिया है, बसपा को ठीक से समझ नहीं पा रहा है। ऐसे में अब भविष्य में इनको काफी सोच समझकर ही चुनाव में पार्टी द्वारा मौका दिया जाएगा। ताकि पार्टी को भविष्य में इस बार की तरह भयंकर नुकसान का हो।

**23 मुस्लिम उम्मीदवार थे मैदान में**

मायावती ने इस बार चुनाव में प्रदेश की 80 सीटों में 23 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिए थे। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में छह टिकट मुस्लिमों को दिए थे।

18 वीं लोकसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर अकेले चुनाव लड़ने वाली बसपा एक भी सीट नहीं जीत सकी। मिले जनादेश से आहत मायावती ने बुधवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि परिणाम को हमारी पार्टी ने गंभीरता से लिया है, हर स्तर पर गइराई से मंथन करेंगे ।

## एक नजर

### देवांश ने नीट परीक्षा पास कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



देवांश

रायबरेली। जिले के हरचंदपुर कस्बा निवासी देवांश गुप्ता ने राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा नीट में सफलता पाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। देवांश ने 720 में 672 अंक प्राप्त प्राप्त किये। कस्बे के रघुवीरगंज बाजार निवासी व्यवसायी विजय कुमार गुप्ता के पुत्र देवांश गुप्ता के अथक प्रयास से नीट परीक्षा में सफलता मिली है। इसके पहले नीट परीक्षा में सफल हुई देवांश गुप्ता की बड़ी बहन डॉ. सौम्या गुप्ता केजीएमयू लखनऊ मे एमडीएस मास्टर आफ डेंटल सर्जरी से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। बड़ी बहन की मिली सफलता ने देवांश के अंदर भी ऊर्जा का संचार हुआ, उसने बिना थके अपनी मंजिल पाने के लिए कड़ी मेहनत की जिसकी बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। बेटे की इस मुकाम पर माता-पिता भी गदगद है। छात्र की सफलता पर लोगों ने देवांश गुप्ता को बधाई दी।

### घर से जेवर चोरी, केस दर्ज

डीह, रायबरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम गंगुहा मजरे डीह निवासी रामकेश ने पुलिस को एक तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती एक मई को अज्ञात चोरों ने उसके घर से झुमकी, हाथफूल, चैन, अंगूठी आदि जेवर व 35 हजार रुपए नकद चोरी गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डीह में हुआ वृक्षारोपण

डीह,रायबरेली। बुधवार को पौधशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय वनधिकारी श्याम सुंदर त्रिपाठी, वन दरोगा अभिषेक सिंह, गंगा सागर जमुना प्रसाद यादव, शेष कुमार सिंह, कुसुम चंद यादव, अमरनाथ साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुमशुदगी दर्ज

सरेनी, रायबरेली। 6 दिन पहले मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला अचानक घर से लापता हो गई। भाई ने पुलिस को बुधवार को तहरीर दिया है। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर ली है।

# बारिश में टापू बन जाता सोनिया नगर, नहीं चेत रहे जिम्मेदार

## बारिश के दिनों में बच्चों पर रहती है परिजनों की विशेष निगरानी, 5 फिट ऊंचाई की दीवार तक पानी भरने से बंद हो जाती है आटा चक्की

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, रायबरेली



वार्ड नंबर 16 में बीचा-बीच सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार



सोनिया नगर में आटा चक्की के पास सड़क पर भरा गंदा पानी।



सोनिया नगर में खराब पड़ा हैंडपंप



सागर



रोमा



धर्मेंद्र



प्रीती

**अमृत विचार।** चुनाव के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा किये गये झूठे वादे अब जग जाहिर होने लगे हैं। वार्ड नंबर 16 में जलभराव व बीचो-बीच सड़क पर गंदा पानी भरे होने की बात को झुठलाना सही नहीं होगा।

जेठ के महीने में यहां पर इस कदर लोगों के दरवाजे तक पानी भरा हुआ है तो बारिश के महीनों में क्या हाल होता होगा यह बड़ी सहजता के साथ अंदाजा लगाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अब तक कई नपाप अध्यक्ष व जिले के आलाहाकिम बदले लेकिन आज तक इस मोहल्ले की सूरत नहीं बदली। बारिश के दिनों में इस मोहल्ले की गली पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो जाती है और लोगों के कमरों के अंदर तक यह पानी प्रवेश कर जाता है, जिससे मोहल्लेवासियों व बच्चों को महीनों इस परेशानी से दो चार होना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में उन्हें भूखे मरने तक की भी नौबत आ पड़ती है। अमृत विचार ने बुधवार को वार्ड नंबर 16 सोनिया नगर की पड़ताल की। इस दौरान सागर, धर्मेंद्र व अतुल ने अमृत विचार को बताया कि उनके मोहल्ले में आज लगभग 25 साल से जलभराव की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में यह मोहल्ला पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो जाता है और सभी लोगों के घरों में गंदा पानी घुस जाता है। इसके अलावां प्रीती व रोमा ने बताया कि वह लोग जब से यहां रहने लगे हैं तब से इस समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। उनका मोहल्ला नीचाई में होने की वजह से उन्हें प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में जलभराव हो जाने से वह लोग पूरी तरह से घरों में कैद हो जाते हैं। अगर उन्हें किसी काम से बाहर निकलना होता है तो वह लोग पानी से होकर जाते हैं जिसमें उनके बदन के सारे कपड़े कीचड़ से सन जाते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी समस्या तो उनके सामने बच्चों की निगरानी करना होता है, क्योंकि उनके दरवाजे बारिश का पानी लगभग 4 से 5 फिट ऊंची दीवार तक भरा रहता है जिसमें बच्चों के अक्सर डूब जाने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में वह लोग बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं तो स्कूल में छुट्टी होने तक वह वहीं पर रुक कर इंतजार करते हैं और छुट्टी होने पर बच्चों को अपने साथ ही लेकर घर जाते हैं।

> सोनिया नगर में ऐसी कोई समस्या है मुझे इसकी जानकारी नहीं है। आज तक सभासद ने भी उन्हें इस समस्या से अवगत नहीं कराया। अगर ऐसी किसी भी समस्या से मोहल्लेवासी परेशान हैं तो तत्काल जांच कराकर इसका निदान कराया जाएगा।
>
> **-शत्रोहन सोनकर**, अध्यक्ष, नपाप, रायबरेली

सोनिया नगर में एक आटा चक्की है। बारिश के दिनों में पानी भर जाने से इस चक्की को भी बंद करना पड़ता है। कुल मिलाकर जलभराव जैसे समस्याओं से तो मोहल्लेवासी जूझते ही हैं चक्की बंद होने पर उन्हें अन्यत्र जगह पर गेहूं पिसाने के लिए जाना पड़ता है। इस मोहल्ले में लगे दो इंडिया मार्का हैण्डपम्प भी खराब पड़े हैं। ऐसी स्थिति में हैण्डपम्प को जंग खाये जा रहा है।

मोहल्लोवासियों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई है लेकिन आज तक उनकी समस्या का निदान नहीं कराया जा सका। फिलहाल नपाप के अधिकारियों द्वारा आज तक उनकी इस समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।

# दिनेश सिंह ने कांग्रेस पर कसा तंज बोले-सपा के दम पर मिली जीत

संवाददाता, रायबरेली



प्रेसवार्ता को संबोधित करते राज्यमंत्री दिनेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निर्णय आने के बाद रायबरेली में कांग्रेस के राहुल गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को काफी बड़े अंतराल से पटखनी देकर सांसद की कुर्सी में कब्जा कर लिया है। चुनाव हारने के बाद बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री ने लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का दावा किया और जनता का आभार व्यक्त किया।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा मैं रायबरेलीवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उत्तर प्रदेश में सीटें बढ़ने को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन की सीटें बढ़ने में कांग्रेस का कोई रोल नही है अगर मैं मानता हूं। इसमें सिर्फ और सिर्फ अखिलेश यादव का बहुत बड़ा रोल है। राज्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी जो कुछ भी है समाजवादी पार्टी के दम पर है। मैं नही मानता कि मैं राहुल गांधी से चुनाव हारा हूं अगर राहुल गांधी के अंदर दम है तो रायबरेली में अकेले मुझसे चुनाव लड़ें और जीतकर दिखाएं।

### एक साल जनता दर्शन नहीं करेंगे राज्यमंत्री

राज्यमंत्री ने कहा मैं एक साल छुट्टी पर रहूंगा। एक साल बाद मैं फिर से अपनी जनता के बीच आकर उनकी सेवा करूंगा और राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा वो सांसद के रूप में रायबरेली की जनता की सेवा करें।

# आर्यांशी ने बैसवारे का नाम किया रोशन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

नीट परीक्षा



आर्यांशी श्रीवास्तव।

**अमृत विचार।** बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा ने नीट परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बैसवारा वासियों सहित विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा आर्यांशी श्रीवास्तव ने नीट 2024 की परीक्षा में 720 में 706 अंक लाकर 473 कैटेगरी रैंक के साथ ऑल इंडिया 813 रैंक हासिल कर बैसवारा क्षेत्र की ख्याति को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा कर ग्रामीण अंचल में स्थित बीएमपीएस की महत्ता को दर्शाया है। इस मौके पर छात्रा आर्यांशी श्रीवास्तव ने बताया कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज से सत्र 2022-23 में इंटरमीडिएट की परीक्षा 95 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया था। स्कूल में पढ़ाई के समय शिक्षकों सहित खासकर प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह,प्रबंधक शांतनु सिंह,प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, प्राचार्य अभिषेक रंजन का भरपूर सहयोग मिला, जिन्होंने विद्यालय में अध्ययन के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई महसूस होने नहीं दिया। छात्रा ने बताया कि स्कूल की पढ़ाई के साथ खुद के परिश्रम व स्वाध्याय से ही उसने यह परीक्षा उत्तीर्ण किया है। वहीं, छात्रा ने कामयाबी का श्रेय मां अल्पना श्रीवास्तव व पिता दीपक कुमार को भी दिया। छात्रा की इस कामयाबी पर सहपाठियों, पारिवारिकजनों, बैसवारीजनों के साथ-साथ विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी विद्यालय के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

### शेखपुर समोधा के आकाश ने बढ़ाया माता-पिता का गौरव



आकाश मिश्रा।

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। विकास क्षेत्र खाले गांव मजरे शेखपुर समोधा के रहने वाले आकाश मिश्रा पुत्र वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफलतम प्रदर्शन पुराणिक 720 में 500 अंक प्राप्त करते हुए अपने माता-पिता एवं पारिवारिकजनों के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। इस मौके पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने पारिवारीजनों के साथ-साथ अपने सभी शुभचिंतकों एवं इष्ट मित्रों को भी दिया। उन्होंने कहा कि लगातार कोशिशों के पश्चात उनकी मेहनत और लगन काम आई, जिसका परिणाम उन्हें सकारात्मक रूप में प्राप्त हुआ। इसके लिए उन्होंने अपने माता-पिता परिवारीजन सहित अपने सभी शुभचिंतकों एवं इष्ट मित्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अचानक बढ़ा गंगा का जलस्तर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



गंगा में जलस्तर बढ़ने से गोकना गंगा घाट में डूबे पुरोहितों के तख्त।

**अमृत विचार।** नरौरा बैराज में गंगा में पानी छोड़ने का असर क्षेत्र के गंगा घाटों पर नजर आया है। अचानक 24 घंटे के अंदर करीब चार फिट गंगा में जल बढ़ गया है, जिससे गंगा तट और दो पाटों के बीच रेल ने लगे पुरोहितों के तख्त डूब गए।

कुछ दिन पूर्व नरौरा बैराज से गंगा नदी में पानी छोड़ा गया था। इसका अब असर नजर आया है। मंगलवार शाम से गंगा का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ है। बुधवार की सुबह गंगा नदी के किनारे रहने वाले लोग जब सोकर उठे तो मां गंगा का नजारा बदला हुआ था। एक दिन पहले जलस्तर कम होने के कारण लोग घुटनों तक जल से होकर गंगा के दो पाटों के बीच रेत में पहुंच जाते थे, वहां इतना पानी हो गया था कि बीच रेत में जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेन्द्र द्विवेदी, ओम प्रकाश आदि ने बताया कि बीते 24 घंटे में करीब 4 फिट गंगा का जलस्तर बढ़ गया है।

### डूब गए पुरोहितों के तख्त

गंगा में जलस्तर काफी कम होने से स्नानार्थी बीच गंगा की रेत में जाकर उस पार स्नान करते थे। इसलिए तीर्थ पुरोहित भी अपनी-अपनी तख्त गंगा के उस पार रेत लगाए थे। अचानक जलस्तर बढ़ने से पुरोहितों के तख्त डूब गए। बुधवार की सुबह पुरोहितों ने नाव की मदद से अपनी तख्त और सारा सामान गंगा से सुरक्षित बाहर निकाला है।

# वृट वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सुहाग का वरदान

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के गांवों में भी सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा धार्मिक आस्था के साथ की। महिलाओं ने घरों में मीठे पकवान बनाये व सजधज कर बरगद के पेड़ की छाया में विधि विधान से बृक्ष की पूजा अर्चना की। सूत की फेरियां बनाकर बृक्ष की परिक्रमा की। मीठे बरगद, पुवे, चने, मिठाई, फूल चढ़ाये व अपने अखण्ड सुहाग का आशीर्वाद मांगा। सुहागिनों का मानना है कि यह पर्व आदिकाल से उस महान नारी की स्मृति में मनाया जाता है जिसने अपने सतीत्व व विश्वास के बलबूते मृत पति को भी जीवन दान दिलाने में सफलता हासिल कर ली थी। यह पर्व नारी के अंदर छिपी हुई महान शक्ति का द्योतक है।

# राजेंद्र को मिलेगा डॉ श्रीकान्त पांडेय स्मृति सेवा श्री सम्मान

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



इन्हें मिलेगा स्मृति सेवा श्री सम्मान।

**अमृत विचार।** विगत 18 वर्षों से सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था प्रयास की ओर से वर्ष 2024 के सम्मान की घोषणा कर दी गई है। इस बार साहित्यिक और सेवा क्षेत्र से दो विशिष्ट सम्मान दिए जा रहे हैं। प्रयास के अध्यक्ष डॉ शिवकांत पांडे ने बताया कि इस वर्ष से सेवा और साहित्य क्षेत्र से दो नए सम्मान शुरू किए जा रहे हैं।

जिसके लिए निर्णायक मंडल ने तय किया है कि डॉ श्रीकान्त पांडेय स्मृति सेवा श्री सम्मान प्रसिद्ध समाजसेवी राजेन्द्र अवस्थी व साहित्य क्षेत्र से अमर बहादुर अमरेश साहित्य श्री सम्मान सेवा क्षेत्र से वरिष्ठ साहित्यकार डा भगवान प्रसाद उपाध्याय (प्रयागराज) को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान के लिए कई नामों पर विचार किया गया। जिसके बाद निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। संस्था के सचिव रजनीश पांडे ने बताया कि डा श्रीकान्त पांडेय स्मृति सेवा श्री से सम्मानित राजेन्द्र अवस्थी रायबरेली के निवासी हैं और पिछले 13 वर्षों से अनवरत लोगों को भोजन या अन्य सेवा मुहैया करा रहे हैं।

कोरोना में उनकी सहभागिता उल्लेखनीय रही है। अब तक वह लाखों असहाय और गरीब लोगों को भोजन, कंबल व अन्य जरूरत की चीजें उपलब्ध कराया है। इसके अलावा राजेन्द्र अवस्थी कई सामाजिक संस्थाओं में भी सक्रिय हैं। अपनी संस्था के माध्यम से वह नियमित बाबा अमरनाथ यात्रा की सुविधा भी भक्तों को उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा अमर बहादुर अमरेश स्मृति साहित्य श्री सम्मान प्रयागराज के वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय को दिया जा रहा है। डॉ उपाध्याय विगत 40 वर्षों से साहित्यिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अब तक कई कहानी, कविता और उपन्यासों का लेखन किया है। वह 39 वर्षो से प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका सहित्यञ्जलि प्रभा के संपादक है। इसके साथ ही वह एक दैनिक अखबार के भी प्रधान संपादक का दायित्व भी निर्वहन कर रहे हैं। प्रयास संस्था के सचिव रजनीश पांडे ने बताया कि संस्था द्वारा यह सम्मान प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डा श्रीकान्त पांडेय व प्रसिद्ध साहित्यकार अमर बहादुर अमरेश की स्मृति में दिया जा रहा है।

▸▸ **राजेन्द्र अवस्थी पिछले 13 वर्षों से अनवरत लोगों को भोजन या अन्य सेवा मुहैया करा रहे हैं।**

# पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने लगाया रंगदारी का आरोप

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पंचायत लालगंज के पूर्व अध्यक्ष एवं एआरडी इंफ्रा होम्स डेवलपर एंड कांस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर रामबाबू गुप्ता से एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। पूर्व अध्यक्ष ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री से करने की बात कही है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता ने बताया कि लालगंज-रायबरेली मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के निकट ब्लॉक के सामने उन्होंने 2 वर्ष पहले लगभग एक बीघा भूमि खरीदी थी। इस भूमि को वर्ष 1950 में जमीदार बरखंडी प्रताप नारायण सिंह ने कानपुर के रहने वाले मुसद्दीलाल के हाथ विक्रय किया था। मुसद्दी लाल ने उस भूमि पर चहारदीवारी बनाकर ऑयल मील समेत कर्मचारियों के रहने के लिए आवासों का निर्माण कराया था।

# आकाश के सात छात्रों ने नीट में रचा इतिहास

संवाददाता, रायबरेली



नीट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र, मौजूद शिक्षक।

**अमृत विचार।** शहर के शिक्षण संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के सात छात्रों ने नीट परीक्षा में शानदार अंक हासिल करके एक इतिहास रच दिया है। इन होनहार छात्रों को बुधवार को संस्थान की ओर से प्रोत्साहित किया गया।

इन छात्रों ने विश्व स्तर की बड़ी परीक्षा में 600 से अधिक अंक हासिल किया है। जिसमें देवांश गुप्ता ने 672, मोहम्मद आजम अंसारी ने 653, सुचिता सिंह ने 652, देवांश त्रिपाठी ने 641, अरशद खान ने 626, अमन पाल ने 604, अनामिका शर्मा ने 600 स्कोर अर्जित किया है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक, डा एचआर राव ने कहा कि हम छात्रों को उनकी अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से 20 लाख से अधिक छात्र एनईईटी 2024 के लिए उपस्थित हुए। उनकी उपलब्धि बताती है उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन के लिए हम अपने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# राहुल की जीत में रंग लायी पूर्व विधायक की मेहनत

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** राहुल गांधी कीशानदार जीत में पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल की मेहनत रंग लायी। जिसका परिणाम यह हुआ कि उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में कांग्रेस को एकतरफा वोट मिले है। ऊंचाहार नगर में मुस्लिम मतदाताओं का कांग्रेस की ओर समर्थन सभी को पता था, किंतु भाजपा को उम्मीद थी कि व्यापारी वर्ग साथ आयेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारी पर हमेशा की तरह कुंवर अजय पाल सिंह का जादू चला और नगर की हर बूथ पर कांग्रेस को शानदार सफलता मिली।वहीं, कुंवर के गांव अरखा और जसौली में कांग्रेस को एकतरफा वोट मिले है। जसौली गांव में भाजपा को मात्र 71 वोट मिले जबकि कांग्रेस को 445 वोट मिले है। उधर कोटरा बहादुर गंज, कल्याणी,जब्बारीपुर आदि गांवों में भी पूर्व विधायक की धमक चुनाव परिणाम में सुनाई दी है।

लोकसभा चुनाव

वर्ष 2019 में 38 .36 फीसदी वोट हासिल करने वाली भाजपा को इस बार 28 .6 फीसदी वोट मिले

# भाजपा की हार के साथ घटा पार्टी का मत प्रतिशत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में एमएलसी, सदर विधायक सहित पांच नगर पंचायतों की सीटों पर भाजपा की नुमाइंदगी है। भाजपा का जाल पूरे जनपद में बिछा है, कार्यकर्ताओं की लंबी चौड़ी फौज है बावजूद इसके इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा को जोरदार झटका लगा है, कही पर भी भाजपा उम्मीदवार मजबूत नहीं दिखाई पड़े। कांग्रेस के साथ सपा ने भी भाजपा को अपनी ताकत का एक बार फिर अहसास कराया है। कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में यादव व मुस्लिम के साथ दलित मतदाताओ ने एकतरफा मतदान किया।

यही वजह रही कि राहुल गांधी ने जहां बड़ी जीत दर्ज की है। कांग्रेस का इस बार 10.40 फीसद मत प्रतिशत बढ़ा है जबकि भाजपा को 10 फीसद मत प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी के सामने भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दिनेश प्रताप सिंह ने ही दावेदारी की थी।

दिनेश प्रताप सिंह ने सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन चुनाव में वह हार गए थे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान का 38.36 फीसदी वोट हासिल करने वाली भाजपा को इस बार 2024 के चुनाव में 28.6 फीसदी वोट हासिल हुए। यानी पिछली बार से तकरीबन 10 फीसदी कम मत प्रतिशत रहा। वहीं, पिछले चुनाव में 55.8 फीसद मत प्रतिशत हासिल करने वाली कांग्रेस को इस बार बड़ा इजाफा हुआ हुआ है, इस बार पार्टी का मत प्रतिशत छलांग लगाते हुए 66.2 फीसदी हो गया है।

### रनर और विनर के बीच रहा बड़ा मत फीसदी का अंतर

रायबरेली। इस बार रायबरेली का लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प रहा, लंबे के इंतजार के बाद भारतीय भारतीय जनता पार्टी सहित कांग्रेस ने ऐन मौके पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। जिसमें कांग्रेस से राहुल गांधी व भारतीय जनता पार्टी से दिनेश प्रताप सिंह चुनावी मैदान में रहे। दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदें रही कि वह इस बार माहौल को अपने पक्ष में कर लेंगे, लेकिन अपने मंसूबों पर कामयाब नहीं हो पाए। हालत यह हुई की इस बार भाजपा का मत प्रतिशत भी घट गया। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच 37 .6 फीसदी का लंबा अंतर रहा।

सदर विधायक - अदिति सिंह
नपं अध्यक्ष महराजगंज- सरला साहू
नपं अध्यक्ष शिवगढ़ - सुमन गौतम
नपं अध्यक्ष बछरांवा - शिवेंद्र सिंह
नपं अध्यक्ष डलमऊ - ब्रजेश दत्त गौड़
नपं अध्यक्ष ऊंचाहार- ममता जायसवाल

# पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के लिए क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आम लोगों के द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित करने के साथ-साथ प्रकृति एवं धरती को भी हरा भरा बनाने के लिए पौधरोपण किया गया। बच्चों एवं युवकों पर्यावरण के बारे में जानकारी भी दी गयी।

# ऊंचाहार में नहीं चल पाया मनोज का जादू

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली संसदीय सीट पर कांग्रेस के राहुल गांधी ने अपनी बड़ी जीत दर्ज कर राजनीति के जानकारों के कयासों को खारिज कर दिया है। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि रायबरेली गांधी परिवार का गढ़ रहा है और इस गढ़ को भेद पाना भाजपा के लिए इतना आसान नही रहेगा।

कांग्रेस के मुकाबले भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए बनाये गए समीकरण सब धरे रह गए। भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह द्वारा जिले के समीकरण साधने के लिए चले गए सारे पैंतरे रायबरेली के सियासी मैदान में टिक नहीं सके। सपा से बागी होकर भारतीय जनता पार्टी के नैया पार लगाने के लिए पूरा दमखम लगाने वाले ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे भी कांग्रेस की जीत को रोकने में सफल नहीं हो पाए।

मनोज पांडे समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं में रहे हैं लेकिन राज्यसभा चुनाव के दौरान बगावत करके उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के साथ ताल में ताल मिलाया था। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में जनसभा करने आए अमित शाह मनोज पांडे के घर गए थे और उस दौरान लम्बी राजनीतिक चर्चा हुई थी। एक सप्ताह के भीतर ही अमित शाह ने दोबारा रायबरेली का रुख करते हुए ऊंचाहार विधानसभा के जगतपुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया था और इस जनसभा के दौरान मनोज पांडे को पार्टी का पटका पहनकर पार्टी में शामिल कराया था। पार्टी में शामिल होते ही मनोज पांडे जिले भर के गांव में घूम कर बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को उनके ही विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा।

### इतने वोट मिले

ऊंचाहार विधानसभा में कांग्रेस को 134856 मत मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी को 52961 मत मिले। बसपा प्रत्याशी को 5599 जबकि नोटा को 1536 मत मिले।

▸▸ **अमित शाह ने मनोज पाण्डेय को कराया था पार्टी में शामिल**

# मानसून से पहले पशुओं को कराएं टीकाकरण

## 45 दिन तक चलेगा अभियान, लगभग 60 हजार पशुओं का हो चुका है टीकाकरण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मानसून के दिनों में पशुओं में कई तरह की बीमारियां फैलने लगती हैं। पशुपालन से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि मानसून से पहले पशुओं को टीकाकरण जरूर करा दें, क्योंकि इन दिनों पशुओं में मुंह पका, खुर पका और ब्रुसेला सहित गला घोंटू की बीमारी तेजी के साथ फैलती है।

जरूरी है कि पशुपालक अपने पशुओं को टीका लगवा दें, जिससे पशु स्वस्थ रहेंगे और अच्छा दुग्ध उत्पादन मिलेगा। रायबरेली में पशु पालन विभाग द्वारा बीते एक जून से लगातार टीकाकरण किया जा रहा है ये अभियान पूरे एक महीने तक चलना है। जिसमें 60 लाख 80 हजार पशुओं को टीकाकरण करने का लक्ष्य है। आपको बता दें मानसून से पहले पशुओं को पेट के कीड़े की दवा देने के साथ-साथ टीकाकरण भी करवा देना चाहिए क्योंकि बरसात के दिनों में गलाघोंटू और खुरपका जैसी बीमारियां पशुओं को अपनी चपेट में ले लेती है।

इन सभी बीमारियों का बेहतर उपाय यही है कि पशुपालक पशुओं को टीकाकरण करवा लें। इसके अलावा ब्रूसेला नाम की बीमारी भी बेहद घातक होती है। ब्रूसेला का टीका भी लगवाना भी बेहद जरूरी होता है। गौशाला सहित सभी पशुओं को ये टीकाकरण किया जा रहा है। अभी तक लगभग 60 हजार 500 पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है।

### राजकीय पशु चिकित्सालय में रोपे गए पौध

रायबरेली। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय पशु चिकित्सालय में पौधारोपण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा अनिल कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डा संजय सिंह, अटौरा पशु चिकित्साधिकारी डा पीएस निरंजन, मोबाइल वेटनरी यूनिट के जोनल मैनेजर रवि मिश्रा एवं पशु चिकित्सक डा अनिल कुमार सिंह, चीफ फार्मासिस्ट सदर अशोक कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।



पौधा रोपते मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार।

### पशु अस्पताल पर उपलब्ध है टीका

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा अनिल कुमार ने बताया कि चार महीने से कम के बच्चों और ध्यान रखें कि गाभिन पशु को टीका ना लगवाएं। अगर ऐसा करते हैं तो पशु का गर्भपात हो सकता है। वैक्सीन हर सरकारी पशु अस्पताल पर उपलब्ध है, क्योंकि टीकाकरण करवाने के बाद अगर पशु को बीमारी आती भी है तो उपचार के बाद राहत मिल जाएगी। पशु के मरने की संभावना बेहद कम हो जाएगी।

# जिला न्यायाधीश ने किया पौधरोपण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एडीआर सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सेशन हाउस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना द्वारा पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर जिला जज व सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि मानव और प्रकृति का गहरा नाता है, जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। प्रकृति मानव के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत कुछ देती है। बदले में मानव पर्यावरण दूषित करता है और प्रकृति का दोहन करता है, जिससे समय के साथ पर्यावरण व प्रकृति नष्ट होती जा रही है। कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी पर्यावरण बन सकता है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए 5 जून को हर साल पर्यावरण दिवस मनाते हैं। जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों के जीवन को बचाने और पर्यावरण प्रदूषण के



पौधरोपण करते जनपद न्यायाधीश व मौजूद अन्य। अमृत विचार

# बाग और बगीचों की शान वृक्षों की करें रक्षा

## बच्चों ने पौधे लगाकर लोगों से की पर्यावरण संरक्षण की अपील, पेड़ हमें देते हैं फल और छाया, पर्यावरण संतुलन में है अहम भूमिका

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत के शिवगढ़ कस्बा स्थित परशुराम आवास में निवास करने वाले समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले के बेटे राघव, बेटी सिद्धि, अंशी, वंशू ने पेड़ लगाकर पौधरोपण के प्रति संदेश दिया।

बच्चों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पेड़ हमें फल, फूल, छाया और हवा देते हैं। पेड़ घर आंगन, गांव और बाग, बगीचों एवं पार्कों की शोभा बढ़ाते हैं इन्हें काटे नहीं इनकी रक्षा करें। राघव ने बताया कि जब उनके दादा अंजनी दीक्षित उन्हे बताते हैं कि पेड़ों को खाद देनी है तो वह अपने हाथों से पेड़ों में खाद डालते हैं और खुरपी से गुड़ाई करते हैं ताकि पेड़ जल्दी तैयार हो जाए। उन्होंने बताया कि पेड़ बच्चों की तरह नाजुक होते हैं इसलिए उनकी बच्चों की तरह देखभाल करें। तभी पेंड़ बचेंगे और बड़े होंगे। केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में प्रथम कक्षा में पढ़ने वाले आर्यन ने अपनी छोटी बहन अग्रिमा के साथ मिलकर अपने बैंती स्थित आवास के सामने पेड़ लगाकर लोगों को पौधरोपण के प्रति संदेश दिया।



शिवगढ़ क्षेत्र में पौधरोपण करते बच्चे। अमृत विचार

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बड़ौदा यूपी बैंक के एम्प्लाइज यूनियन व सेवा निवृत्त समिति ने पौधरोपण किया। एम्प्लाइज यूनियन के महामंत्री विदित प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी विजेता सिंह के साथ पौधारोपण किया और सभी से पर्यावरण संरक्षण की अपील भी की। सेवा निवृत्त समिति के महामंत्री विनोद शुक्ल ने कहा कि पौध लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही भविष्य में सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौध लगाने और उनके देखरेख करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मानव ने अपने निजी स्वार्थों के चलते बड़े पैमाने पर पेड़ों का सफाया करता जा रहा है। नतीजा हम सबके सामने है। दुनिया महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, ग्लोबल वार्मिंग की मार झेल रहा है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेवारी न ली गई तो आने वाला कल बहुत भयानक होगा।



पत्नी विजेता सिंह के साथ पौधरोपण करते विदित प्रताप सिंह। अमृत विचार

# पृथ्वी को हरा-भरा रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : अरविंद



पौधरोपण करते प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के प्रभूटाऊन स्थित राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 21 छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि पृथ्वी को हरा भरा और प्रदूषण मुक्त रखना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा यद्यपि की पृथ्वी पर हरियाली को बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में हर वर्ष लगभग दो करोड़ों पौधे वन रेंज में लगाए जाते हैं, किन्तु समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कम से कम दस छायादार पौध लगाने एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प अवश्य लेना चाहिये।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कहा लगभग एक दशक से असंतुलित जलवायु परिवर्तन के कारण तेज गर्मी और भीषण ठंड पड़ रही है, जिसका संतुलन बनाए रखने के लिए धरती पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय की अनेको शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# आरेडिका में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इको कम जोगर्स पार्क में महाप्रबंधक पीके मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। पर्यावरण के प्रति समर्पित आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने आरेडिका के अस्पताल परिसर में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ पौधरोपण किया।

महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। पौधरोपण से जहां विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से मुक्ति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर साफ-सुथरे वातावरण का निर्माण होता है। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग का सुझाव दिया। भूमि की उर्वरा शक्ति को बढाकर मरूभूमि के विस्तार पर रोक लगाई जा सकती है। आज आरेडिका की पहचान एक हरित परिसर के रूप में हो रही है। वर्तमान समय में बढ़ती हुई ग्लोबल वार्मिंग में इस पौधरोपण के मायने समझ में आ रहे हैं कि पेड़ हमारे लिए कितने उपयोगी हैं।चीफ इंजीनीयर एसपी यादव, ने बताया कि आज अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, चितवन आदि के 2000 पौधों का रोपण किया गया। बरसात का मौसम प्रारम्भ होते सघन पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीईई हरीश चन्द्र सहित उच्चाधिकारी और कर्मचारियों ने पौधरोपण में सहभागिता की।



रेल कोच परिसर में पौधरोपण पर करते जीएम पीके मिश्रा। अमृत विचार

### पर्यावरण संतुलन के लिए रोपे फलदार पौधे

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेण्ड्री कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर कालेज परिवार ने पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण एवं पर्यावरण जन जागरण का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी ने विश्व पर्यावरण के विषय में बताया कि क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर को हमें स्वच्छ एवं इसका संवर्धन करना है। आज के समय में सभी भैतिकतावादी सोच के कारण हम पर्यावरण का दोहन तो करते है, लेकिन पोषण में पीछे हट जाते हैं जिसके कारण पर्यावरण में खतरनाक उतार चढ़ाव होते हैं। पेड़ लगाने के बजाय पैसे के कारण काट रहे हैं फलत: ऑक्सीजन की कमी तथा कार्बन डाई ऑक्साइड के स्तर में बढ़ोत्तरी देखी जा सकती है। हम छोटे-छोटे प्रयास जैसे ई वेस्ट तथा प्लास्टिक वेस्ट को डिस्पोज करें सौर ऊर्जा संयंत्र बढ़ायें। वर्षा का जल संचयन करें। सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट लगायें। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग प्लान्ट बढ़ायें। जैविक अपशिष्ट को खाद में बदलें। पौधरोपण नीम, पीपल, बरगद, बेल फलदार वृक्षों को अवश्य लगायें। अपनी अगली पीढ़ी को पर्यावरण को समृद्ध बनाने के लिए साथ लेकर चलें। इस अवसर पर पीआरओ राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अनिमेष मिश्रा, सुरेन्द्र प्रजापति, नीरू बाजपेयी, मंजू सिंह, अनुपम सिंह, लक्ष्मी सिंह, साधना सिंह, शालिनी सिंह, ज्योति जायसवाल, फातिमा, राधा शुक्ला, अमित सिंह, जय सिंह, आदर्श शुक्ला, अभिषेकराज त्रिपाठी, लवलेश सिंह, दिलीप गुप्ता, सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आराध्या की पेंटिंग ने जीता सभी का दिल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** कक्षा आठ की छात्रा आराध्या की पेंटिंग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी का मन मोह लिया। सोशल मीडिया पर उसकी पेंटिंग को सभी ने सराहा और उसके संदेश को भी सर्वत्र पसंद किया गया। नगर के गायत्री नगर निवासी अतीश साहू की पुत्री आराध्या की बुधवार को हर तरफ चर्चा रही।



पेंटिंग के साथ छात्रा आराध्या।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD RASHID RAZA KHAN पुत्र MOHD RAZA KHAN **निवासी- 1/14/14 हैसिला नगर सिविल लाइन अयोध्या** का रहने वाला हूँ अब मैंने अपना नाम बदल के MOHD RASHID KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसूचित करना है कि मेरे फ्लैट Excella Kutumb, C2- 101, Sultanpur Road, Lucknow दिनांकित- 20.02.2018 का मूल अलाटमेंट खो गया है. **-विभूति शर्मा पत्नी आलोक शर्मा, ई-98, कूर्मांचल नगर, लखनऊ.**

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 4143052 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **-सूरज तिवारी पुत्र श्री अरुण कुमार तिवारी छेदीपुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। **-जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सदाशिव पुत्र तुलसीराम, निवासी- ग्राम- अटकोहना, थाना-शारदानगर, लखीमपुर जिला खीरी,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमश: 01-सुनील कुमार 02-सतीश कुमार 03-प्रशांन्त कुमार 04 शिवांन्त कुमार पुत्रगण सदाशिव है। जिसमें मेरा मझला पुत्र सतीश कुमार व पुष्पा पत्नी सतीश कुमार, परिवार तथा सामाजिक कार्यो से विपरीत कार्य करते हैं तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है। वह दोनों उसके परिवार के साथ आये दिन मार पीट करते है तथा काफी नुकसान करते है भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **शोभनाथ त्रिवेदी पुत्र स्व0 बल्देव त्रिवेदी व श्रीमती रेखा पत्नी श्री शोभनाथ त्रिवेदी, निवासी-ग्राम गोविन्दपुर, थाना- सरेनी तहसील -लालगंज, जिला-रायबरेली,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमश: 01-कुलदीप कुमार, प्रशान्त कुमार व पवन कुमार त्रिवेदी सभी बच्चे सामाजिक व शान्ति प्रिय है जो अपने माता पिता का कहना मानते है और सम्मान करते है। चौथे पुत्र श्रवण कुमार का चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम **गुड्डा उर्फ सरोज कुमारी पत्नी स्व गयादीन है। मैं ग्राम कडरिया,पोस्ट खेखरुवा जनपद रायबरेली** की रहने वाली हूं, उक्त दोनों नाम मेरे ही है। मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति ने LIC में बीमा करवाया था जिसमें मेरा नाम सरोज कुमारी अंकित है। जब कि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम गुड्डा दर्ज है

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सुरेश गुप्ता पुत्र शिवप्रसाद गुप्ता, निवासी- खानपुर, सरेनी, रायबरेली,** सार्वजनिक सूचित करता हूँ कि मेरे आवास विकास वृन्दावन लखनऊ स्थिति प्लाट संख्या 8A/115 की मूल रजिस्ट्री प्रपत्र, आलटमेंट लेटर एवं पाजेशन लेटर वास्तव में खो गये है। मो- 07318236698

**सूचना**
सूचित हो कि मैं शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) पुत्र कलीमुद्दीन, निवासी- 100 उत्तरटोला पानी टंकी के पास बंकी पर0 व तह0 नवाबगंज, जिला- बाराबंकी, मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका लाइसेन्स नं0-UP41 20040027455 मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) लिखा हुआ है तथा आधार कार्ड में शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) लिखा हुआ है मेरा सही नाम शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) है जो सही व सत्य नाम है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) के स्थान पर शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) अंकित किया जाय।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरिहरपुर, वि.खं. मानधाता,प्रतापगढ़।**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024 - 25 दिनांक - 05.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग योजनांतर्गत वर्ष 2024 -25 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्न कार्य हेतु ग्राम पंचायत हरिहरपुर में पंजीकृत फर्मो द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक - 07.06.2024 से 08.06.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 08.06.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जाएगी। फर्मो का टिन नम्बर,पैन नम्बर एवं जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है। निविदा स्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.लागत |
|---|---|---|
| 1 | शौकत के घर से कब्रिस्तान तक खड़ंजा निर्माण | 2.53 लाख रूपये |

जरीना बेगम, ग्राम प्रधान
आर0एस0 यादव, जे0ई0एम0आई
रूचि वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-हरिहरपुर, वि.खं.- मानधाता जनपद- प्रतापगढ़

# बालाजी के भण्डारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता,शिवगढ़

**अमृत विचार,रायबरेली।** नगर पंचायत में शिवगढ़ कस्बा स्थित श्री बरखण्डी महाविद्यालय के सामने सेवानिवृत्ति पर्यवेक्षक डा रामलाल रावत, समाजसेवी जितेंद्र कुमार, एएनएम अंजू रावत द्वारा बालाजी के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। श्री रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात कन्याभोज से भण्डारे का शुभारम्भ किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। भण्डारे में पुण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। आयोजक रामलाल रावत व जितेंद्र कुमार ने भण्डारे में आए संभ्रान्त नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। रामलाल रावत ने बताया कि बालाजी की कृपा से भक्तों की हर बिगड़े काम बन जाते हैं जिनकी कृपा से ही भण्डारे का इतना सफल और भव्य आयोजन संभव हो पाया है। इस मौके पर शिवगढ़ सीएचसी स्टाफ के साथ मुन्ना सिंह, अवधेश शर्मा, रजनीश, अमन, रमन, मोहित, मानस, सूरज, मोनू, रत्नेश, सुमित, राहुल, भीम, मोनू सिंह, निलेश, देवेंद्र सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे।



भंडारे में शामिल भक्त। अमृत विचार

# नीम का पेड़ काटने पर केस

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव देवगांव में एक व्यक्ति ने ग्राम समाज की जमीन पर खड़े नीम के हरे पेड़ बुधवार को वन माफिया के हाथ बेच दिया। वन माफिया इन पेड़ों को अवैध रूप से काटकर लकड़ी भी उठा ले गया।

ग्राम प्रधान की शिकायत पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी, हल्का लेखपाल और पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय वन रक्षक सन्तोष तिवारी ने आरोप लगाया है कि देवगांव गांव में ग्रामसमाज की भूमि पर हरे नीम के पेड़ खड़े हैं, जिसके बगल में इसी गांव के संजय सिंह उर्फ विजय बहादुर सिंह की निजी भूमि है। संजय सिंह ने उक्त ग्राम समाज की भूमि पर खड़े नीम के हरे पेड़ों को अपना बताकर पड़ोसी गांव रूपखेड़ा निवासी ठेकेदार अरविन्द सिंह के हाथों बेंच दिया। इसके बाद अरविन्द सिंह ने ग्राम समाज की भूमि पर खड़े हरे नीम के पेड़ों को अवैध रूप से बुधवार को धराशाई करना शुरू कर दिया।

# राहुल की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



राहुल गांधी की जीत पर मुंह मीठा कराते ब्लाक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह।

**सरेनी, रायबरेली।** राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह ने कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व धूरेमऊ गांव के पूर्व प्रधान भीम सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष हरिश्चंद्र लोधी, बूथ अध्यक्ष मोहम्मद नईम आदि लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सपा और कांग्रेस के रणनीतिकारों ने लिखी तनुज की जीत की पटकथा

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकारों ने इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया की जीत की ऐसी पटकथा लिखी, जिसकी काट भाजपा के धुरंधर निकाल नहीं पाए। पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी भाजपा को भारी पड़ गई। यहां की जनता ने भी मोदी मौजिक को दरकिनार कर कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा जताया।

सपा और कांग्रेस के रणनीतिकारों की अगर बात करें तो पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप व राकेश वर्मा, विधायक सुरेश यादव, फरीद महफूज किदवाई व गौरव रावत के साथ चुनाव के दौरान कांग्रेस में शामिल पूर्व विधायक मीता गौतम और सपा व कांग्रेस के जिलाध्यक्षों ने बेहतर चुनावी चक्रव्यूह की रचना की जिसे भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत भेद नहीं सकीं। जिले की पांचों विधानसभाओं का शायद ही कोई कोना बचा हो, जहां की खाक सपा व कांग्रेस के इन नेताओं ने न छानी हो।

### डॉ. पुनिया ने निभायी चाणक्य की भूमिका



तनुज पुनिया के सिर पर जीत का ताज सजाने में जिसने चाणक्य की भूमिका निभाई, वह खुद उनके पिता व पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया रहे। तनुज को टिकट दिलाने से लेकर जिले के सभी सपा व कांग्रेस नेताओं को साधने में डॉ. पीएल पुनिया ने कसर नहीं छोड़ी। नाराजगी के बाद भी उन्होंने हर वर्ग व जाति के मतदाताओं का आशीर्वाद अपने पुत्र के लिए बटोरा।

### सपा-कांग्रेस जिलाध्यों ने निभायी अहम भूमिका



मो. मोहसिन



हाफिज अयाज

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपनी अपनी पार्टी के बूथ स्तर तक के नेताओं को एक साथ खड़ा करने में काफी अहम भूमिका निभाई। एक ओर जहां मो. मोहसिन ने जिले में कांग्रेस के निष्क्रिय हो चुके संगठन में जान फूंकी तो वहीं सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने भी अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को तनुज के समर्थन में लगा दिया।

### गोप ने सभी विस क्षेत्रों में लगायी चौपाल



पूर्व कैबिनेट मंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए पूरी ताकत झोंक दी। सभी ठाकुर नेताओं को एक साथ लाने से लेकर जिले के क्षत्रिय मतदाताओं का वोट तनुज पुनिया को दिलाने तक में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। जिले की सभी विधानसभाओं में उन्होंने चौपालें लगाईं।

### विधायक सुरेश ने घर-घर जाकर मांगे वोट



जिले की सदर विधानसभा से लगातार तीन बार के सपा विधायक सुरेश यादव ने तनुज के साथ कदम-से-कदम मिलाकर समर्थन जुटाया। गांव की हर एक गली में जाकर सुरेश यादव ने डोर-टू-डोर वोट मांगा। सुरेश यादव ने मुस्लिम मतदाताओं को भी तनुज के साथ लाकर खड़ा कर दिया। पिछले तीन विधानसभा चुनावों से भाजपा सुरेश यादव की काट नहीं ढूंढ़ पा रही।

### रामनगर में किदवाई ने बनाया माहौल



पूर्व मंत्री और वर्तमान में रामनगर विधानसभा सीट से सपा विधायक फरीद महफूज किदवाई ने अपने क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के पक्ष में अच्छा माहौल तैयार किया। सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में सामंजस्य बिठाकर उन्होंने अखिलेश यादव के विश्वास को एक बार फिर जीता। जिसका नतीजा रहा कि रामनगर से भी तनुज पुनिया ने एक बड़ी बढ़त हासिल की।

### विधायक गौरव रावत ने भी की मेहनत




जिले की पांचों विधानसभाओं की अगर बात करें तो तनुज पुनिया को जैदपुर से सबसे ज्यादा 1 लाख 61 हजार 986 वोट मिले। इस सीट से सपा विधायक गौरव रावत ने नतीजों से पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी कि तनुज पुनिया को सबसे ज्यादा वोट जैदपुर से ही मिलेंगे। तनुज पुनिया की जीत के लिए सपा विधायक गौरव रावत ने जबरदस्त मेहनत की।

### मीता ने वोटरों को गठबंधन के पक्ष में मोड़ा



लोकसभा चुनाव के दौरान बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुईं मीता गौतम ने दलित वोटरों को गठबंधन के पक्ष में मोड़ा। बसपामें 30 साल के अनुभव का इस्तेमाल उन्होंने तनुज को जीत दिलाने के लिए बखूबी किया। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया खुद उन्हें अच्छा चुनावी रणनीतिकार मानते हैं। ऐसे में सही समय पर उनका कांग्रेस में आना तनुज के लिये फायदेमंद साबित हो गया।

### राकेश ने कुर्सी से दिलायी शानदार जीत



पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया द्वारा पिता स्व. बेनी प्रसाद वर्मा के विरोध में दिये गए बयानों के वायरल होने के बाद पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कुर्मी मतदाताओं को तनुज के समर्थन में इकट्ठा कर दिया। अखिलेश यादव के सामने ही उन्होंने भरे मंच से जिले के कुर्मी नेताओं और मतदाताओं को साफ संदेश दिया कि किसी के बहकावे में नहीं आना है। राकेश वर्मा के प्रभाव से कुर्सी से जीत भी मिली।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के शुक्लनपुरवा मजरे हथौंधा निवासी रंजीत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए फेसबुक पर पोस्ट डाली। इसकी शिकायत चौकी हथौंधा प्रभारी से की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 23 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 23 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई की। चार अलग-अलग मामलों में वांछितों को गिरफ्तार भी किया।

### चोरों ने नकदी और जेवर पर साफ किये हाथ

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** शाहपुर भक्तन गांव स्थित एक घर से मंगलवार की रात चोर हजारों रुपये की नकदी व लाखों के जेवर उठा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी राममिलन पुत्र गयादीन परिवार सहित घर के बगल स्थित हाते में सोया हुआ था। रात्रि किसी समय आए चोर घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़े और फिर जीने से उतर कर पिछला दरवाजा खोल दिया। घर में घुसे और बक्सा उठाकर पड़ोस के खेत में ले जाकर ताला तोड़कर बक्से में रखी 15 हजार रुपये की नकदी के अलावा लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवर चुरा ले गए। सुबह उठने पर दरवाजा खुला मिला।

# बंकी, फतेहपुर व हैदरगढ़ में ओवरब्रिज का निर्माण प्राथमिकता : तनुज

## सरकारी महाविद्यालयों की होगी स्थापना, नवागत सांसद ने गिनायीं प्राथमिकताएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने वाले गठबंधन प्रत्याशी व कांग्रेस के युवा नेता तनुज पुनिया से अमृत विचार की टीम ने उनकी प्राथमिकता के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने बेबाकी से अपनी मंशा जाहिर की और जिले में विकास कार्य को प्राथमिकता देने की बात कही। नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने बताया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास रहेगा। सबसे पहले बंकी रेलवे क्रॉसिंग के साथ ही फतेहपुर और हैदरगढ़ क्रॉसिंग पर भी ओवरब्रिज का निर्माण और जिले में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना प्राथमिकता में है। जनता की हर समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश रहेगी। रही बात उनके उपलब्धता की तो प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को वह जनता के लिए विशेष रूप से मौजूद रहेंगे बाकी दिनों में भी जनता की समस्याएं उन तक पहुंचेंगी इसकी भी व्यवस्था करेंगे। जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरे उतरेंगे। इसके अलावा तनुज पुनिया ने किसानों के लिए मेंथा की फसल को वरीयता दिलाने की बात कही। आवास पर बधाई देने वालों का लगा तांताः अभूतपूर्व जीत के बाद तनुज पुनिया को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मिठाई तो कोई गुलदस्ता लेकर उनके आवास पहुंच रहा है।

### संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए लगाऊंगा सारी ऊर्जा : तनुज पुनिया




तनुज पुनिया को बधाई देने पहुंचे नेता व क्षेत्र की जनता।

बाराबंकी : अमृत विचार : हमारी ऐतिहासिक जीत संसदीय क्षेत्र की जनता की जीत है। यह जीत दिलाने वाली जनता, इंडिया गठबंधन के साथियों, कांग्रेस, सपा के नेता विधायकों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन, नगर पंचायत के चेयरमैन, सभासद, जिला पंचायत सदस्य, प्रमुख और पूर्व प्रमुखों के प्रति आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं कभी आपके भरोसे को टूटने नहीं दूंगा। संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सारी ऊर्जा लगा दूंगा। ये बातें नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने बुधवार को अपने ओबरी आवास पर कहीं। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि हमारे पिता डॉ. पीएल पुनिया को आपने 2009 में सांसद बनाया था। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में नये आयाम स्थापित किये थे। देवा रोड पर ओवर ब्रिज, घाघरा नदी पर 54 किलोमीटर का बंधा, 4 हजार से अधिक गावों में विद्युतीकरण, ट्रामा सेंटर, इंटर कॉलेज, जनपद में पोस्ते की खेती के बंद लाइसेंस को दोबारा चालू करवाना उनके ऐसे कार्य थे, जो जन मानस के हृदय पटल पर आज भी अंकित हैं। उन्होंने कहा कि मेंथा की खेती को कृषि का दर्जा दिलाकर डबल टैक्स से मुक्त कराना, एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर की स्थापना, सरकारी मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर को अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त कराकर चालू करवाना, बनी पॉलीटेक्निक में पठन पाठन का काम शुरू करवानाऔर जनता की समस्या का निराकरण प्राथमिकता होगी।

### देवा और महादेवा पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद





### पति की दीर्घायु को आज व्रत रखेंगी महिलाएं

**बाराबंकीः अमृत विचार :** पति की लंबी उम्र की कामना लिए गुरुवार को विवाहित महिलाएं वट सावित्री व्रत रखेंगी। इसको लेकर बुधवार की देर शाम तक महिलाएं पूजन सामग्री की खरीदारी करती रहीं। इसके लिए बांस का हाथ पंखा, चना, लीची, आम सहित अन्य फल व अन्य पूजन सामग्री की बिक्री स्थानीय बाजार में होती रही। वट वृक्ष की एक छोटी डाल 10 रुपये में मिल रही थी। अन्य पूजन व प्रसाद सामग्री की कीमतें भी चढ़ी रहीं। ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि वट वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान को लेकर पूजा की थी। इनके पूजन से प्रसन्न होकर यमराज ने इनके पति को पुनः जीवित किया था।

### विपक्षियों ने तीन महिलाओं को पीटा

**सूरतगंज, बाराबंकीः अमृत विचार :** घर की नाली को लेकर नौबस्ता गांव में दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। लाठी-डंडों से हुए हमले में एक पक्ष की तीन महिलाएं गंभीर रूप में घायल हो गईं। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दुर्गापुर नौबस्ता में बुधवार की दोपहर विवाद हो गया। यह विवाद भगीरथ व महादीन के मध्य नाली को लेकर हुआ। दोपहर को हुए झगड़े में विपक्षी महादीन, हरिलाल, सुरेन्द्र, महादेई सहित आधा दर्जन लोगों ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया। इसमें एक पक्ष के भगीरथ व उसकी पत्नी अनीता और सीमा पत्नी प्रवेश के साथ अनीता की बहन मीनू को चोटें आईं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर उपहार में दिये पौधे



उपहार में पौधे देते प्रबंधक के एसके वर्मा। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** मनुष्य के जीवन में पेड़-पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकृति के प्रति हर नागरिक को अपने दायित्वों का पालन कर पौधों को संरक्षित करना चाहिए। ये बातें नेशनल कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के प्रबंधक के एसके वर्मा ने संस्था के छात्र छात्राओं को पौधे वितरित करने के बाद कही। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक हुआ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एसपी ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश



पौधरोपण करते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने व उनके संरक्षण की अपील की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा.अखिलेश नारायण सिंह क्षेत्राधिकारी नगर जगत कनौजिया व क्षेत्राधिकार सदर सुमित त्रिपाठी मौजूद रहे।

### 355 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरेगी लॉर्ड बालाजी



मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप का दसवां मैच मानस क्रिकेट अकादमी और लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। बुधवार को पहले दिन टॉस जीतकर मानस क्रिकेट अकादमी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 90 ओवर्स में 9 विकेट के नुकसान पर 354 रन बनाए। अंशुल कपूर ने सर्वाधिक 112 रन, आकाश यादव ने 41 रन, यशवर्धन नेगी ने 46 रन, अभय सिंह ने 60 रन व अनिकेत सिंह ने 52 रन बनाए। लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी की तरफ से इरफान खान ने 4 विकेट, अजहरुद्दीन ने 2 विकेट, अभ्युदय सिंह व शिवेंद्र ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी की टीम 355 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरेगी। इस मौके पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव डॉ चौधरी अहमद जावेद, संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, आयोजक सचिव गौरव तिवारी, मुकेश, अदभुत सिंह, रंजीत उपस्थित रहे ।

### बूंदाबांदी ने खींची मेंथा किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें



खेत में कटने को तैयार मेंथा की फसल। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार :** बुधवार की सुबह क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी और बादलों की गड़गड़ाहट से मेंथा किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गयीं। वहीं लोगो को गर्मी से कुछ राहत मिली। इन दिनों क्षेत्र में किसान मेंथा की पेराई को लेकर युद्ध स्तर पर जुटे हैं। बुधवार की सुबह भीषण गर्मी के बीच हुई छिटपुट बूंदाबांदी और बादलों से ढके सूरज से आम लोगों को क्षणिक राहत जरूर मिली, लेकिन जैसे-जैसे सूरज सिर पर चढ़ने लगा पारा भी चढ़ने लगा। सुबह बदले मौसम के इस मिजाज से मेंथा किसान चिंतित हो गए। इस समय क्षेत्र में मेंथा की पेराई का कार्य किसान तेजी से करने में जुटे हैं। वहीं तमाम किसानों की मेंथा की फसल तैयार खड़ी है। ऐसे में अगर बारिश होती है, तो क्षेत्र के किसानों को उसका बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### साइबर टीम ने पीड़ित के खाते में वापस कराये पैसे

**बाराबंकी : अमृत विचार :** साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक लिंक भेजकर यूपीआई के माध्यम से हैदरगढ़ निवासी कुणाल कटियार के खाते से 17,799 रुपए पार कर दिये थे। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पीड़ित के खाते से फ्रॉड कर निकाली गयी पूरी धनराशि वापस करवाने के निर्देश साइबर थाने को दिए। साइबर पुलिस टीम ने पीड़ित के बैंक खाते में जालसाजी से निकाली गई धनराशि वापस करा दी।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को बीस साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः न्यायालय ने सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को बुधवार को 20-20 साल की कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दो वर्ष पूर्व थाना जैदपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने जैदपुर थाना क्षेत्र के निवासी मोहित व धीरेन्द्र के खिलाफ मारने-पीटने व दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल करने की तहरीर जैदपुर थाने में देकर केस दर्ज कराया था। विवेचक ने आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने दोषियों को 20-20 साल की कैद व 20-20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को चार साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के अभियुक्त को चार साल की कैद व 14 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। लगभग साढ़े पांच साल पहले पिता ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ मारपीट व गाली गलौज करने पर बदोसराय थाने में तहरीर देकर बदोसराय थाना क्षेत्र के कटोरा निवासी मारुति नन्दन पुत्र वंशीलाल के खिलाफ तहरीर देकर पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। उस समय विवेचक रहे उपनिरीक्षक जवाहर लाल द्विवेदी ने मामले की जांच कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की।

### हादसे में मां की मौत भाई-बहन घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक युवक और उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया।

थाना लोनीकटरा अंतर्गत त्रिवेदीगंज चौराहे के पास लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बुधवार को विपरीत दिशा से आ रहे थाना क्षेत्र के भिलवल निवासी मोटरसाइकिल सवार तीन लोग सामने से आ रही एक कार से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक शिवम शर्मा (29) और उसकी बहन शिवानी (20) के साथ उनकी मां संगीता गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चुनावी मैदान में हांफ कर बैठ गया हाथी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बसपा का हाथी हांफते हुए तीसरे नंबर पर पहुंचा। बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे की जमानत भी जब्त हो गई। कभी जिले को सांसद देने वाली बसपा का हाथी कहीं पर भी चुनाव लड़ता नहीं दिखा।



शिवकुमार दोहरे, बसपा प्रत्याशी।

वर्ष 2004 में जिले की इस लोकसभा सीट पर बसपा ने जीत का परचम लहराया था। इसमें कमला प्रसाद रावत ने राजनीतिक सफर में दूसरी बार सांसद बनने के साथ जिले में पहली बार बसपा को जीत दिलाई थी। इस चुनाव में बसपा को 1,96,368 मत मिले थे। इससे पहले कमला प्रसाद रावत 1984 में कांग्रेस के टिकट पर चुने गए थे। उसके बाद साल 2009 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रनर के रूप में बसपा रही थी। बसपा प्रत्याशी को 1,59,836 मत हासिल हुए थे। इसके बाद 2014 के हुए लोकसभा चुनाव में बसपा दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई। इस चुनाव में बसपा को 1,6,7150 मत से संतोष करना पड़ा था। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा सपा के साथ गठबंधन करते हुए चुनाव लड़ा था। लेकिन इसके बाद भी सपा प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से जीत नहीं सके थे। और दूसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन चुनाव में गठबंधन को जरूर 4,25,777 मत हासिल हुए। अब 2024 में हुए चुनाव में बसपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसमें बाहरी बसपा प्रत्याशी को मात्र 39177 मत ही मिले। बसपा का अपना वोट बैंक भी साथ नहीं आय। इस तरह बसपा का हाथी इस बार भी हांफ कर बैठ गया।

### लोकसभा चुनाव में बसपा का प्रदर्शन

| चुनाव प्रत्याशी | वोट |
|---|---|
| 2004 कमला प्रसाद रावत | 1,96,368 |
| 2009 कमला प्रसाद रावत | 1,59,836 |
| 2014 कमला प्रसाद रावत | 1,6,7150 |
| 2019 सपा से गठबंधन रहा | ----- |
| 2024 शिवकुमार दोहरे | 39,177 |

मिला चौथा स्थान | 8221 मतदाताओं को पसंद नहीं आया कोई भी प्रत्याशी

# नोटा ने सात प्रत्याशियों को दी पटखनी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाराबंकी लोकसभा सीट पर 13 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमायी। इस दौरान एक चकित करने वाला आंकड़ा भी सामने आया। इसमें सात प्रत्याशियों को अकेले नोटा (इनमें से कोई नहीं) ने पटखनी दे दी। मतदाताओं ने ताल ठोंक रहे सात प्रत्याशियों से ज्यादा नोटा का बटन दबाया और मतदान में नोटा 8221 मतों के साथ चौथे स्थान पर रहा।

निर्वाचन आयोग की ओर से साल 2009 के लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा (इनमें से कोई नहीं) को शामिल किया था। ताकि अगर मतदाताओं को उनके क्षेत्र के चुनाव लड़ रहे कोई भी प्रत्याशी समझ में न आए तो वह नोटा का चयन कर सकते हैं। जिले के 8221 मतदाता ऐसे रहे जिन्होंने सभी प्रत्याशियों को सिरे से खारिज कर दिया और नोटा का बटन दबाया। जबकि आवाम समता पार्टी के महेंद कुमार को मात्र 1190, बहुजन मुक्ति पार्टी के ओमवार को 1138, डां.भीमराव आंबेडकर दल के संतोष कुमार को 1078, सोशलिस्ट इंडियन पार्टी के रामगुलाम राजदान को 1493, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रेमचंद्र को 1076, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी की आशा देवी को 2020 मत मिले। जबकि निर्दल प्रत्याशी देवतादीन को 2173, निर्दल बाबूराम को 3669, रामलखन पासी को 2928, मिथिलेस कुमारी को 2321 मतदाताओं के ही मत मिले।

### दरियाबाद विधानसभा के 1719 वोटरों को पसंद नहीं आए प्रत्याशी




अयोध्या लोकसभा संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 1719 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। लोकतंत्र की जीत के लिए इन्होंने भीषण गर्मी में पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा (नॉन ऑफ द एबव) का बटन दबाया। इस सीट पर छोटे दल व निर्दलीय उम्मीदवारों से ज्यादा वोट नोटा के खाते में दर्ज किए गए। नोटा अयोध्या संसदीय क्षेत्र के 13 में से नौ प्रत्याशियों को शिकस्त देकर पांचवें स्थान पर काबिज रहा। इस विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 1,31,277, भाजपा के लल्लू सिंह को 1,21,183, बसपा के सच्चिदानंद को 6,220 तो अरविंद सेन को 1903 मत मिले। इसके बाद पांचवा नंबर नोटा का रहा।

# धूप में पशुओं को दिया जाता है सूखा चारा

संवाददाता, कोठी बाराबंकी

**अमृत विचार :** गौशाला में अव्यवस्थाओं का बोलाबाला है। जहां गर्मी में सूखा भूसा देकर नाम मात्र का चारा दिया जा रहा है। वहीं बिना टिन शेड के ही पशुओं को रख धूप में चारा खिलाया जाता है।

सिद्धौर के पश्चिम बेलाव में बनी गौशाला में 110 जानवरों को रखने के लिए व्यवस्था है। लेकिन जहां पशुओं को चारा दिया जाता है। वहां कोई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। इस भीषण गर्मी में धूप में पशुओं को सूखा भूसा चारा दिया जाता है। वहीं विद्युत कनेक्शन भी नही है। जनरेटर चलाकर सिर्फ सुबह शाम ही पानी पशुओ को मिलता है। वर्तमान में गौशाला में वहां 90 जानवर है। गौशाला की चहारदीवारी का निर्माण तो है लेकिन गर्मी से पशुओं का बुरा हाल है। पेड़ों की छांव भी वहां नाममात्र की भी नहीं है। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कि गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी।



पश्चिम बेलाव में बनी गौशाला का हाल।

## एक नजर

### आजाद की जीत पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नगीना लोकसभा सीट से चुनाव जीतने पर जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष वसीह हैदर एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव के मूड में दिखाई दे रही है। इसलिए चंद्रशेखर को जिताकर संसद में भेजा है। इस मौके पर सुनील कुमार, प्रदीप, विनीत कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई थी।

### सफाईकर्मियों को बांटे अंगौछे और ग्लूकोज

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला योजना समिति के सदस्य और गढ़ी कदीम वार्ड के सभासद मोहम्मद आलम ने सफाईकर्मियों को गर्मी और धूप से बचाव के लिए अंगौछे और ग्लूकोज के पैकेट वितरित किये। उन्होंने कहा कि किसी भी सफाईकर्मी को कोई दिक्कत हो तो वह तत्काल बताए।

### नशे में धुत युवक ने बर्फ बेचने वाले को पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जालौन जिले के ग्राम बीरपुर निवासी रिजवान ने जहांगीराबाद थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। उसका कहना है कि वह ग्राम बड़ा गांव में किराए पर कमरा लेकर रहता है। वह बर्फ बेचने जहांगीराबाद के ग्राम चचेरूवा गया था। वहां पर नशे में धुत एक युवक ने बर्फ दोबारा मांगी उसने इसका विरोध किया। इस पर युवक ने उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

### युवक पर जानलेवा हमले में 11 लोगों पर केस दर्ज

**मनकापुर, अमृत विचार :** रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 11 लोगों पर केस दर्ज किया है। गायत्री नगर की सपना ने दर्ज कराए मुकदमे मे कहा है कि उसका देवर विवेक मोहल्ले में ही अपने चाचा अन्नू तिवारी से मिलने जा रहा था। इस बीच पास घात लगाए बैठे रामनाथ समेत 11 लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

# लोकतंत्र सेनानी की पुण्यतिथि पर राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकतंत्र सेनानी पंडित कात्यायनी प्रसाद मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके पैतृक गांव में राज्यमंत्री सतीश शर्मा व अन्य लोगों ने पहुंचकर उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

पिपरिहा गांव निवासी वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी पंडित कात्यायनी प्रसाद मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी समाधि पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा समेत अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उनके बड़े पुत्र सुशील कुमार ने बताया कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने जब आपात काल लागू किया था तो उनके पिताजी को भी जेल भेज दिया गया था। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि मिश्र ने संघ और पार्टी के लिए जिस तरह से समर्पण भाव दिखाया वह कोई नहीं दिखा सकता। उनका जीवन हमेशा त्याग और बलिदान का प्रतीक था। इस मौके पर विनोद मिश्रा(पुत्र), अनुपम मिश्रा(पौत्र), चन्दन(पौत्र), विवेकानंद पांडेय, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव सहित परिवार व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले के 10 मेधावियों ने नीट में पायी सफलता

**दिखायी मेधा**

▶▶ साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के छात्र-छात्राओं का रहा दबदबा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः**



शिवम पटेल 660 अंक( | शाश्वत गुप्ता 653 अंक | अभिषेक वर्मा 645 अंक | हिमांशु द्विवेदी 640 अंक | हर्षिता वर्मा 639 अंक | अभिमन्यु वर्मा 629 अंक | देवांश शुक्ला 671 अंक | नैतिक जैन 678 अंक



अविरल जैन 686 अंक | सोम यादव 643 अंक

**अमृत विचार :** एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा आयोजित नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) में जिले के 10 मेधावियों ने इतिहास रचा है। नीट के घोषित परिणाम में साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के छात्र-छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखा। यहां के नौ मेधावियों ने 600 से अधिक अंक अर्जित कर अपनी मेधा साबित की। सफल हुए मेधावियों में अधिकतर मध्यमवर्गीय परिवार से जुड़े हैं। श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के छात्र शिवम पटेल ने 660 अंक मिले। यहीं के छात्र शाश्वत गुप्ता को 653, अभिषेक वर्मा को 645, हिमांशु द्विवेदी को 640, हर्षिता वर्मा 639 अंक व अभिमन्यु वर्मा को 629 अंक मिले। अधिकतर छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंधक नवनीत तिवारी व सुरेंद्र वर्मा को दिया। वहीं शहर के देवा रोड निवासी डॉ. राजकिशोर शुक्ल के पुत्र देवांश शुक्ला ने नीट में 671 अंक प्राप्त किये। दरियाबाद के मोहल्ला सरावगी निवासी पद्म जैन के पुत्र नैतिक जैन ने 720 अंकों में से 678 अंक हासिल किये। मोहल्ला छिपी निवासी बीना जैन के पुत्र अविरल जैन ने 686 अंक अर्जित किये। माती के डुबकी पुरवा निवासी सोम यादव ने 643 अंक प्राप्त किये। अर्जित कर परिवार व गांव का नाम रोशन किया।

**सर्जन बनकर देश की सेवा करेगें देवांश**

देवा रोड के मोहल्ला आनंद नगर निवासी देवांश शुक्ला सर्जन बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। देवांश की माता स्वाति शुक्ला गृहणी व पिता. डॉ राजकिशोर शुक्ला शिक्षक हैं। देवांश का कहना है कि उनके पिता शुरू से ही उन्हें चिकित्सक बनाना चाहते थे। उन्होंने नियमित सात से आठ घंटे पढाई कर परीक्षा उत्तीर्ण की।

# डीएम ने शुरू किया नो योर ट्रीज अभियान

## अपने आवास पर बरगद के वृक्ष के समक्ष साइनेज बोर्ड का किया अनावरण, विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

**विश्व पर्यावरण दिवस**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



अपने आवास पर लगे बरगद के वृक्ष पर साइनेज बोर्ड का अनावरण करते डीएम।



पौधरोपण करते डीएफओ।

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन की मौजूदगी में नो योर ट्रीज (अपने पेड़ को जानें) अभियान शुरू किया। डीएम ने इस अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी आवास परिसर स्थित बरगद के वृक्ष के समक्ष इसकी विशेषताओं को उल्लिखित करते हुए साइनेज बोर्ड का अनावरण कर की। इस साइनेज बोर्ड में बरगद के वृक्ष की विशेषताएं एवं उससे जुड़े हुए तथ्य उल्लिखित हैं।

पहले चरण में तीन स्थानों जिलाधिकारी आवास, पुलिस लाइन परिसर और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित चार पुराने विरासत वृक्षों के समक्ष साइनेज बोर्ड लगाए गए। इन साइनेज बोर्ड से आम जनमानस वृक्ष के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नो योर ट्रीज अभियान के तहत जिले में स्थित 30 वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों के समक्ष उस वृक्ष का नाम एवं उसके बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने वाले क्यूआर कोड सहित पट्टिका लगायी जाएगी। यदि नागरिक अपने आसपास ऐसे किसी वृक्ष पर साइनेज बोर्ड (पट्टिका) लगवाना चाहें तो बाराबंकी वन प्रभाग के कंट्रोल रूम के फोन नंबर 05248-222526 पर जानकारी दे सकते हैं।

वन विभाग द्वारा शहर के 12 विरासत पेड़ों को चिह्नित करते हुए उन पर क्यूआर कोड लगाया गया। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि साइनेज बोर्ड के माध्यम से लोग उस वृक्ष के बारे में जान पाएंगे। अभी प्रथम चरण में यहां शहर और पूरे जनपद के 30 वर्ष से अधिक उम्र के पेड़ हैं उन पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। डीएफओ आकाशदीप बधवान ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रति आदमी के हिसाब से 122 पेड़ होने चाहिए। इस हिसाब से जितने भी हमारे 30 साल से पुराने पेड़ हैं उन्हें इस मुहिम में लिया जाएगा और उन पर एक विरासत वृक्ष के रुप में क्यूआर कोड लगाया जायेगा। डीएफओ आकाशदीप बंधवान ने आगे बताया कि स्पेशली यूथ हमारे मोबाइल बहुत यूज करते हैं, तो इस क्यूआर कोड से उन्हें सारी इनफार्मेशन मिल पाएगी।

वहीं पर्यावरण दिवस पर एक अन्य कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने जिला कारागार परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण काफी तेजी से फैल रहा है, इस वजह से हमारी प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के लिए जागरूक करने हेतु पर्यावरण दिवस को मनाया जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार जेलर आलोक शुक्ला आदि मौजूद रहे। वहीं टीम पर्यावरण प्रहरी के सदस्य डीके शुक्ला,जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, रामलल्लन,लवलेश पांडेय आदि लोगों ने सतरिख क्षेत्र के सराय अकाबराबाद गांव समीप रेठ नदी के किनारे खाली पड़ी भूमि पर आंवला, बेल, नीम, आम, अमरुद ,आदि फलदार एवं औषधीय पौधे रोपित किए तथा पौधों को रोपित करने के उपरांत उन्हें सुरक्षित भी किया गया।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष जुलाई माह में टीम पर्यावरण प्रहरी द्वारा जिले में 2000 निःशुल्क पौधे रोपित किए जाएंगे। इसी तरह कपिल मुनि योगाश्रम शिव मंदिर पल्हरी में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के संयोजन में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी हुई। सभी को फलदार पौधे वितरित किये गए और पौधों को रोपित कराया गया। जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव द्वारा पौधों की व्यवस्था कराई गई।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने अटल उद्यान का किया निरीक्षण



अटल उद्यान का निरीक्षण करते रामनगर नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक।

**रामनगर बाराबंकी,अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने बुधवार को नगर में स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण किया और पार्क की दशा को सुधारने के निर्देश दिए। तहसील से अस्पताल जाने वाले मार्ग पर स्थित लाखों रुपए की लागत से अटल उद्यान में पौधरोपण कराने एवं चारों तरफ बैरकेडिग कराये जाने का उन्होंने निर्देश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जल निकासी हेतु प्रस्तावित नाली का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, अशोक सिंह, पुजारी तिवारी आदि उपस्थित थे।

### दादा की याद में पौत्र ने लगाया पौधा



पौधा लगाते भाजपा किसान मोर्चा के आशीष वर्मा। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला पर्यावरण समिति के सदस्य व जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा आशीष वर्मा के पुत्र रूद्र वर्मा रौनक ने अपने दादा जयकरननाथ वर्मा व दादी रूपरानी वर्मा की स्मृति में अशोक के दो पौधे लगाए। समाजसेवी ऋषि वर्मा, रजत, मनोज रावत, अजीत, रिंकू वर्मा ने सहभागिता की। वहीं मसौली थाने पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने जामुन का पौधा लगाया।

### महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला सफाईकर्मी

**सतरिख, बाराबंकी :** ब्लॉक कार्यालय के शौचालय में बुधवार की दोपहर सफाईकर्मी एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला। लोगों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इस बीच मौके पर पहुंचे महिला के पति ने पत्नी को भी पीटा। शाोरगुल सुनकर करीब आधा दर्जन ग्राम प्रधानों के साथ कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। कुछ अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने कक्षों से निकलकर बाहर आ गए। इस दौरान सफाईकर्मी मौका पाकर भाग निकला।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**देवा , बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों को सीएचसी देवा लाया गया। यहां से दो घायलों की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना कुर्सी के काजीपुरा निवासी मोहम्मद हलीम और उसका भाई दानिश देवा से बाइक से घर जा रहे थे। तभी देव कुर्सी मार्ग पर तगाजीपुर गांव के पास सामने से आ रहे लवकुश पुत्र भगोले निवासी उमरी थाना मोहम्मदपुर खाला की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मितई और देव कोतवाल अनिल कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी देवा भिजवाया जहां से डॉक्टर ने मोहम्मद हलीम और लवकुश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जबकि दानिश का इलाज किया जा रहा है।

# टीआरसी लॉ कॉलेज में रोपे गए पौधे

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



पौधा रोपते मुख्य अतिथि व कालेज परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में ग्लोबल वार्मिंगः कारण, प्रभाव एवं बचाव विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूनियन बैंक आफ इण्डिया नाका पैसार शाखा के मैनेजर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में बैंककर्मी भी शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की।

कार्यशाला में विधि महाविद्यालय के प्रवक्ता डा. मंजय यादव ने पर्यावरण के लिए हानिकारक गैसों के प्रभाव, पौधों का संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग के कारणों तथा उनके बचाव के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए उनसे पौधे लगाने व उनके संरक्षण की अपील की। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते दुष्प्रभाव के रोकथाम हेतु विधि महाविद्यालय की जाह्नवी यादव, अणिमा मिश्रा, आदित्य नारायण जायसवाल एवं प्रवक्ता अंकित मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार, अवनीश शर्मा आदि ने अपने प्रपत्र प्रस्तुत किए। कार्यशाला का संचालन प्रवक्ता श्रद्धा त्रिवेदी ने किया तथा सांस्कृतिक समन्वयक डा. दीपमाला श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

कार्यशाला के पश्चात टीआरसी विधि महाविद्यालय के परिसर में यूनियन बैंक आफ इण्डिया के मैनेजर केके वर्मा, अनीता वर्मा, ज्योति अग्रवाल, शुभम विश्वकर्मा तथा विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी एवं समस्त प्रवक्ता, छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे रोपित किए गए। कार्यशाला के अन्त में प्रबन्धक डा. चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर विधि महाविद्यालय के प्रवक्ता नवीन सिंह, अमजद अंसारी, वीर विक्रम सिंह व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# तीन के खिलाफ अपहरण का केस

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ के एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में गुमशुदगी दर्ज हुई थी मगर अब पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के पलका गांव निवासी खुशनुमा बानो ने मंगलवार को देवा पुलिस को तहरीर देकर अपने पति जसीम खान के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस गुमशुदगी लिख कर मामले की जांच कर रही थी। लेकिन महिला ने बुधवार को पति के अपहरण की तहरीर दे दी। महिला के मुताबिक उसका पति जसीम बीते तीन मई को सुबह 11 बजे देवा कोतवाली क्षेत्र के मित्तई गांव गया था। जहां पर गुडंबा थाना क्षेत्र के ही कौड़ियामऊ तकिया गांव के निवासी शाहरुख, सलीम और इसी गांव के शाहिद अली ने उसके पति जसीम का अपहरण कर लिया है।

# सरकारी कार्यालयों में के कार्यों में आयी तेजी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मतगणना के दूसरे दिन चुनाव परिणाम आ जाने के बाद सरकारी कार्यालयों में फरियादियों की आमद दिखाई देने लगी। अधिसूचना खत्म होते ही चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहले की तरह अपने-अपने दफ्तरों में बैठकर लंबित कामों को निपटाने का काम शुरू कर दिया।

एक लंबे समय बाद विकास भवन में फिर से रौनक लौट आई। जिले का मिनी सचिवालय कहे जाने वाले विकास भवन में बुधवार को लगभग अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी मौजूद दिखे। विकास भवन में बुधवार को अधिकारियों ने दूर-दूर से आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। लंबे समय तक चुनाव की व्यवस्था में लगे हुए अधिकारियों के कार्यालय में मौजूद न होने की वजह से तमाम कार्य रुके हुए थे।

कर्मचारियों ने सरकारी दफ्तरों में फाइलों व जरूरी पत्रावलियों को संबंधित अधिकारी के टेबल पर रखीं। चांहे सड़कों का निर्माण हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़कों का निर्माण हो या पेयजल आपूर्ति सभी दफ्तरों में अधिकारियों व कर्मचारी कार्यों में मशगूल दिखे।

नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने भी मानसून की आहट को देखते हुए साफ सफाई व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है तो वहीं स्वास्थ्य महकमें ने भी संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने के लिए बैठक कर की गयी तैयारियों की समीक्षा की।

# चार घंटे में बिक गए 12 हजार के लड्डू

**बारबंकी, अमृतविचार :** इंडिया गठबंधन से चुनाव जीते कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के आवास पर लोगों का बुधवार सुबह से ही तांता लगा रहा। पुनिया के आवास पर आने वाले लोगों को लड्डू खिलाया गया। डीएम आवास के सामने स्थित मिठाई की दुकान से चार घंटे में ही 12 हजार रुपए के लड्डू खरीदे गए। फूल माला की दुकान करने वाले माली ने बताया कि पांच हजार की माला और बुके चार घंटे में बिक गए।


## कार्यालय नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी

पत्रांक: 90 / दा0खा0 / आपत्ति / न0पं0रा0 / 2024 दिनॉक – 03 जून, 2024

**नामान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदनो का विवरण**

नगर पंचायत रामनगर जनपद बाराबंकी में निम्नलिखित प्रकरणो में नामान्तरण (दाखिल–खारिज ) की कार्यवाही प्रस्तावित है, किसी भी प्रकरण में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, वाद मुद्दत समाप्ति के उपरान्त प्राप्त हुए किसी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा नियमानुसार नामान्तरण (दा0खा0) की कार्यवाही कर दी जायेगी। **प्रस्तावित प्रकरण की सूची निम्न प्रकार है।**

**पंजीकत बैनामा / दानपत्र / वसीयतनामा / वरासत के आधार पर**

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति के स्वामी का नाम व पता | जिसके नाम नामान्तरित होना है, का नाम व पता | भवन/प्लाट जहाँ स्थित है। | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बृजपाल सिंह पुत्र स्व0 रमेश बख्श सिंह नि0ग्राम कजियापुर, पो0 सूरतगंज, परगना मोहम्मदपुर, तहसील रामनगर, बाराबंकी। | श्रीमती बिन्दू पत्नी विकास तिवारी नि0मो0 कादिराबाद (केसरीपुर) कस्बा व पोस्ट व परगना रामनगर, व तहसील रामनगर, बाराबंकी | गाटा सं0–1438मि0 /0.379 हे0 मे से 0. 0078 हे0 स्थिति रामनगर खास मो0 धमेडी–2. नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी । | पूरब–प्लाट दीगर पश्चिम– प्लाट नीलम यादव उत्तर– कच्चा रास्ता दक्षिण– खेत प्रमोद आदि ( जरिये बैनामा) |
| 2 | दुर्गाशंकर शुक्ल पुत्र शिवगोविन्द शुक्ल व कान्ती शुक्ला पत्नी स्व0 दुगाशंकर शुक्ल नि0मो0 धमेडी–3, न0पं0 रामनगर, बाराबंकी । | संजय शुक्ल व अजय शुक्ल पुत्रगण स्व0 दुर्गाशंकर शुक्ल नि0 वार्ड धमेडी–3 न0पं0 रामनगर, बाराबंकी । | मकान सं0–63,44, 45 / बी0 स्थिति मो0 रामनगर व मकान सं0– 18 स्थिति मो0 कादिराबाद न0पं0 रामनगर, बाराबंकी | जरिये वरासत । |
| 3 | राजेन्द्र सिंह रैकवार पुत्र स्व0 विजय सिंह नि0 अमरसदन, कस्बा व परगना व तहसील रामनगर, बाराबंकी अस्थायी पता अलकनन्दा सी0–3, 4फ्लोर, 16ए, नापअन सी रोड कैटगरा हाउस समोर, नापेअन सी रोड मुम्बई महाराष्ट्र | वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामअवतार नि0मो0 रामनगर–3 नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। | गाटा सं0–377 / 0.284 हे0 मे से0 0. 0076 हे0 स्थिति रामनगर खास मो0 तिपडिया पंचायत रामनगर, बाराबंकी । | पूरब–प्लाट आशा देवी पश्चिम– कच्चा रास्ता 21 फिट उत्तर– प्लाट प्रथम पक्ष दक्षिण– प्लाट राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ( जरिये बैनामा) |
| 4 | नूरजहाँ पत्नी स्व0 सफात नि0मो0 रामनगर–3, न0पं0 रामनगर, बाराबंकी। | मो0 अहमद व शमशाद अहमद पुत्रगण सफात अली रामनगर, नि0मो0 रामनगर–3, नं0पं0 रामनगर, बाराबंकी। | मकान सं0–308 स्थिति मो0 / वार्ड रामनगर –3,नं0पं0 रामनगर बाराबंकी । | जरिये वरासत |

**अधिशासी अधिकारी,** नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी


**अपील** रामसनेहीघाट वन क्षेत्र के कमियार वन में इस बार रोपे जाएंगे 1.29 लाख पौधे

# अपने जन्मदिन पर जरूर लगाएं एक पौधा : दिवाकर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रामसनेहीघाट क्षेत्र के नारायणपुर नर्सरी पर आयोजित एक गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे के दिवाकर ने वृक्षों की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि अपने-अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगायें और वृक्षों के साथ नदियों की भी सुरक्षा स्वयं करें।

उन्होंने बताया कि रामसनेहीघाट वन क्षेत्र के अंतर्गत कमियार वन में 81 हेक्टेयर की जमीन पड़ी है। इसमें इस बार पौधरोपण के दौरान 1,29,600 पौधे लगेंगे। कार्यक्रम में आसिफ, जगजीवन, ओपी यादव, ऋषभ शर्मा, प्रवीण आदि मौजूद रहे। वहीं रामनगर के ग्राम पंचायत लोधौरा के बखारेपुरवा स्थित साई मंदिर परिसर में पौधरोपण के दौरान डीएफओ आकाश बधावन ने कहा कि मानव जीवन में पेड़ पौधों का बहुत महत्व है। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने को प्रेरित किया। वहीं तहसील क्षेत्र हैदरगढ़ अंतर्गत सदर नर्सरी पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव ही नहीं। इस मौके पर वन दरोगा अनुज सिंह के साथ परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे भी रोपित किए और धरा को हरा भरा रखने का संदेश दिया। डिप्टी रेंजर उमेश, अभय,सुमित शैलेंद्र, रामविलास , राहुल मौजूद रहे।

### अफसरों ने किया पौधरोपण

हरख ब्लॉक के वन क्षेत्र अधिकारी कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभाग के अफसर के द्वारा पौधरोपण किया गया। वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने टीम के साथ कार्यालय परिसर में आम, नीम, आंवले के पौधे रोपे। इस मौके पर वन दरोगा सचिन पटेल, रामदेव, वनरक्षक सीमा गौड़, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।



मसौली थाने में पौधरोपण करते प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह।

## एक नजर

### प्रत्याशी कल जमा करें चुनाव खर्च विवरण

अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को कल सात जून को चुनाव खर्च जमा करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अपना निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप पर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराया जाना अनिवार्य है। इसमें असफल होने की दशा में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 (क) के अधीन कार्यवाही व दण्ड की व्यवस्था है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को नामांकन तिथि से निर्वाचन परिणाम घोषणा की तिथि तक निर्वाचन व्यय लेखा जमा कराने के लिए सात जून को सुबह 10 बजे जिला पंचायत भवन में बुलाया है। उन्हें अपने साथ रजिस्टर, सभी बिल/वाउचर और बैंक स्टेटमेंट के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। जिससे समय से लेखा मिलान कार्य किया जा सके।

### बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज गुरुवार को संपन्न होगा। शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकार आशीष निगम, कोतवाल रुदौली देवेंद्र सिंह ने बुधवार को तहसील पहुंचकर चुनावी गतिविधि का जायजा लिया। एल्डर्स कमेटी के चेयर मैन साहब सरन वर्मा व चुनाव अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। आज बृहस्पतिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बजे तक मतदान होगा।इसके बाद दोपहर तीन बजे मतों की गिनती शुरू की जाएगी।गिनती पूरी होने के बाद परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

# अयोध्या धाम में कोड युक्त दो हजार ई-रिक्शे ही चल सकेंगे

## टेढ़ी बाजार चौराहे पर चालकों के प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या धाम में बुधवार को ई-रिक्शा चालक रामपथ पर संचालन की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। आक्रोशित सैकड़ों चालकों ने टेढ़ी बाजार चौराहे पर पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। इलेक्ट्रिक बस और गोल्ड कैफे के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग की। काफी देर तक चले हंगामे के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। मान-मनौव्वल का दौर शुरू हुआ तो चालकों ने अपनी मांगें सामने रख दीं। इसके बाद अयोध्या धाम में कोड युक्त दो हजार ई-रिक्शों के संचालन की अनुमति मिलने के बाद आक्रोश शांत हुआ। इसके साथ ही कई मुद्दों पर प्रतिबंधित भी किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ ही रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगा दी गई थी। रिक्शों की बढ़ती संख्या के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। आज प्रदर्शन के बाद सीओ आशुतोष मिश्रा, कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार, देवेंद्र पांडेय और यातायात प्रभारी अभिमन्यु कुमार ने ई-रिक्शा चालकों से वार्ता की। कई बिंदुओं पर सहमति बनी।



टेढ़ी बाजार चौराहे पर प्रदर्शन करते ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार



थाना राम जन्मभूमि में ई-रिक्शा चालकों से वार्ता करते पुलिस अधिकारी।

### इन शर्तों पर संचालन की होगी अनुमति

- रामपथ पर श्रीराम अस्पताल से पुराना डाकखाना के बीच ई-रिक्शा संचालन प्रतिबंधित रहेगा।
- सहादतगंज से श्रीराम अस्पताल और लता चौक से पुराना डाकखाना चौराहे तक ही संचालन होगा।
- संचालन के दौरान सभी मानकों को पूरा करना होगा। जिसमें कोड युक्त ई-रिक्शा, वाहनों पर चार से अधिक सवारी नहीं, रेट लिस्ट और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जरूरी।

### अयोध्या के बाहर के ई-रिक्शे नहीं चलने दिए जाएंगे

यातायात प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों के बीच संचालन के लिए बुधवार को मानकों को तय किया गया है। प्रतिबंधित मार्ग पर ई-रिक्शा दिखाई दिया तो सीज किया जाएगा। अयोध्या के पंचकोसी परिक्रमा के अंदर रहने वाले निर्धारित 2000 ई-रिक्शा को कोड युक्त किया गया है। उन्हीं का संचालन होगा। कई महीनों से अयोध्या में कुमारगंज, रुदौली, मिल्कीपुर, गोसाईगंज, और गोंडा जिले से जुड़े कटरा, नवाबगंज, बस्ती के परसरामपुर क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में ई-रिक्शे अयोध्या में संचालित हो रहे हैं। पुलिस कार्रवाई कर रही है। अब तक 300 से अधिक चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### पुलिस कर रही ई-रिक्शा चालकों पर अत्याचार

ई-रिक्शा संचालक अभिषेक निषाद का आरोप है कि अयोध्या में आए दिन अत्याचार हो रहा है। मनमाने ढंग से रास्ता बंद कर दिया जाता है। चौराहों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी रास्ते से गुजरने के लिए पैसे मांगते हैं। यदि हमारे पास होता तो ई रिक्शा क्यों चलाते। इस तरह से जबरन पैसा वसूली की जा रही है। नहीं देने पर चालान कर दिया जाता है।

### रसीद कटाते हैं, इलेक्ट्रिक बसों पर भी लगे प्रतिबंध

ई-रिक्शा यूनियन के नेता पवन तिवारी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों से वार्ता में ई-रिक्शा के संचालन पर कुछ स्थानों के लिए सहमति बनी है, लेकिन अभी हमारी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। नगर निगम 25 रुपये की टोकन रसीद काट रहा है। इसके बावजूद हमें चलने की अनुमति है। हमारे लिए प्रतिबंधित मार्ग पर भी इलेक्ट्रिक बस और ठेका गाड़ी चलाई जा रही है। इसे भी बंद किया जाना चाहिए।

## विश्वविद्यालय की परीक्षा में सात नकलची दबोचे

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा में बुधवार को तीन पालियों में 75875 परीक्षार्थियों में से 1043 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल की सघन तलाशी अभियान में सात परीक्षार्थी नकल करते हुए धरे गए। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली में 23307, द्वितीय पाली में 24212 व तृतीय पाली में 28356 परीक्षार्थी शामिल रहे। जिनमें क्रमशः 161, 315 एवं 567 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# दो माह में दिखेगा राम जन्मभूमि परिसर का बदला स्वरूप

अयोध्या कार्यालय



ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से मुलाकात कर कार्यशाला से बाहर खड़े विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य।

▶▶ श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य ने किया निरीक्षण

अमृत विचार : दो महीने पहले अयोध्या में आया था। आज मंदिर निर्माण कार्य को देखने के लिए आया हूं। मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। अगले दो महीने में बहुत कुछ बदला स्वरूप नजर आएगा। ये बातें बुधवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य ने कहीं। वो राम जन्मभूमि परिसर में हो रहे मंदिरों के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद रामघाट क्षेत्र स्थित ट्रस्ट कार्यालय में महासचिव चंपत राय से मुलाकात कर आगामी तैयारी की जानकारी भी ली।

# सीवर कनेक्शन से जुड़ेंगे 28 हजार घर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अमृत योजना के तहत दूसरे चरण में 274 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से अयोध्या कैंट और धाम के करीब 28 हजार घरों को सीवर कनेक्शन का लाभ मिल सकेगा। बताया गया है कि सीवर लाइन बिछाने के लिए शुरू हुआ प्रथम चरण का काम एक माह में पूरा हो जाएगा।

अमृत योजना के दूसरे चरण में अयोध्या कैंट के कौशलपुरी, रामनगर, खोजनपुर, नाका, जनौरा, देवकाली, लालबाग और मकबरा समेत आसपास के अन्य क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत कुल 126 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन अलग-अलग हिस्सों में बिछाई जाएगी। इसका लाभ अयोध्या धाम को भी मिलेगा। धाम के जिन इलाकों में अभी तक सीवर लाइन नहीं बिछ सकी है, वहां 10 किमी. लंबी सीवर लाइन भी बिछेगी।



प्रतीकात्मक

**274** करोड़ रुपये की लागत से होगा काम

**अमृत योजना के दूसरे चरण में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार**

> दूसरे चरण में सीवर लाइन बिछाने के साथ चार सीवेज पंपिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे। अमृत योजना के प्रथम चरण के तहत चल रहा सीवर लाइन बिछाने का काम भी अगले एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। दूसरे चरण का काम पूरा होने के बाद अयोध्या कैंट और धाम के लगभग सभी घर सीवर से जुड़ जाएंगे। - आनंद दूबे, अधिशासी अभियंता, जल निगम नगरीय

# छह माह में मिल्कीपुर में फिर मचेगा चुनावी घमासान

**विधायक बनने की चाह भी रही वोटों के तिकड़म में शामिल**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: मिल्कीपुर के सपा विधायक अवधेश प्रसाद सांसद बन गये। अब मिल्कीपुर विधानसभा से विधायकी के लिए छह महीनें के अंदर घमासान मचेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसने भी खासा नुकसान पहुंचाया। कई की निगाह सीट खाली कराने पर रही। जिससे विधायक बनने की राह आसान हो जाए।

मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। सपा से अवधेश प्रसाद यहां से विधायक हैं। विधायक प्रसाद को टिकट मिलने के बाद सपा और भाजपा में यह सीट खाली कराने के लिए सपा प्रत्याशी की जीत के लिए जी तोड़ मेहनत शुरू हो गई। अनुसूचित जाति के सपा नेताओं की मेहनत तो पार्टी हित में थी। पार्टी में भविष्य के लिए साख बनाने वाली रही है। ऐसे कई नेता सक्रिय हो गए। उसका भी लाभ सपा प्रत्याशी को मिला। लेकिन पार्टी लाइन से हटकर भाजपा के कई नेता ऐसे रहे जो सपा प्रत्याशी को जिताकर सीट खाली करवाने के फेर में लग गए।वह काम तो भाजपा का कर रहे थे। बड़े नेताओं की नजर में रहने के लिए प्रमुख स्थानों पर दिखते थे। प्रचार भी खूब किया। प्रचार के ढंग से पार्टी के लोग सबकुछ समझ रहे थे, लेकिन मौन रहे।

अब सांसद बनने के साथ ही विधायक इस्तीफा देंगे। दौड़ शुरू होगी। सपा के साथ ऐसे कई चेहरे भी टिकट की दौड़ में शामिल होंगे। सूत्रों की माने तो पार्टी हाईकमान की नजर इस पर भी है। फिलहाल छह महीने के अंदर एक बार फिर विधानसभा का दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा।

# यूं तो हो चुकी समदा पक्षी विहार की सुरक्षा

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : समदा पक्षी विहार की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ही नहीं स्थानीय लोग भी तहसील प्रशासन पर अंगुली उठा रहे हैं। यह बात वन विभाग द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपे गए झील के तीन अवैध शिकारियों को उप जिलाअधिकारी द्वारा जमानत देने के बाद उभर कर सामने आ रही है। उप जिलाअधिकारी पर भी ग्रामीण और समदा झील के पैरोकार भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं।

आरोप है रविवार को वन विभाग की टीम ने सुबह ही झील पर छापा मारकर मौके से तीन शिकारियों को पकड़ कर पूराकलंदर पुलिस के हवाले किया था। मोइया कपूरपुर के मजरे नेवाती पुरवा निवासी शहजाद, शकीम, खुशनसीब को जाल, कांटा, मछली सहित पकड़ा गया। पुलिस ने इन पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज कर शांति भंग की धारा में चालान कर सोमवार को उप जिलाअधिकारी के न्यायालय में पेश किया और जेल भेजने की सिफारिश की, ताकि अन्य चोरों और शिकारियों में भय बढ़े और दूसरी घटनाओं को बल न मिले। लेकिन शाम होते-होते सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह कार्रवाई अब वन विभाग और स्थानीय लोगों को नागवार गुजर रही है। कोला निवासी कांग्रेस नेता लाल मोहम्मद, भाकियू के प्रदेश सचिव फरीद अहमद आदि ने इसे भ्रष्टाचार का लाभ बताकर विरोध जताते हुए प्रदेश के मुखिया तक गुहार लगाई है। दोनो ने कहा यूं तो हो चुकी समदा की सुरक्षा और विकास। जब रक्षक ही आंख बंद करने लगेंगे तो दूसरे क्या कर सकेंगे।



सोहावल की समदा झील में जाल डाले शिकारी। अमृत विचार

> आरोपी शिकारियों को जेल भेजने से दूसरों के लिए एक संदेश निकलता। कारण क्या था नहीं जानता, लेकिन इसकी सुरक्षा और विकास करना है तो सभी को मिलकर कार्य करना होगा। - आरके त्रिगुनायट, रेंजर, वन रेंज, सोहावल

# डॉक्टर बिना कोट के, बाहरी युवक एप्रन डाल बैठा था ओपीडी में

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में बुधवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया। यहां चिकित्सक बिना एप्रन के बैठे हुए थे, जबकि एक अनाधिकृत व्यक्ति एप्रन डाले हुआ था। इस मामले की पोल तब खुली जब लखनऊ से सीएमएस को फोन आया। इसके बाद ही उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ के पास भी एक और अनाधिकृत व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक पीता मिला। सीएमएस की फटकार के बाद वह फुर्र हो गया। जब सीएमएस ने बाल रोग विशेषज्ञ की तरफ देखा तो वह बगलें झांकने लगे। इसके बाद उन्होंने संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब किया है।

लखनऊ डायरेक्टरेट में बुधवार को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य निरीक्षण करने पहुंचे थे। इससे पहले ही वहां अलर्ट रहे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के सीएमएस को फोन कर बताया कि आपके यहां कुछ डॉक्टर बिना एप्रन के ओपीडी कर रहे हैं। अभी प्रमुख सचिव साहब कंट्रोल रूम से सभी अस्पतालों में लगे सीसीटीवी देख सकते हैं। आप मौके पर जाकर सभी से एप्रन पहनने के लिए कहिए। यह सुनते ही डॉ. उत्तम कुमार ओपीडी का निरीक्षण करने के लिए निकले। उनके साथ में अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा भी मौजूद रहे।

दोनों जब कक्ष संख्या 11 में पहुंचे तो डॉ. विपिन वर्मा ने एक बाहरी युवक को पकड़ लिया। वह एप्रन डाले हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचित कर उसे सौंप दिया। सीएमएस थोड़ी दूर आगे बढ़कर बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक और अनाधिकृत व्यक्ति डॉक्टर अनिल वर्मा के साथ बैठकर कोल्डड्रिंक पी रहा था। उन्होंने फटकार लगाई।



एप्रन डाले खड़ा अनाधिकृत व्यक्ति। अमृत विचार

▶▶ पुलिस को सौंपा गया अनाधिकृत युवक, चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब

▶▶ जिला अस्पताल में लखनऊ से आया फोन तो सीएमएस के निरीक्षण में खुली पोल

### एसएसपी को फिर कार्रवाई के लिए पत्र

निरीक्षण के बाद सीएमएस की ओर से एसएसपी को पत्र लिखा गया है। उसमें जिक्र किया गया है कि चिकित्सालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति घूमते हैं। ये अनावश्यक दबाव बनाकर बाहर की दवा व जांच कराते हैं। जिस कारण गरीब मरीजों को सरकारी सेवा का लाभ नहीं मिल पाता है। आप अपने स्तर से सम्बन्धित पुलिस चौकी इंचार्ज रिकाबगंज को समय समय पर भ्रमण कर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

> पुलिस बुलाकर एप्रन डाले एक अनाधिकृत व्यक्ति को सौंप दिया गया है, जबकि एक व्यक्ति भाग निकला। डॉ. अनिल वर्मा से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। - डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस

# अग्रणी व आंचल ने नीट में पाई सफलता

अयोध्या कार्यालय



अग्रणी सिंह



आंचल पटेल

अमृत विचार: जिले में दो लड़कियों अग्रणी व आँचल ने नीट सफलता प्राप्त करके माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है।

विकासखंड पूरा बाजार के रामपुर सरधा निवासी अग्रणी सिंह सूर्यवंशी ने मात्र एक वर्ष की तैयारी में ही 720 मे से 616 अंक प्राप्त किये। उन्हें 62735 वीं रैंक मिली है। अग्रणी सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल अयोध्या से पास करके नीट की तैयारी शुरू कर दी थी। अग्रणी के पिता नागेंद्र सिंह सेना के रिटायर्ड है और माता अमिता सिंह गृहिणी हैं। वहीं नीट परीक्षा में 720 में 665 अंक पाकर आंचल पटेल ने जिले का नाम रोशन किया है। ग्रामीण परिवेश में पली, बढ़ी खानपुर मसौधा मजरे भूपतिपुर निवासी राम गोविंद वर्मा की पुत्री आंचल ने बताया कि पिता के बताए हुए रास्ते पर चलकर उसने डॉक्टर बनने का सपना देखा था। झुनझुनवाला पीजी कॉलेज चांदपुर हरिवंश से बीएससी की डिग्री भी हासिल कर तीसरे प्रयास में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरा ऑल इंडिया रैंक में 17320 स्थान है।

## सार-संक्षेप

### सीता चौरा के पास मिला अधजला शव

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंधौरा में सीता चौरा स्थान पर एक अधजला शव मिला है। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे इनायत नगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अगल-बगल के थानों को सूचना करवाई जा रही है। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। शव मिलने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है।

### भाकियू की महापंचायत आज

अयोध्या, अमृत विचार : अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन आज छह जून को अधिशासी अभियंता नलकूप के कार्यालय परिसर में किसान महापंचायत आयोजित करेगी। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा और जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बताया कि 25 सूत्री समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सप्ताह पहले सौंपा गया। जिसमें से एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसान महापंचायत के मुख्य अतिथि भाकियू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव सुरेश यादव होंगे।

### ग्राम सभा के तीन तालाबों में भरवाया पानी



तालाब में भराया गया पानी। अमृत विचार

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम सभा कूढ़ा सादात की ग्राम प्रधान निसार फ़ातिमा ने बुधवार को ग्राम सभा के सूखे पड़े गांव के मोहइया तालाब, तारा तालाब व बड़ा तालाब में पशु पक्षियों लिए पानी भरवाया। प्रधान प्रतिनिधि मुन्ने ने बताया कि यह काम मैंने अपने निजी व्यय से कराया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि प्रत्येक जीव की सेवा करना हम सबका कर्तव्य व मानवीय धर्म है। इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर सूखे पड़े तालाबों में पानी भराया गया है।

### हेल्पलाइन नंबरों के बारे में किया जागरूक



अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न स्कूल,पार्क, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरुक किया गया। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि स्कूलों के आस पास घूम रहे कम उम्र के लड़कों से पूछताछ कर हिदायत भी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस सहायता के लिए वुमेन पावर लाइन 1090 व यूपी 112 , ऑपरेशन कवच 181 महिला हेल्पलाइन ,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, साइबर अपराध ( 1930 ) के बारे में बताया गया।

**मौसम की मार** 41 डिग्री रहा तापमान, उमस के बाद दोपहर में बाजारों में नहीं दिखी रौनक

# सुबह बूंदाबांदी, दोपहर में आसमान से निकले शोले

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : काफी दिनों से नरम-गर्म रहने के बाद बुधवार की सुबह मौसम एकाएक करवट ली। आसमान में बादल छा गए। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। सुबह आठ से 10 बजे तक मौसम सुहाना रहा, लेकिन उसके बाद बादलों की ओट से जैसे ही सूर्य देव निकले मानो आसमान शोले उगलने लगा। दोपहर में सड़कों पर उतरे लोग राहत पाने के लिए पेड़ों की छांव खोजते रहे।

सुबह मिल्कीपुर, कुमारगंज क्षेत्र के कुछ इलाकों में हल्की-बूंदाबांदी का समाचार मिला। ठंडी हवा चलने लगीं। लोगों को लगने लगा कि अब कुछ राहत मिली, लेकिन सुबह साढ़े दस बजे के करीब तेज धूप हो गई। दिन भर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान दिखे। चौक, देवकाली, नाका व नियावां समेत अन्य जगहों पर शाम के समय लोग खरीदारी करने के लिए निकले। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.सीताराम मिश्र ने बताया कि अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।





भीषण तपिश में ओढ़नी ओढ़कर घर से बाहर निकलीं युवतियां एवं छाता लेकर जाती बच्ची।

### जारी है बिजली के आंख मिचौली का खेल

भीषण गर्मी के दौरान ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। आलम यह है कि एक घंटे में सात से आठ बार बिजली आंख मिचौली का खेल खेल रही है। शहर के कुछ इलाके से अधिक प्रभावित हैं। कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े घरों में भी बार-बार 10-10 मिनट के अंतराल पर ट्रिपिंग हो रही है। ग्रामीण इलाकों में भी परेशानियां बढ़ी हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि गर्मी में लोड बढ़ने के कारण ही ट्रिपिंग की समस्याएं सामने आती हैं। इसका हल निकाला जा रहा है।

# युवक की पीपल के पेड़ से लटकी मिली लाश

मिल्कीपुर, अयोध्या : इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बसवार कलां मजरे टोडर गोसाई में एक युवक ने पीपल के पेड़ में गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची हैरिंग्टनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बसवार कला के मजरा टोडर गोसाई निवासी सुनील कुमार गोस्वामी (32) पुत्र हरीराम गोस्वामी ने गांव के बाहर पीपल के पेड़ पर काफी ऊंची डाल पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान अशोक तिवारी को दिया। मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान श्री तिवारी ने स्थानीय पुलिस को घटना के बाबत सूचित किया। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि लाश को पेड़ से उतरवा कर कब्जे में ले लिया गया है। घटना के पीछे का कारण अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गैंगरेप के दोषियों को 20 साल की सजा

## कोर्ट ने लगाया 50 हजार का अर्थदंड, करौंदीकला के एक गांव में तीन वर्ष पूर्व किशोरी से हुई थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र करौंदीकला के एक गांव में तीन साल पूर्व 16 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म व हत्या की धमकी देने के दोषियों को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने बुधवार को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषियों पर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 5 मई 2022 को किशोरी सुबह चार बजे शौच के लिए गई थी। दोषी रवि हरिजन और शिवनाथ ने उसे जबरन गांव के स्कूल में ले जाकर दुराचार की वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी थी । किशोरी किसी प्रकार घर पहुंचकर घर वालों से वारदात की बात बताई। किशोरी के बाबा ने डायल 112 को सूचना देते हुए घटना की तहरीर पर थाने में पंजीकृत कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहो के साक्ष्यों के आधार पर दोषी रवि हरिजन व शिवनाथ को 20 साल की जेल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।



दीवानी न्यायालय का मुख्य द्वार। अमृत विचार

### टेंट व्यवसायी की हत्याकांड में आरोपी की जमानत खारिज

कादीपुर थानाक्षेत्र के कादीपुर खुर्द निवासी टेंट व्यवसायी हेमंत मिश्र की वेदूपारा में हत्या करने के प्रतापगढ़ के सरुआरपुर थाना आसपुर देवसरा निवासी आरोपी मीनू सिंह की जमानत जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए बुधवार को खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष से डीजीसी रामअचल मिश्र व संतोष पांडेय ने बताया हेमंत टेंट व्यवसाय करता था। जिसकी बुकिंग थाना लम्भुआ के वेदूपारा में हरिशंकर तिवारी के यहां बीती 13 फरवरी को थी। टेंट की देखभाल के लिए वह वही था कि रात में 10 बजे किसी बात को लेकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने घटना के बावत कल्लू तिवारी, हेमंत कुमार सिंह उर्फ मीनू व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के पास घटना में उपयोग में लाया गया रिवाल्वर भी बरामद किया था। जेल में बंद आरोपी हेमंत उर्फ मीनू की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने आरोपों को गंभीर पाते हुए जमानत खारिज कर दी।

### जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में बंदी की मौत के मामले में न्यायालय में याचिका दाखिल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौनाडीह भटपुरा निवासी शुभम वर्मा की 3 जून को जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतक के भाई शिवम वर्मा ने अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए याचिका दाखिल कर सीसीटीवी फुटेज तलब कर जेल प्रशासन समेत अन्य पर कार्रवाई की मांग की है। याचिका मे जेल प्रशासन पर साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की सीसीटीवी फुटेज तलब कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शुभम की मृत्यु की सूचना परिवार को समय पर नहीं दी गई। कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज तलब कर भाई के खिलाफ गलत आरोप पत्र भेजने वाले विवेचना अधिकारी, जेल प्रशासन पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है ।

### भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में दरोगा तलब

**सुलतानपुर :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन के दूसरे गवाह तत्कालीन दरोगा अनिल कुमार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 20 जून को तलब किया है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट रद, अग्रिम विवेचना का आदेश

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बरसड़ा में तीन साल पूर्व शगुफ़्ता आफसीन को आत्महत्या के उकसाने के आरोपी गणेश के खिलाफ एसीजेएम मुक्ता त्यागी ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट रद्द कर अग्रिम विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष कोतवाली देहात को दिया है। वादी के वकील आरिफ हाशिमी के मुताबिक थाना क्षेत्र में तीन साल पूर्व मृतका की शादी 18 जून 2021 को तय हो गई थी। गांव का गणेश मृतका को शादी न करने का दबाव बनाते हुए मैसेज, फोन काल व व्हाट्सएप के जरिए मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित करता था जिससे तंग आकर शगुफ़्ता ने 18 फरवरी 2021 की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका के भाई जामीन हाशमी ने आरोपी गणेश के खिलाफ आत्महत्या के दुष्प्रेरण के आरोप में केस दर्ज कराया। पुलिस ने दौरान विवेचना फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की थी। पुलिस रिपोर्ट को कोर्ट में चुनौती दी गई जिस पर एसीजेएम मुक्ता त्यागी ने संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष कोतवाली देहात को अग्रिम विवेचना सक्षम विवेचक से कराने का आदेश दिया है।

## एक नजर

### किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 2 जून को देर रात घर से शौच के लिए निकली थी, वह घर वापस नहीं आई। घर वालों ने काफी खोजबीन की किंतु उसका पता नहीं चला। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को भोलू निषाद के विरुद्ध किशोरी को भगाने का केस दर्ज किया है।

### विपक्षियों की पिटाई से युवक का सिर फटा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के मझगंवा गांव के मंगलदीप मंगलवार को देर शाम अपने घर से शौच के लिए निकले थे। आरोप है की शौच करते समय विपक्षियों ने उन्हें लाठी-डंडे से मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई और उनका सिर फट गया। मामले में पुलिस ने गांव के ही यशवंत, हमीर, राहुल, शिवम के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया ।

### कादीपुर में तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के मुडिला डीह चौकी प्रभारी अखिलेश सिंह ने मंगलवार की रात बाजार के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बारामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शिवकुमार निवासी मगरावा कोतवाली कादीपुर के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### प्रियांशु ने नीट की परीक्षा पास कर बढ़ाया मान



**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा क्षेत्र के सफीपुर गांव निवासी प्रियांशु यादव पुत्र सुरजू राम यादव ने नीट की परीक्षा क्वालीफाई करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बड़े भाई ने बताया प्रियांशु यादव ऑल इंडिया रैंक 1472 है। उनके पिता सुरजू राम यादव जो आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। बड़े पापा शिवप्रसाद यादव बड़े भाई नीरज यादव अवनीश दुर्गेश आदि ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं भी दी।

### सरकारी कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को मतगणना के बाद ईवीएम व अन्य अभिलेख जमा कराने में अधिकारियों व कर्मचारियों को 12 घंटे से अधिक लग गए। जिससे उन्हें रातभर जगना पड़ा। बुधवार को सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी व अधिकारियों की संख्या कम दिखी। मतगणना कराने को अधिकारी व कर्मचारी कई दिन से तैयारी में लगे थे।

## सार-संक्षेप

### शासनादेश के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** तंबाकू व पानमासला की बिक्री पर रोक लगाने के जारी शासनादेश से व्यापारियों में आक्रोश है। बुधवार को व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने बताया तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए कड़ा नियम बनाया जाए यह समाज के हित में है। लेकिन ऐसे नियम न बनाएं जाए जिससे व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू हो जाए। आदेश से तंबाकू का सेवन तो नहीं रुकेगा बल्कि व्यापारियों का उत्पीड़न जरूर शुरू हो जाएगा। तंबाकू को प्रतिबंधित कर दिया जाए पूरी तरह बिक्री पर रोक लगा दी जाए इससे हम व्यापारियों को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन दोनों की बिक्री अलग-अलग स्थान पर होगी तो क्या तंबाकू सेवन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सरकार को यह लगता है कि इस प्रकार के नियम को लगाना आवश्यक है तो कम से कम व्यापारियों को तीन माह का समय दिया जाए जिससे व्यापारी अपनी व्यवस्था सुनिश्चित कर सके और दोनों की बिक्री अलग-अलग कर सकें। इस मौक़े पर प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, पान मसाला जर्दा एवं किराना व्यापार मंडल अध्यक्ष दानिश एजाज, महामंत्री अखिलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शकील अहमद रत्नेश कुमार, प्रशांत कुमार, सिंपल अग्रहरि अनुराग दूबे संतोष दूबे,आनंद कुमार चौरसिया,हरिप्रकाश,अशोक कुमार सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### युवती की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लखैचा गांव निवासी शंकर की 21 वर्षीय पुत्री आंचल के पेट में अचानक दर्द उठा। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी तो परिजन उसे लेकर सीएचसी कूरेभार गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवती के मौत की सूचना मिलते ही मायके के साथ ससुराल में भी कोहराम मच गया हैं। बताते चलें कि बीते 26 अप्रैल को शंकर ने अपनी पुत्री आंचल का विवाह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ही इनायतपुर पकड़ीपुर निवासी झगरू के पुत्र संतोष से किया था। शादी के बाद से युवती दो बार अपने ससुराल भी आ चुकी थी। मंगलवार की शाम युवती की अपने मायके में ही पेट में दर्द हुआ था। युवती के मौत की सूचना मिलते ही ससुरालीजन उसके शव को अपने घर ले आए है। युवती की मौत से पति संतोष, पिता शंकर व मां का रो रो कर बुरा हाल है। वही घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों दुखी परिजनों का ढांढस बंधा रहे हैं।

### कार व ट्रक की भिड़ंत में वृद्धा सहित दो घायल, रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कार व ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला सहित दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया जहां मौजूद चिकित्सको ने उन्हें प्रथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज भेजा है। बुधवार को अखंड नगर थाने के अलीमुद्दीन पुर गांव निवासी अमित श्रीवास्तव (45) व मुन्नी देवी (70) कार से सुलतानपुर से कादीपुर की तरफ आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार मुजहना गांव के ढाबे के पास पहुंची तभी कादीपुर की तरफ से आ रही ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ट्रक की ठोकर से मुन्नी श्रीवास्तव व अमित श्रीवास्तव गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाई। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था देखते हुए दोनों राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

### मजदूरों के तीन मोबाइल लेकर भागा युवक

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** काम कर रहे मजदूरों की मोबाइल लेकर उचक्का भागा तो मजदूरों की निगाह पड़ गई। दौड़ाकर मजदूरों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतिगरपुर-दोस्तपुर मार्ग पर लक्ष्मी इंटरलाकिंग ब्रिक पर रोज की तरह मजदूर काम में लगे थे। तभी एक युवक आया और तीन मोबाइल लेकर भाग निकला।शोर मचाने पर संदीप, मगन, कुंदन व अन्य मजदूरों ने उसे दौड़ा लिया। जब्बार के घर के पास बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया। वही दूर खड़ा दूसरा साथी बाइक से भाग निकला। मजदूरों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी सूचना पर पहुंची पुलिस को मजदूरों ने आरोपी युवक को सौप दिया। मजदूर गंगाराम ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक युवक आया और मजदूरों का तीन मोबाइल चुराकर जाने लगा तभी उसकी निगाह मोबाइल चोरी कर जा रहे युवक पर पड़ी थी। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम लंभुआ कोतवाली के जमखुरी निवासी जगधर और फरार साथी का नाम उमेश बताया। गंगाराम की शिकायत पर पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

### कार्मिकों का रोका गया वेतन बहाल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगे कई कार्मिकों की ओर से मतदेय स्थलों पर प्रस्थान के समय ड्यूटी आदेश निर्धारित काउंटर से प्राप्त नहीं किया गया था। जिससे उनका वेतन बाधित कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। कार्मिकों की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया और मतगणना स्थल पर मतगणना का कार्य सम्पन्न कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने उनके प्रति सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मई का बाधित वेतन आहरित करने का आदेश दिया है। जिससे विभिन्न विभागों के 33 कर्मचारियों का वेतन आहरित हो पाएगा।

# भाजपा नेता पर हमले से माहौल गर्म

कादीपुर, सुलतानपुर


भाजपा नेता घनश्याम चौहान के घर के पास मुस्तैद सीआईएसएफ के जवान।

- भाजपा नेता के घर व प्रतिष्ठान पर पीएसी एवं सीआईएसएफ तैनात
- व्यापारियों की बैठक में आरोपियों की गिरफ्तारी का मिला आश्वासन

**अमृत विचारः** भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम चौहान के ऊपर हुए हमले से आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार को उनके आवास पर बैठक किया। मामला गर्म होता देख सीओ व कोतवाल भी बैठक में शामिल हुए और नामजद आरोपियों का आश्वासन दिया है। वहीं, एहतियातन भाजपा नेता के प्रतिष्ठान व घर के पास पीएसी एवं सीआईएसएफ के जवान तैनात किए गए हैं।

लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद मंगलवार को देर शाम कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले में भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम चौहान की दुकान के सामने कुछ लोग पटाखा दगा रहे थे। जिसकी चिंगारी उनकी दुकान में जा रही थी। आरोप है कि मना करने पर उन लोगों ने भाजपा महामंत्री घनश्याम चौहान, उनके बेटे कृष्ण कुमार सिंह चौहान एवं बृजेश सिंह चौहान तथा उनकी बेटी रचना सिंह चौहान को मारा पीटा था। जिसमें महामंत्री घनश्याम चौहान का बाया हाथ फैक्चर हो गया था। बृजेश सिंह चौहान की तहरीर पर पुलिस ने कुछ लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया था। घटना को देखते हुए कस्बे का माहौल गर्म हो गया था। बुधवार को व्यापारियों ने घटना को लेकर एक बैठक की थी। बैठक में पहुंचे सीओ विनय गौतम एवं कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। जिसे व्यापारियों ने मान लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि शाम तक प्रशासन गिरफ्तारी नहीं कर पाता है तो बृहस्पतिवार को फिर से बैठक कर अगली रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में घनश्याम जायसवाल, दीपक अग्रहरि, शिवमंगल सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, ललित कसौधन, अश्वनी चौरसिया, राजेंद्र कसौधन, शैलेंद्र उपाध्याय सहित अनेक व्यापारी एवं भाजपा नेता मौजूद रहे। चौहान की दुकान एवं घर की सुरक्षा के लिए पीएसी एवं सीआईएसएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं।

# छोटे-छोटे कदम बड़े लक्ष्य तक पहुंचने में करेंगे मददः प्राचार्य

संवाददाता, सुलतानपुर

- पर्यावरण दिवस पर राणा प्रताप महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचारः** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का थीम है 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता'। उन्होंने कहा कि हरित पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण की वकालत करना आवश्यक है। यह काफी सरल है क्योंकि जब हम आज पर्यावरण का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। हम इतने स्वार्थी नहीं हो सकते और अपने लिए सभी संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते। विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को उन मुद्दों के बारे में जागरूक करने का सही अवसर है जिनका हम सामना कर रहे हैं और इसे बचाने में कोई कैसे योगदान दे सकता है। हमेशा याद रखें कि प्रकृति ने हमें जो उपहार और आशीर्वाद दिए हैं, वे अमूल्य हैं। सभी के बेहतर भविष्य और जीवन के लिए उन सभी को संरक्षित करना बहुत ज़रूरी है। हमेशा याद रखे कि पर्यावरण संरक्षण के छोटे-छोटे कदम बड़े लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेंगे। संगोष्ठी के बाद विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार के पौधे कॉलेज को दान किये गए और इन्हें कैम्पस में लगाया गया।

इस अवसर पर बृजेश सिंह,डॉ अखिलेश सिंह, डॉ शालिनी सिंह, डॉ नीतू सिंह, डॉ वीना सिंह, डॉ अंजना सिंह, डॉ मंजु ठाकुर, डॉ हीरालाल यादव,विष्णु पाल, अभिषेक सिंह के साथ एम ए समाजशास्त्र के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कादीपुर छोड़ सदर, सुलतानपुर व लंभुआ से भाजपा हारी

संवाददाता, सुलतानपुर

- विधानसभा की चार सीटों पर है भाजपा का कब्जा सिर्फ इसौली सीट 269 वोटों से हारी थी भाजपा

**अमृत विचारः** 2022 के विधान सभा चुनाव में भाजपा जिले की पांचों विधान सभा बढ़त बनाए हुए थी। परिणाम आने तक इसौली विधान सभा 269 मतों से भाजपा हार गई थी। वहीं जिले की अन्य चार विधान सभा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। लोकसभा के चुनाव में भाजपा के तीन विधायक अपनी विधान सभा से लोक सभा प्रत्याशी को हार दिलाई तो वही एक विधायक अपनी विधान सभा में मामूली सी बढ़त दिला पाए। नतीजा यह रहा कि मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी सपा के राम भुआल से 43,174 मतों से हार गई।

2022 के विधान सभा चुनाव में 187 इसौली विधान सभा से सपा प्रत्याशी ताहिर खान 69,629 तो भाजपा के ओम प्रकाश पांडेय 69,360 मत पाएं थे। सपा के ताहिर खान 269 मतों से चुनाव जीत गए थे। वहीं लोकसभा चुनाव में इसौली विधानसभा से सपा के राम भुआल को 94,204, तो भाजपा के मेनका संजय गांधी को 76,886 मत ही मिले। 188 विधानसभा सुलतानपुर के 2022 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद सिंह को 92,715 मत तो सपा के अनूप संडा को 91706 मत मिले थे। यहां भाजपा ने सपा प्रत्याशी को 1,009 मतों से हराया था। वही लोकसभा चुनाव में सपा को 1,01,236 तो भाजपा को 76,886 मत ही मिले है। 189 सदर जयसिंहपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राज प्रसाद उपाध्याय को 85,249 मत मिले थे। जबकि सपा प्रत्याशी अरुण वर्मा को 69,495 ही मत मिले थे। भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी को 15,754 मतों से हराया था। वही लोकसभा चुनाव में सपा को 75,981 तो भाजपा को 74,798 ही मत मिल सके। 190 लंभुआ विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सीताराम वर्मा को 82,999 तो सपा के सन्तोष पांडेय को 73,466 मत मिले थे। भाजपा के सीता राम वर्मा ने सपा के संतोष पांडेय से 9,533 वोटो से जीत दर्ज की थीं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को तो 77,648 वही सपा को 89,072 वोट मिले है। 191 विधानसभा कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेश गौतम को 96,405 तो सपा प्रत्याशी भगेलू राम को 70,682 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 85,218 मत तो सपा 80,752 मत ही पा सकी। यहां कादीपुर भाजपा विधायक राजेश गौतम का जलवा कायम रहा। बाकी अन्य तीन जीते विधायक अपनी विधान सभा को जीताना तो दूर बराबरी भी नहीं दिला सके। वही इसौली के सपा विधायक ताहिर खान भले ही खुद विधानसभा का चुनाव 269 मतों से जीता था लेकिन सपा प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में करीब 17 हजार की लीड दिलाई है। सुलतानपुर से पूर्व विधायक अनूप संडा, सदर से अरुण वर्मा, लंभुआ से संतोष पांडेय ने सपा प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# पौधे लगाओ, मानव जीवन बचाओ का दिया संदेश

सुलतानपुर

- विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह किया गया पौधरोपण

**अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को विभिन्न सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं की ओर से पौधारोपण किया गया। पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण की जरूरत पर बल दिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वार्ड नं 17 के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा सूरज ने पौध रोपण कर मानव जीवन बचाने का संदेश दिया। वन विभाग के जयसिंहपुर रेंज द्वारा पीढ़ी स्थित पौधशाला में पौध रोपण का कार्य किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा सूरज ने पौध रोपण किया। पौध रोपण के बाद मौजूद लोगो को भी पौध रोपण के लिए प्रेरित करते हुए कि हम सभी को कम से कम पांच पौधे लगा उसकी देखभाल करनी होगी। इस मौक़े पर जयसिंहपुर रेंज के वन दारोगा कृष्णकांत, फरीद अहमद, चंद्र प्रकाश, वन रक्षक मनोज कुमार, वीट प्रभारी जेठू राम, पौधशाला प्रभारी राम लवट व ग्रामीण मौजूद रहे।



जयसिंहपुर में पौधरोपण करते जिपंस प्रतिनिधि सूरज।

पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में पौधारोपणः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सौजन्य से पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुलतानपुर में बुधवार को पौधारोपण किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक पियूष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक लल्लन सिंह, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर संजय कुमार, बैंक ऑफ़ बड़ौदा बंधुआ कला के मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।

केएनआईसीई करौंदियाः करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.एनडी सिंह ने आम, अमरूद व नीम का पौधा लगाया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 12 के विद्यार्थी हिमांशु तिवारी, दिवाकर सिंह,अनमोल तिवारी, दिव्यांश सिंह,आराध्या मिश्रा,गरिमा सिंह, अंशिका मिश्रा,अंशिका तिवारी,अंशिका शुक्ला,अदिति पांडेय आदि उपस्थित रहे। साथ में विद्यालय के शिक्षक सीबी सिंह,योगेंद्र सिंह, जगराम भार्गव,सिद्धान्त सिंह,सौरभ मिश्रा,सुदीप श्रीवास्तव,देवब्रत सिंह आदि मौजूद रहे।

**सतर्कता** वाशिंग मशीन, प्रेस का सुबह करें प्रयोग तो एसी का तापमान रखें 24 डिग्री के ऊपर

# ओवरलोड से हांफ रहे ट्रांसफार्मर, विभाग ने जारी की एडवाइजरी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रचंड गर्मी में बढते तापमान के चलते बिजली की खपत बढ़ गई हैं। विभाग ने एडवाइजरी जारी कर उपभोक्ताओं से अपील की है।

भीषण गर्मी से जिले में बिजली की खपत करीब 65 फीसदी तक बढ़ गई है। अधिक लोड होने से ट्रांसफार्मर भी हांफने लगे हैं। ऐसे में पावर कार्पोरेशन के लिए आपूर्ति सुचारु रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक बिजली के लिए हाहाकार मचा है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार गर्मी में लगभग 65 प्रतिशत तक बिजली की खपत बढ़ी है। विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली ओवरलोड चल रही है। उपभोक्ताओं की रातों की नींद गायब हो गई है। ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को अनावश्यक बिजली खर्च न करने की सलाह दी है। एक्सईएन प्रथम पवन कुमार ने कहा कि ओवरलोडिंग कम करने में उपभोक्ता विभाग की मदद करें। इसके लिए घरों में लगे सभी उपकरण एक साथ न चलाएं। सबमर्सिबल पंप, वाशिंग मशीन व प्रेस का प्रयोग सुबह छह से नौ बजे के बीच करें। एसी की टेंप्रेचर सेटिंग 24 डिग्री ही रखें। वही बिजली की वायरिंग और अर्थिंग की ठीक से जांच करा लें। दिखावे के लिए बिजली की फिजूलखर्ची न करें। जब तक विद्युत प्रणाली ओवरलोड चल रही है, तब तक परिवार के सदस्य घर में कम से कम कमरों का प्रयोग करें जिससे चालू एसी की संख्या कम रहे। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी पड़ने से ट्रांसफार्मर व पोल पर लगे तार भी पिघलने लगे हैं। लोड अधिक बढ़ने से ट्रांसफार्मर व तारों में रोजाना कहीं न कहीं आग लग रही है। तार जलने, टूटने, फ्यूज उड़ने जैसी हजारों शिकायतें रोजाना विभाग के पास पहुंच रही हैं। जिसे विभाग के कर्मचारी लगातार ठीक कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति का प्रयास कर रहे हैं।


ट्रांसपोर्ट नगर विद्युत उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

> सबमर्सिबल से पानी भरना, वासिंग मशीन से कपड़े धोना, प्रेस करना आदि कार्य सुबह नौ बजे तक कर ले। जब तक ओवरलोड की दिक्कत है तब तक कम से कम कमरे में एसी का प्रयोग करें। एसी का तापमान 24 डिग्री के ऊपर ही रखे।
> **-पवन कुमार,** एक्सईएन प्रथम सुलतानपुर

# अदिति, नितिन व प्रखर को मिली सफलता

**नीट**


अदिति सिंह | नितिन मौर्य | प्रखर सिंह

**अमृत विचारः** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से घोषित किए मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के परिणाम में जिले के मेधावियों ने भी परचम लहराया है।

शहर के सिरवारा रोड निवासी बेसिक शिक्षा में प्रधानाध्यापक अर्चना सिंह की बेटी अदिति सिंह ने नीट की परीक्षा में 99.6 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है। अदिति को 686 अंक मिला है और एमबीबीएस में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है।

दोस्तपुर ब्लॉक के भरथुवा निवासी अधिवक्ता प्रदीप मौर्य के भतीजे नितिन मौर्य ने नीट परीक्षा में 98.85 प्रतिशत लाकर जिले का परचम लहराया है। आल इंडिया में उनकी कैटेगरी रैंकिंग 11820 है। उनके पिता मिश्रीलाल एमपी के सीधी में जेपी सीमेंट में इंजीनियर है। पुरुषोत्तम सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज सिंघनी के संस्थापक प्रधानाचार्य गोविंद सिंह के पुत्र प्रखर सिंह ने अपने प्रथम प्रयास में नीट की परीक्षा उतीर्ण कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रखर सिंह ने इसी वर्ष 2024 में यूपी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

प्रखर सिंह के प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा अच्छे अंकों में 99.47 पर्सेंटाइल, ऑल इंडिया रैंक 11280 व जनरल में 5028 रैंक प्राप्त किया है। प्रखर सिंह की इस सफलता पर पुरुषोत्तम सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक अशोक सिंह, प्रधानाचार्य गोविंद सिंह, शिक्षक गण, परिजन व क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## एक नजर

### कच्ची शराब बरामद, तीन अभियोग पंजीकृत

**अमेठी, अमृत विचार।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए गए अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के क्रम में जिले में पुलिस और आबकारी विभाग ने कई जगह छापेमारी की। थाना मुसाफिरखाना के अन्तर्गत ग्राम हंसा का पुरवा में कुल 33 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। लगभग 200 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया है। संयुक्त टीम ने आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया। ग्रामवासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड ढाबों की चेकिंग भी की गई। इस दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3 चन्द्रभान वर्मा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र –1 सुषमा मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी व पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

### नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु 16 जून तक

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु नि :शुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन गौरीगंज में किया जा रहा है। बताया कि वर्ष 2024–25 में नि :शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षा में कुल 320 सीटें हैं। जिनमें यूपीएससी सहित विभिन्न बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। पात्र छात्रों व अभ्यर्थी काचिंग का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवश्यक प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी से अथवा कोर्स कोर्डिनेटर से मो. नं.–9452535372 पर संपर्क किया जा सकता है। नि :शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए पात्रता शर्त के अनुसार छात्र–छात्रा के अभिभावक जनपद का निवासी होना चाहिए।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी है। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह लड्डू बांटकर व एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया और जीत का जश्न मनाया। कांग्रेस कार्यालय अमेठी में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ देवमणि तिवारी की अगुवाई में जीत के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। संग्रामपुर कांग्रेस कार्यालय पर ब्लाक उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

# धरी रह गयी औद्योगिक विकास की आस

केशव बाजपेई, शुकुलबाजार, अमेठी

**उपेक्षा**

- आज भी बेजा पड़ी है औद्योगिक विकास के लिए चयनित भूमि
- क्षेत्रीय लोग कर रहे अतिक्रमण

**अमृत विचार।** 80 के दशक में जब विकास खण्ड की नींव पड़ी तो क्षेत्रीय लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। हो भी क्यों नहीं, क्षेत्रीय विकास के साथ लोगों में औद्योगिक विकास की आस भी जो जगी थी। तब ऐसा लगा कि जैसे यूपीएसआईडी ने ब्लॉक को गोद ले लिया हो।

प्रशिक्षण व विकास को गति देने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर बड़े-बड़े शेड व आवास बनवाए गए तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गयी। क्षेत्र में सरपत से निकलने वाली मूंज व पेटुवा से निकलने वाली सन की अधिकता के मद्देनजर क्षेत्र के किसानों व युवाओं को औद्योगिक विकास के तहत बान बटाई, व कलात्मक वस्तुओं के बनाने, चरखा उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण व अन्य प्रशिक्षण भी दिया गया। जिससे क्षेत्र के लोगों ने अपना कार्य शुरू करते हुए कुछ आमदनी का जरिया भी बना लिया। लेकिन बदले सियासी हालातों ने उनकी आस पर पानी फेर दिया जब तक राजीव ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया तब तक इस प्रशिक्षण केंद्र से क्षेत्र के युवाओं और युवतियों ने कई प्रशिक्षण प्राप्त किए लेकिन समय बदला और क्षेत्रीय लोगों की आस धरी की धरी रह गई। यूपीएसआईडीसी द्वारा बनाए गए शेड जहां नीलाम हो गए वहीं औद्योगिक प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक भी चले गए। यूपीएसआईडीसी ने अपनी बेशकीमती जमीन कौड़ियों के भाव में नीलाम कर दिया, जिसके चलते क्षेत्र के औद्योगिक विकास पर ग्रहण लग गया। आज भी शुकुल बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकतातजपुर के सूर्य नगर व धनेशा राजपुत मे सड़क के किनारे यूपीएसआईडीसी की बेशकीमती जमीन रेशम उद्योग के नाम से सुरक्षित पड़ी हुई है जिस पर धीरे- धीरे लोगों का अतिक्रमण बढ़ता चला जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक यूपीएसआईडीसी इस बेशकीमती जमीन को भी बिक्री का मन बना रही है। आज विकास के बड़े-बड़े दावे व लोगों को रोजगार देने के वादे किए जा रहे हैं लेकिन यदि क्षेत्र में पड़ी यूपीएसआईडीसी की इस जमीन में सरकार कुछ औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर दे तो शायद शुकुल बाजार क्षेत्र के उन तमाम लोगों की आस पूरी हो जाएगी जो रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना कार्य करना चाहते हैं।

# डीएम ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

## सीएमओ कार्यालय में गैरहाजिर मिले कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका, पत्रावलियों के रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों से उनके काम और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर सरकारी अस्पतालों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर चार कर्मचारियों शेष पांडे वरिष्ठ सहायक, भोला प्रसाद वरिष्ठ सहायक, तहसीन फातिमा वरिष्ठ सहायक तथा राम आसरे सरोज एचईओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह को दिए। इसके साथ ही पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने एवं कार्यालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय आएं और अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर पटल सहायकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली। पटल सहायकों को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रख-रखाव, कार्यालय में साफ-सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।





सीएमओ कार्यालय और कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करती डीएम निशा अनंत। अमृत विचार

# गोपियों के विरह और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन हुए भाव-विभोर

संवाददाता, भेंटुआ, अमेठी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथा व्यास पं. गंगा सागर तिवारी ने कंस वध, गोपी विरह और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया।

बताया कि कंस ने अक्रूर जी को भेजकर बलराम और कृष्ण को मथुरा बुला लिया और उन्हें मारने के विभिन्न उपाय किए लेकिन अंत में कृष्ण ने कंस का वध कर दिया। उसके बाद श्रीकृष्ण ने अपने नाना उग्रसेन और माता-पिता को कारागार से मुक्त किया। रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राजा भीष्मक ने अपने पुत्र रुक्म के कहने पर रुक्मिणी का विवाह चेदीराज शिशुपाल से तय कर दिया था। रुक्म शिशुपाल का खास मित्र था। दूसरी ओर रुक्मिणी मन से श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं। रुक्मिणी और शिशुपाल के विवाह की तारीख तय हो गई। रुक्मिणी ने कृष्ण को संदेश भेज कर उसे ले जाने का आग्रह किया। संदेश मिलते ही श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंच गए। जब शिशुपाल विवाह के लिए द्वार पर आया तभी कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया। जब रुक्मिणी के भाई रुक्म को पता चला तो वह अपने सैनिकों के साथ कृष्ण के पीछे गया। फिर श्रीकृष्ण और रुक्म के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें द्वारिकाधीश विजयी हुए। इसके बाद श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारिका आ गए और दोनों ने विवाह कर लिया। इस मौके पर यजमान बाबूलाल तिवारी, राम मणि त्रिपाठी, अवधेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



कथा का रसपान करतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

# बसपा का रहा सबसे खराब प्रदर्शन, समर्थकों में निराशा

संवाददाता, जायस, अमेठी

**लोकसभा चुनाव**

- 2014 का प्रदर्शन भी नहीं दोहरा सकी पार्टी, प्रत्याशियों को कड़ी हार का करना पड़ा सामना

**अमृत विचार।** 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के बाद मंगलवार को मतगणना के दौरान बसपा के खराब प्रदर्शन की सबसे ज्यादा चर्चा रही। 2024 के चुनाव में बसपा अपना 2014 का भी प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी। जिसके चलते बसपा के समर्थकों में गहरी नाराजगी है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से खराब प्रदर्शन का ठीकरा पदाधिकारियों पर फोड़ रहे हैं। बसपा प्रत्याशी रहे नन्हे सिंह चौहान को 34408 मत प्राप्त हुए हैं। रिजर्व सीट सलोन में बसपा को सबसे कम 4489 मत प्राप्त हुए हैं। रिजर्व सीट जगदीशपुर में 8541 मत प्राप्त हुए हैं। बसपा को सबसे अधिक दस हजार मत अमेठी विधानसभा में मिले हैं। तिलोई में 5077 और गौरीगंज में 6301 मत हाथी की बटन पर गये हैं।

बसपा समर्थकों को एक बार फिर विधानसभा चुनाव की तरह गहरी निराशा हुई है। आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर आजाद की जीत ने युवाओं के बीच एक नई तरह की बहस शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी दिखा रहे बसपा के तमाम समर्थक प्रत्याशी ने ठीक से प्रचार नहीं करने की बात कह रहे हैं। कार्यकर्ताओं को साधन वाहन नहीं मिले। कार्यकर्ताओं की शिकायत पर प्रदेश नेतृत्व ने कोई गौर नहीं किया। मंडल और जिले के पदाधिकारियों ने चुनाव प्रचार में मजबूती से जुटने के बजाय टाइम पास किया। अमेठी लोकसभा में दो बार रनर पार्टी रही बसपा के हाथी का सुस्त रहना मतगणना के दौरान खासी चर्चा में रहा गौरतलब है कि 1998के चुनाव में अमेठी में बसपा का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। भाजपा के मुकाबले बसपा प्रत्याशी मो नईम को इस चुनाव में 151000 मत हासिल हुए थे। इसके बाद हुए सभी लोक सभा चुनावों में बसपा का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। अमेठी को कांग्रेस का गढ़ समझ पार्टी के जिम्मेदार नेताओं ने लगातार यहां संगठन के काम को गंभीरता से नहीं लिया है।

# पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अमेठी जल बिरादरी की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि धरती का तापमान बढ़ने और बरसात की मात्रा कम होने, जलवायु परिवर्तन ने तमाम तरह के संकट पैदा किए हैं।

हिमालय बचेगा, तभी प्राण दायिनी गंगा बहेगी। गंगा बहेगी तभी देश बचेगा। मां गंगा को स्वच्छ, अविरल और निर्मल बनाए रखना प्रकृति की रक्षा के लिए जरूरी है। वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीष मिश्रा ने कहा कि धरातल पर जब तक काम नहीं होता, किसी भी दिवस की सार्थकता नहीं सिद्ध होती। कागजी खानापूर्ति से बचें, धरातल पर काम करें, तभी पर्यावरण और प्रकृति के संकट कम होंगे। वृक्ष मित्र टीपी सिंह ने कहा कि विश्व को ग्लोबल वार्मिंग से बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। यह काम जल संरक्षण और पौधरोपण के बगैर सम्भव नहीं। शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रीता पांडेय, अनुभव मिश्र, हरि केश मिश्र आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा गौरीगंज में वन विभाग की ओर से बुधवार को को विश्व पर्यावरण दिवस के पर वृद्धाश्रम गौरीगंज पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा वृद्धाश्रम के वृद्धजनों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिवाकांत शर्मा क्षेत्रीय वनाधिकारी गौरीगंज, सुरेश कुमार वन दरोगा, उत्कर्ष त्रिपाठी वन दरोगा, राजेश्वरी वन रक्षक, उमाशंकर शुक्ला वन रक्षक और वृद्धा आश्रम के सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



वृद्धाश्रम में पौधरोपण करते वन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर काटे गए हरे पेड़

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरक्षित वृक्षों के कटान से लदे वाहन सड़को पर फर्राटा भरते नजर आए। पुलिस और वन विभाग अवैध कटान को रोकने में नाकाम साबित हुई। बुधवार को एक तरफ जहां विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा था, वहीं संग्रामपुर थाना क्षेत्र में आरक्षित पेड़ों को काटा जा रहा था। लकड़कट्टो द्वारा आम और नीम के हरे पेड़ काटकर खुलेआम संग्रामपुर थाने के बगल चौराहे होते हुए लोहिया नगर से प्रतापगढ़ जनपद ले जाया गया। जबकि इस दौरान संग्रामपुर चौराहे पर पुलिस कर्मी मौजूद रहे। लेकिन आरक्षित वृक्षों के कटान से लदे वाहन को पकड़कर पुलिस ने सीज करना मुनासिब नहीं समझा।




## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
2. 1. संवर्धन, पालन–पोषण 2. समर्थन।
4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।
6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।
3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।



### वर्ग पहेली -91 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | | 2 नि | | |
| थि | | | 3 पै | शा | चि | 4 क |
| मा | | | | च | | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | | पें |
| | | | | | | दि |
| | | | | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | | | |

### सुडोकू-5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

### सुडोकू -4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–अमावस्या 18 .07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त–व्यस्त रहने वाली है।

**वृष** – आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

**कर्क** – आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** – आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग–विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

**कन्या** – आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

**वृश्चिक** – आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।


**धनु** – आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

**मकर** – आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता–पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

**कुंभ** – आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार–चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज–सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

**मीन** – आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–दक्षिण। ऋतु–ग्रीष्म।

चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र–रोहिणी 20 .16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

**धड़कन** – दोपहर : 12 .00
**भीष्मा** – रात : 09 .00
**बादल** – सुबह : 10 .30
**नाम शबाना** – रात : 07 .00
**द वॉटर हार्स** – सुबह : 11 .10
**द डॉर्क नाइट** – रात : 09 .00
**यह तो कमाल हो गया** – सुबह : 11 .20
**लगान** – शाम : 06 .00
**रघुवीर** – सुबह : 09 .21
**साजन** – शाम : 06 .39

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति– दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी– अब मैं आराम भी न करूं?
पति– उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी – खुद बना लो न,
पति– मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी – हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति– ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं– बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती? एक छात्र जवाब देता है–मैडम आप तोता होतीं।
मैडम– बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र– क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है, तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है, गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है।

## संपादकीय

# गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि देश में गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी पर कोई कार्यकाल पूरा करने से पूर्व ही गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

# बचना है तो बचा लो हिमालय



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता,जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी,जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन,वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर,अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा,लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया,रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके,लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है,लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है,क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को,बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन,पाकिस्तान ,अफगानिस्तान, नेपाल,भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है,जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना,जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है,पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है,जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी,वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में,बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं,में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

## प्रसंगवश

# भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा

2024 के परिणाम एक सबक हैं,जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी,जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर,स्मृति ईरानी,वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद,आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा,बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर,जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया,मुसलमान ने वोट नहीं दिया,विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार,जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

# बड़े-बड़े दावों की खुली पोल



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है।

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया,उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस,एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं,वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला,वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था,जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे,वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था,जो जेल में रहे थे,लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की,जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में,जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार,जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा,वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

## सोशल फोरम

# देश को एक बड़ी राहत मिली

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है,पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है,जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम,स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं,विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है,वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ,कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है,जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमूम' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया,जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमूम अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे,जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था,कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था,सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है,चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

# चुनावों के निहितार्थ

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता,विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी,किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी,उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए,लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

# नष्ट होते जंगल

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है,जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था,उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है,सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है,420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए,किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं,जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना,पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# सई नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत

## नहाते समय नदी में समाए तीनों किशोर, मां के साथ गर्मी की छुट्टी मनाने ननिहाल आए थे तीनों

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़।



तीनों किशोरों की मौत के बाद बदहवास परिजन। अमृत विचार

- किशोरों की मौत के बाद ननिहाल व गांव में पसरा सन्नाटा
- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** सई नदी में नहाने गए बुधवार दोपहर दो सगे व एक मौसेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत हो गई। गर्मी की छुट्टी मनाने ननिहाल आये तीन बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हृदय विदारक हुई घटना से परिजन रो - रो कर बेहाल रहे। बच्चों के ननिहाल व गांव में मातमी सन्नाटा रहा।

लालगंज क्षेत्र के अजगरा रानीगंज,बहुंचरा गांव निवासिनी सीमा दुबे पत्नी धीरज दुबे अपने बेटे आदर्श दुबे (14) व आदित्य दुबे (12) के साथ अपने मायके रानीगंज के मऊ डंडियां गांव संजय कुमार तिवारी के घर सोमवार को आई थी। वहीं, किशुनगंज कांपा निवासी शिवा पांडेय (16) पुत्र संतोष पाण्डेय भी अपनी मां संगीता पांडेय के साथ मंगलवार को नाना के घर गर्मी की छुट्टी बिताने आया था। बुधवार दोपहर आदर्श दुबे अपने भाई आदित्य दुबे और मौसी के बेटे शिवा पांडेय के साथ बाग में घूमने निकल गया। इसके बाद मऊ डंडियां गांव में सई नदी के मऊ घाट पर तीनों नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। डूबने से दो सगे भाई सहित तीनों किशोरों की मौत हो गई। इधर, तीनों बच्चों के घर न पहुंचने पर मां व ननिहाल के लोग खोजबीन शुरू किए। ढूंढते-ढूंढते नदी के किनारे पहुंचे। वहां पर तीनों बच्चों के कपड़े रखे देखकर आंशका पर नदी में तलाश शुरू की गई। दोपहर करीब तीन बजे सई नदी के मऊडंड़िया घाट पर दोनों भाई आदर्श व आदित्य का शव पानी में उतराता दिखाई दिया तो हड़कंप मच गया। इसके बाद गोताखोरों व स्थानीय लोगों की मदद से शिवा पांडेय का भी शव खोजकर बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों परिवार के लोग कोहराम मच गया। घटना को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल गया। सूचना पर एसओ आदित्य कुमार सिंह, चौकी प्रभारी जामताली हरिमोहन राजपूत मयफोर्स पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छाया रहा।

# चार छात्रों को मिली नीट में सफलता

संवाददाता, प्रतापगढ़।



स्वप्निका शुक्ला



आदित्य सिंह



मोहित विश्वकर्मा



प्रभात गुप्ता

**अमृत विचार:** जिले अलग-अलग क्षेत्रों के बच्चों ने नीट में सफलता हासिल की। बिना कोचिंग के सफलता प्राप्त करने पर खुशी जाहिर करते हुए परिजनों ने बधाई दी है।

गड़वारा के पूरे भैया की स्वप्निका शुक्ला ने नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। स्वप्निका ने 720 में से 656 अंक पाकर आल इंडिया स्तर पर 24032 वीं रैंक हासिल की है। स्वप्निका ने निर्मल पब्लिक स्कूल नरिया में कक्षा एक से इंटर तक की पढ़ाई की है। वह घर पर ही रहकर ऑनलाइन कोचिंग से पढ़ाई कर रही थी। पिता अरविंद शुक्ल एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। मां सरिता देवी गृहणी हैं। स्वप्निका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया है। कहा कि डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना मेरा लक्ष्य है। अमर ज्योति इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह के पूर्व प्रधानाचार्य ललन सिंह के पुत्र मेडिकल व्यवसायी विनोद सिंह के पुत्र आदित्य सिंह ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल किया है। नीट में 99.60 प्रतिशत अंक हासिल कर के अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर 8454 वीं रैंक प्राप्त हुई है। इसी क्रम में कुंडा के राम विशाल विश्वकर्मा के पुत्र मोहित विश्वकर्मा ने नीट की परीक्षा में 99. 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। इन्हें 720 में 683 अंक मिले हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इनकी रैंक 7442 वीं है। लालगंज क्षेत्र के कटरा नहर चौराहा निवासी विनोद गुप्ता के पुत्र प्रभात गुप्ता ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। मां शीला भी स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर तैनात है। बुधवार को परिजनों व क्षेत्रीय लोगों ने मेधावी प्रभात का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया।

# घर के अंदर कब्र खोदकर निकाला युवक का शव



युवक का शव खोदे जाने के दौरान तैनात पुलिस। अमृत विचार

जेठवारा, प्रतापगढ़

- एसडीएम लालगंज,सीओ सदर समेत मुस्तैद रही पुलिस फोर्स

**अमृत विचार :** नौबस्ता में घर में दफनाए गए युवक के शव को डीएम के आदेश के बाद बुधवार को एसडीएम लालगंज की देख रेख में कब्र को खोदवाकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जेठवारा के नौबस्ता गांव निवासी सुषमा रानी यादव की शादी संदीप कुमार यादव के साथ हुई थी। सुषमा रानी का पति संदीप यादव अपने ननिहाल में रहता था। सुषमा ने एक बेटा सौरभ कुमार यादव व एक बेटी वैशाली यादव को जन्म दिया। इसके बाद संदीप यादव की मौत हो गई तो सुषमा रानी यादव अपनी दूसरी शादी गांव के ही सुरेंद्र कुमार यादव के साथ करके अपने ससुराल में रहने लगी। 20 मई को सुषमा अपने मायके दौलतपुर गई थी, जहां से वह 26 मई को घर लौट कर आई तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है, तब खिड़की से झांक कर देखा तो सौरभ यादव (27) लहुलुहान पड़ा है। मौके पर सुरेंद्र पहुंचे, दरवाजा खोलकर अंदर घुसे और जब देखा तो सौरभ की सांसें थम चुकी थी। जिसकी मौत हुए कई दिन बीत चुके थे। सुषमा ने बताया कि पुलिस के डर से मैं और सुरेंद्र कुमार यादव ने मिलकर अपने पुराने घर के अंदर जमीन में दफना दिया। बेटी के घर आने पर वैशाली यादव 28 मई को शाम 4 बजे घर पहुंची, तो उसकी मां ने घटना क्रम से उसे अवगत कराया। मां की बात सुनने के बाद वैशाली ने कहा कि इसकी सूचना पुलिस को देना चाहिए और अपनी मां लेकर जेठवारा थाने पहुंची। जहां पर उसने अपनी मां सुषमा रानी से इत्तफाकिया तहरीर देते हुए घटना की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम कराने की बात कही। जिस पर एसओ जेठवारा धर्मेंद्र कुमार सिंह उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए शव को बाहर निकलवाने के लिए जिलाधिकारी से टीम गठित करने के लिए पत्र लिखा। इसके बाद डीएम के आदेश पर एसडीएम लालगंज प्रवीण द्विवेदी,सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, एसआई अरुण कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घर के अंदर दफन शव को वीडियो ग्राफी कराते हुए बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर नमूना लिया।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुए पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता, प्रतापगढ़



अंजना पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों को पौधे वितरित करते प्रिंसिपल रंजन सिंह।

**अमृत विचार :** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगह -जगह पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। पौधरोपण कर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

बुधवार को अंजना पॉलीटेक्निक कालेज सकरौली मादूपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। छात्र-छात्राओं के बीच निबन्ध एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंकिता, खुशबू सिंह, पीयूष, सुनील, विपुल निबन्ध में अव्वल रहे। सौरभ यादव, अभिषेक यादव, मो. माज, इशिता शुक्ला, सचिन सिंह के स्लोगन सराहे गए। शिक्षकों ने पौधे रोपे तथा पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रिंसिपल रंजन सिंह ने छात्रों व शिक्षकों को पर्यावरण को बेहतर बनाने व संरक्षण का संकल्प दिलाया। बद्री नारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक फौजदार सिंह ने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान अंकित विश्वकर्मा, अच्छे लाल, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, शुभम ओझा, आरबी यादव, सुनील सिंह, सूरजभान, प्रदीप आदि मौजूद रहे। मानधाता के जमुआ में बाबा ब्रम्हचारी धाम पर स्व. उदरेज सिंह की स्मृति में पौधरोपण किया गया।तिलकधारी सिंह, कुंवर सिंह, विपिन सिंह, रिशु, ऋषभ,यशु, रोहित सिंह मौजूद रहे।

## कोर्ट परिसर में चलाया गया वृहद पौधरोपण अभियान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद न्यायालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुरेश चन्द्र आर्य, अपर जनपद न्यायाधीश/एससीएसटी हरविन्दर सिंह, विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट स्नेहलता सिंह, अपर जिला जज एफटीसी सुनीता सिंह नागौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना तिवारी, सिविल जज सीडि कुमुद उपाध्याय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी यादव, अपर सिविल जज सी .डि .सुमित कुमार एवं अन्य समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# 6 से 25 जून तक बंटेगा राशन

**जौनपुर। अमृत विचार :** जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 6 से 25 जून के मध्य किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर दुकानों पर वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत खाद्यान्न प्राप्त किये जाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा. खाद्यान्न (14 किग्रा. गेहूं तथा 21 किग्रा.चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा. खाद्यान्न प्रति यूनिट (2 किग्रा. गेहूं व 3 किग्रा. चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा।

# मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

**अमृत विचार :** स्थानीय वन रेंज के उमरिया बीट के ग्राम पंचायत थोथा खम्हरिया में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमें ग्रामीण समेत बहुत से संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन क्षेत्राधिकारी हलिया अवधनारायण मिश्रा द्वारा पौध रोपण कर किया गया। भारी संख्या में ग्रामीण पुरुष महिलाएं व स्कूली बच्चे बच्चियां उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हम सब को पौध रोपण करना व उसकी देख रेख करना बहुत जरूरी है तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। इस समय भीषण गर्मी में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस हो गया। इसकी मुख्य वजह पौधों का न होना है। ग्रामीणों एवं स्कूल छात्रों को अधिक पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने बताया विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को उन समस्याओं के बारे में जानकारी देने में मदद करता है, खासकर हमारा पर्यावरण रहा है और हम उनसे निपटने के लिए क्या कर सकते हैं। यह प्रदूषण को कम करने और गैर-नवप्रवर्तनीय कारणों की कमी को रोकने में बहुत फायदेमंद है। यह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न कदम सिखाता है जो वे अपना सकते हैं, जैसे प्लास्टिक से बचाना, अधिक पेड़ लगाना, पुनर्चक्रण, पानी बचाना और हमारे वन्य जीवन और जानवरों की रक्षा करना। हमें अपनी गतिविधियों के प्रति जागरूक होना चाहिए क्योंकि अब समय ही सबसे महत्वपूर्ण है। यह एक महत्वपूर्ण समय है जब हम बहुत देर होने से पहले अपने ग्रह को हुए नुकसान की भरपाई करने का प्रयास कर सकते हैं इस दौरान वन दरोगा अजय प्रकाश, चंद्रशेखर प्रजापति, श्रवण कुमार संत, वन्यजीव रक्षक नीटू शर्मा, रामदास आदिवासी, शीतला बक्स सिंह, अरविंद कुमार,ग्राम पंचायत प्रधान राजेश, यादव दिलीप सिंह, विनय पांडेय, नागराजन, अनिल मौर्या, प्रशांत सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित

**जौनपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जेसीआई ने नगर के उर्दू बाजार स्थित जलकल विभाग में पर्यावरण बचाओ अभियान पर संगोष्ठी व पौधरोपण का कार्यक्रम किया। अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष आशुतोष जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पालिका परिषद जौनपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्या ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुये इस कार्यक्रम को जीवन से जुड़ा बताया। पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने पर्यावरण के महत्व को विस्तार से बताते हुये सभी सामाजिक संगठनों को पर्यावरण बचाओ अभियान पर कार्य करने का आह्वान किया।

# दूसरे दिन भी जश्न में डूबे रहे कांग्रेसी

संवाददाता, नैनी/कोरांव



कांग्रेस की जीत पर खुशी मनाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद सीट से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह की जीत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नई जान फूंक दी है। परिणाम आने के द्वारे दिन भी कांग्रेसी जश्न में डूबे रहे। यमुनापार इलाके में खुशियां मनाई जाती रहीं।

उज्ज्वल रमण सिंह किंजीत को लेकर बुधवार को नैनी में कांग्रेसियों ने जुलूस निकाला। काटन मिल तिराहा के समीप से निकाला गया जुलूस चकदोंदी, मलहरा फाटक, स्टेशन रोड, नैनी बाजार आदि स्थानों से गुजरी। इसमें कांग्रेस पार्टी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, शहर उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, शहर महासचिव अंजुम नाज, विरेंद शर्मा, प्रदीप वर्मा, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा, जमाल अख्तर, राजू भारतीय, नागेश, इंदुबाला, जैकब, हरीओम, धीरू यादव आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार कोरांव विधान सभा क्षेत्र में घूम घूम कर ढोल नगाड़े संग जश्न मनाया गया और मिठाइयां भी बांटी गई। प्रमोद मिश्र पयासी ने बताया कि हमारे क्षेत्र के नेता हम लोगों की शान कुंवर उज्जवल रमण सिंह की जीत का श्रेय देवतुल्य जनता जनार्दन को जाता है। जिला पंचायत सोमदत्त सिंह पटेल ने बताया कि इंडिया गठबन्धन की जीत से क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

# 15 हजार से ज्यादा लोगों ने नोटा दबाकर अपने प्रत्याशी को नकारा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** नोटा ने पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की लाज रख ली। 2019 में 15333 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में 15049 मतदाताओं ने नोटा को अपनी पसंद बनाया। इससे साफ जाहिर होता है कि अभी 15 हजार से ऊपर के मतदाताओं को मौजूदा विजेता व उपविजेता प्रत्याशी पसंद नहीं आए।

लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल ने जिले में तीसरी बार सांसद का ताज अपने सिर पर रखा, लेकिन लगभग 15049 मतदाताओं ने उन्हें भी नकार दिया है। जिले की जनता को आज भी एक अच्छे प्रत्याशी की तलाश है। छानबे विधानसभा में कुल 3239 मतदाताओं ने नोटा बटन दबाया। इसी प्रकार नगर में 2193, मझवां 3272, चुनार 2718 व मड़िहान विधानसभा में सर्वाधिक 3621 मतदाताओं ने नोटा बटन दबाया। वहीं पोस्टल बैलेट वोट में कुल छह रहे। जबकि कुल 15049 मतदाताओं ने नोटा बटन को अपनी पंसद बनाया। चुनाव मैदान में अपना दल एस, सपा और बसपा को मिलाकर कुल 10 प्रत्याशी मैदान में थे। अपना दल एस, सपा और बसपा को छोड़ कर अन्य सभी प्रत्याशियों को नोटा से भी कम मत मिले।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं ने किया पौधरोपण

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के मवई कला स्थित पंचशील डिग्री कालेज के सभागार में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीए, बीकाम, बीएससी, बीएफए, बिलीव, बीएड, डीएलएड के छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए बोलने का अवसर दिया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण करने पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण बना रहे। क्षेत्र में हो रहे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्रकृति के साथ मानव खिलवाड़ कर रहा है, जिससे पर्यावरण बिगड़ रहा है। महाविद्यालय के बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रा आकांक्षा, शिवानी मिश्रा, सुनैना विश्वकर्मा प्रीती द्वारा महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया है। इस दौरान प्रबंधक लालबहादुर मौर्य, प्राचार्य डा राघवेन्द्र श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल, रमाकांत सिंह,आरती सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार वनक्षेत्राधिकारी ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने ग्राम पंचायत गलरा के पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा के साथ पंचायत भवन के परिसर में पौधरोपण किया है।

# नैनी जिला जेल में किया गया पौधरोपण

संवाददाता, नैनी



नैनी कारागार में किया गया पौधरोपण।



नैनी कारागार में पौधरोपण करते हुए कर्मचारी।

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवीन जिला कारागार प्रयागराज में वृहद् पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा कारागार की महिला बैरक परिसर में मंगल गीतों के बीच पौधरोपण का शुभारंभ किया।

इस मौके पर महिला बैरक परिसर मे 50 एवं कारागार के अन्दर 150 अशोक के पौधे लगाए गए। हंस फाउण्डेशन द्वारा आम, जामुन, कटहल एवं अमरूद के पांच पांच पौधे लगवाये गये तथा अपरान्ह में "लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड जल जीवन मिशन" प्रयागराज के ईंचार्ज प्रशान्त मिश्र एवं मैनेजर विद्याभूषण दूबे, एडमिन जैसराज एवं उनकी टीम द्वारा कारागार के अन्दर आम के 100, शीशम के 50, गुड़हल के 50, कनैर के 50, कटहल के 50 एवं गोल्डेन हेज के 200 पौधे लगाए गए। कारागार में महिला बन्दिनियों के साथ निरूद्ध बच्चों द्वारा भी पौधरोपण किया गया एवं कारागार के बाहर गेट पर बंदियों से मुलाकात करने आये हुए उनके परिजनों द्वारा भी पौधरोपण कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उप कारापाल अरविन्द कुमार सिन्हा, उप कारापाल सौरभ सिंह यादव समेत कारागार के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाए। प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि "वृक्ष धरा के हैं आभूषण, हैं हमारे जीवनदाता, आओ हम सब मिलकर वृक्ष लगायें, धरती पर हरियाली लायें"।

## सार-संक्षेप

### ऋद्धिमा ने जनपद का बढ़ाया मान



**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** नीट में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर ऋद्धिमा श्रीवास्तव ने परिवार सहित जनपद का नाम रोशन कर दिया। उसने नीट में 98 .85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नगर के जजेज कॉलोनी निवासी ऋद्धिमा के पिता प्रवीण मोहन श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। उसके दादा स्व . मोहन लाल श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। ऋद्धिमा की माता रोली श्रीवास्तव अध्यापिका हैं। ऋद्धिमा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही। उसने 2021 में हाईस्कूल में 98 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट में बायो ग्रुप से 95 .2 प्रतिशत अंक हासिल किया था। इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 1 वर्ष में ही प्रथम प्रयास में उसने सफलता हासिल की। ऋद्धिमा की सफलता से परिजनों व जनपदवासियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### कांग्रेस कार्यालय पर बंटी मिठाई, जताया जनता का आभार



कांग्रेस कार्यालय पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते पार्टी पदाधिकारी।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** इण्डिया गठबंधन से डॉ .शिवपाल सिंह पटेल के सांसद निर्वाचित होने पर कांग्रेस कार्यालय पर मिठाई वितरित की गई। पार्टी के लोगों ने एक दूसरे को भी मिठाई खिलाकर खुशी जताई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ .नीरज त्रिपाठी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत की सराहना किया। उन्होंने प्रतापगढ़ की जीत का श्रेय जनता के साथ-साथ इण्डिया गठबन्धन के शीर्ष नेताओं,उप नेता प्रतिपक्ष सांसद प्रमोद तिवारी,सीएलपी लीडर व विधायक आराधना मिश्र मोना को दिया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ . वीके सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ . प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, इंद्रानंद तिवारी, इम्तियाज अहमद, सुरेश मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, नागेंद्र पांडेय, सुधीर तिवारी, विश्वास सिंह,शुभम मिश्र, सुरेश दूबे,महमूद खान उपस्थित रहे।

### पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी : अजय गुप्ता



बीआरपी इण्टर कालेज में पौधरोपण करते लॉयंस क्लब रॉयल के सदस्य।

**संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर लायंस क्लब रॉयल ने बीआरपी इण्टर कालेज में पौधरोपण कार्यक्रम किया। संस्थाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधरोपण कर हम सब पर्यावरण की सुरक्षा में सहायक हो सकते हैं। इसी क्रम में उपाध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन अनेक समस्याओं का प्रमुख कारण है। वृक्षों से ही हमें स्वच्छ वायु, आक्सीजन और प्राकृतिक वातावरण प्राप्त होता है। अभिताष गुप्ता ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण है। हम जितने अधिक पौधे लगायेंगे, हमारी आने वाली पीढ़ी उससे लाभान्वित होगी। इस दौरान नीम, आम आदि के अनेक पौधे विद्यालय परिसर में रोपे गये जहां सभी का स्वागत सचिव रसाल बरनवाल ने किया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक संदीप सेठी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रदीप प्रधान, राजेन्द्र स्वर्णकार, ऋषि श्रीवास्तव, राजेश अग्रहरि, आदेश सेठ, अजय सोनकर, विष्णु गौड़, विक्रम गुप्ता, रविकांत जायसवाल, डा . गौरव प्रकाश मौर्या सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जीत के साथ अनुप्रिया ने बनायी हैट्रिक का रिकॉर्ड

**संवाददाता, मिर्जापुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर संसदीय सीट से एनडीए की सहयोगी अपना दल एस की अनुप्रिया ने कड़े संघर्ष से जीत दर्ज कर हैट्रिक का रिकॉर्ड भी बनाया है। आजादी के बाद से अब तक हुए संसदीय चुनावों में कांग्रेस और सपा के प्रत्याशियों ने दो बार जीत तो दर्ज की पर हैट्रिक नहीं बना पाए। मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल ने पहली बार वर्ष 2014 में चुनाव जीता था। उन्होंने बसपा की समुद्रा बिंद को दो लाख से भी अधिक मतों से हराया था। उसके बाद वर्ष 2019 में उन्होंने बसपा और सपा की संयुक्त प्रत्याशी सपा के रामचरित्र को दो लाख बत्तीस हजार से अधिक वोटों से हराया। अपने तीसरे चुनाव में अनुप्रिया पटेल को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। शुरुआत के 11 चरणों में वह सपा प्रत्याशी रमेश चंद्र बिंद से पिछड़ी। उसके बाद एक-दो चक्र में मामूली बढ़त ली। फिर पिछड़ गईं। ऐसा लग रहा था कि मिर्जापुर से हैट्रिक लगा पाने का रिकॉर्ड वह नहीं बना पाएंगी। पर बाद के कुछ चरणों में उन्होंने मामूली बढ़त बनाई तो उनके हैट्रिक की उम्मीद बढ़ी। उसके बाद वह लगातार बढ़त बनाती गई और 37810 वोटों से उन्होंने न्हों सपा के रमेश चंद्र बिंद को शिकस्त देकर मिर्जापुर से हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया। अब तक मिर्जापुर संसदीय सीट से कांग्रेस के जान एन विल्सन ने लगातार दो बार वर्ष 1952 और 1957 में लगातार जीत दर्ज की थी। उसके बाद सपा से फूलन देवी मिर्जापुर से दो बार सांसद बनीं पर लगातार नहीं। उन्होंने अपना पहला चुनाव वर्ष 1996 में जीता था। वर्ष 1998 के चुनाव में वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह से हार गईं। वर्ष 1999 में हुए चुनाव में फूलन देवी ने दोबारा सपा के टिकट से लड़ कर चुनाव जीत लिया।

### बीच सड़क पर बना फव्वारा, राहगीर परेशान



**संवाददाता, नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार :** नैनी फूलमंडी के समीप बीच सड़क पानी का फव्वारा बन गया है। इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक फूलमंडी में सड़क बनाने का काम चल रहा है। चार दिन पहले बीच सड़क के नीचे पाइपलाइन फट गई। इससे वहां पर पानी का फव्वारा बन गया है। पानी की आपूर्ति के समय कई फिट तक पानी ऊपर चला जाता है। फव्वारा बीच सड़क पर होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस फव्वारा को गिट्टी डालकर बंद करने की कोशिश की गई लेकिन कुछ समय बाद वह दोबारा वैसे हो जाता है। इस संबंध में जल कल विभाग के जेई एसपी सिंह ने बताया कि वहा काम चल रहा है। कार्यदाई संस्था को उसे ठीक कराना चाहिए। उनसे कहता हूं कि जल्द ठीक कराएं।



### यूपी की जमीनी हकीकत भांप नहीं पाई पार्टी तो बंगाल में मतदाता का मिजाज समझने में फिर कर बैठी चूक

# यूपी, बंगाल, महाराष्ट्र और राजस्थान ने कर दिया भाजपा की उम्मीदों का बंटाधार

मनोज त्रिपाठी

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झटका देकर रोक दी बहुमत के आंकड़े की राह**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया अखिलेश यादव की अगुवाई में इंडिया गठबंधन तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में बहुमत के आंकड़े से रोक दिया। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए हैरत भरे रहे। यूपी में जहां भाजपा जमीनी हकीकत नहीं भांप पाई तो बंगाल में ममता के जादू की काट खोजने में एक बार फिर विफल रही। इन दो राज्यों के बाद महाराष्ट्र और राजस्थान में मिला झटका भाजपा के सामने तमाम सवाल छोड़ गया है।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रदेश में 64 सीटों पर जीत मिली थी। इनमें 62 सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इस बार एनडीए को 36 सीटें मिली हैं, जिनमें भाजपा की संख्या 33 है। इस तरह प्रदेश में भाजपा की सीटें लगभग आधी रह गई हैं। इसके मुकाबले इस बार सपा का वोट शेयर 18 फीसदी से बढ़कर 33.5 फीसदी पर पहुंच गया। उसने प्रदेश में अब तक की सबसे ज्यादा 37 सीटें हासिल कर लीं। यूपी में इंडिया गठबंधन के पास 43 फीसदी वोट शेयर होने से एनडीए जिसके पास भी लगभग इतना ही वोट शेयर था, के साथ कांटे की टक्कर रही। पिछली बार 2019 के चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का वोट शेयर 37.3 फीसदी था, जो एनडीए के लगभग 50 प्रतिशत से काफी पीछे था। इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में बड़ा उछाल आने का कारण प्रत्याशियों का चयन और युवाओं की नाराजगी माना जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश के आंकड़े

एनडीए : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 62 | 49.97 |
| अपना दल | 02 | 1.21 |

एनडीए : 2024


| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 33 | 41.37 |
| अपना दल | 01 | 0.92 |

### सपा-बसपा : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 05 | 18.11 |
| बसपा | 10 | 19.42 |
| रालोद | 00 | 1.6 |

### इंडिया गठबंधन : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 37 | 33.59 |
| कांग्रेस | 06 | 9.46 |



### पश्चिम बंगाल में भाजपा के वोट 2 प्रतिशत घटे, टीएमसी के इतने ही बढ़े

- 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में साल 2019 में 18 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार 12 सीटों से संतोष करना पड़ा। टीएमसी को 29 सीटों पर जीत मिली। एक सीट कांग्रेस ने जीती। पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था, भाजपा नेताओं ने 25 से ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार भरी थी। इसके लिए संदेशखाली और भ्रष्टाचार के मुद्दे को भाजपा ने पूरे चुनावी अभियान में सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन परिणामों में यह रणनीति धराशायी नजर आई। संदेशखाली में आने वाली बशीरहाट की सीट टीएमसी ने भारी अंतर से जीत ला। राज्य में मोदी फैक्टर से बड़ा निकला ममता बनर्जी फैक्टर। टीएमसी की भारी सफलता के पीछे महिला और मुस्लिम वोटर ने बड़ा रोल निभाया। राज्य में टीएमसी का मत प्रतिशत इस बार 45.77 रहा, जो 2019 में प्राप्त 43.7 प्रतिशत वोटों से दो फीसदी अधिक है। इसी के चलते पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में सात सीटें और जीत लीं। इससे पहले 2019 के चुनाव में भी टीएमसी का वोट प्रतिशत 4.64 बढ़ा था, तब भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं और उसके वोट में 22.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी। लेकिन इस बार भाजपा के मत प्रतिशत में दो फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भाजपा को इस बार 38.73 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि 2019 में पार्टी को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके चलते भाजपा को छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा।

- महिलाएं और मुस्लिम मतदाता बने टीएमसी की बड़ी जीत के आधार, संदेशखाली और भ्रष्टाचार का मुद्दा रहा बेअसर



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।



सचिन पायलट : काम आई रणनीति।

### राजस्थान में हैट्रिक से चूकी भाजपा, 9.16% वोट गंवाए

राजस्थान में जहां पिछली बार एनडीए ने सभी 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा को 24 सीटें मिली थीं। एक सीट आरएलपी के खाते में गई थी। लेकिन इस बार भाजपा को राज्य में 14 सीटों पर ही जीत मिली है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन के खाते में 11 सीटें चली गईं, जिनमें 8 सीटें कांग्रेस की हैं। कांग्रेस का दस साल बाद राज्य में खाता खुला, पिछले दो चुनाव से भाजपा राजस्थान में क्लीन स्वीप कर रही थी। इस बार | कांग्रेस ने सचिन पायलट को आगे करके प्रत्याशी चयन में जाट, गूर्जर और मीणा वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया था। छह माह पहले विधान सभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा का राज्य में वोट शेयर 9.16 प्रतिशत गिर गया, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 8.22 प्रतिशत बढ़ गया। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य में 60 फीसदी वोट हासिल किए थे।



दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल होने पहुंचे एलजेपी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पूर्व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुंचे राजद नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने साथी नेताओं का अभिवादन किया।

# वोट शेयर और सीटों के खेल में भाजपा कई राज्यों में हो गई फेल

चुनाव डेस्क

- तमिलनाडु में 11.2 प्रतिशत वोट पाकर भी खाता नहीं खुला, महाराष्ट्र में डेढ़ फीसदी वोट कम होने से 14 सीटों से पड़ गया हाथ धोना
- पंजाब में 2019 से दोगुने वोट पाकर भी गठबंधन नहीं होने के कारण पार्टी रह गई खाली हाथ, पिछली बार की दो सीटें भी गंवाई

**कर्नाटक में 0.63 % वोट कम रहने से कांग्रेस ने गंवाई 8 सीटें**

भाजपा – 46.06 – 17 सीट
कांग्रेस – 45.43 – 09 सीट

**हरियाणा में 2.44 वोट का अंतर पर सीटें मिलीं बराबर**

भाजपा – 46.11 – 05 सीट
कांग्रेस – 43.67 – 05 सीट

**राजस्थान में 11.33 वोट कम पाकर कांग्रेस ने झटक लीं 8 सीटें**

भाजपा – 49.24 – 14 सीट
कांग्रेस – 37.91 – 08 सीट

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर 2019 के चुनाव में 3.6 प्रतिशत था, जो इस बार बढ़कर इस बार 11.2 प्रतिशत पर पहुंच गया, लेकिन इससे उसकी सीटों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ। पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। इसी तरह पंजाब में भाजपा का पिछली बार वोट शेयर 9.6 फीसदी से बढ़कर इस बार के चुनाव में 18.6 प्रतिशत हो गया, लेकिन किसी दल से गठबंधन नहीं होने की वजह से यह आंकड़ा सीट जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस कारण भाजपा को 2019 में जीती गई अपनी दो सीटें भी गंवानी पड़ीं। बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत पिछली बार के 23.6 प्रतिशत के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत गिरकर 20.5 पर पहुंच गया। इस वजह से उसे 5 सीटें गंवानी पड़ गईं, जबकि पश्चिम बंगाल में महज 1.6 प्रतिशत की गिरावट की वजह से उसकी छह सीटें कम हो गईं। वोट प्रतिशत और सीटों के आंकड़े में सबसे ज्यादा उलझाव महाराष्ट्र में नजर आया। यहां भाजपा की हिस्सेदारी पिछली बार के 27.6 प्रतिशत से सिर्फ 1.4 प्रतिशत गिरकर 26.2 प्रतिशत पर पहुंचने से भाजपा को पिछली बार की आधी से भी कम सीटें ही मिल सकीं।

# शिवसेना और एनसीपी में टूट की कीमत भाजपा ने चुकाई


48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दो टुकड़ों में बंट गई थी। शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद गुट) इंडिया गठबंधन के साथ था तो शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) एनडीए के साथ खड़ा था। बहुकोणीय मुकाबले में भाजपा को उम्मीद थी कि वह अपने साथियों के साथ राज्य में धमाकेदार सफलता हासिल कर लेगी। भाजपा को महाराष्ट्र में पिछली बार 23 सीटें मिली थीं, मगर इस बार बदले राजनीतिक हालात में उसे 9 सीटें ही मिल सकीं। उत्तर प्रदेश और बंगाल के बाद भाजपा को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में ही लगा। यहां भाजपा 9 सीटें तो उसके सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) ने 7 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- अजित ने एक सीट जीती। इसके मुकाबले कांग्रेस ने 13 सीटें और उसके साथ गठबंधन में शामिल शिवसेना उद्धव गुट ने 9 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार ने 8 सीटें जीत लीं। इससे राज्य में एनडीए की सीटों की संख्या 17 के सामने इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या 30 पहुंच गई। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा ने अपने दम पर 23 सीटें जीती थीं।

यहां मतदाताओं को 2022 में शिवसेना और 2023 में एनसीपी का अलग-अलग होना रास नहीं आया। इसके साथ ही शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए मराठा आंदोलन ने भी नतीजों को प्रभावित किया।



इंडिया गठबंधन को मिली जीत के बाद पत्रकारों को संबोधित करते शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और गठबंधन की जीत पर खुशी जताई।

- असली-नकली के फेर में फंसे मतदाता दोनों गठबंधनों की तरफ बंटे, मराठा आंदोलन भी लगा गया चपत



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेंगलुरु में किया स्वागत।

# बसपा की हुई बुरी गत, पार्टी इस बार चारों खाने चित

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बसपा इस बार चुनाव में अकेले दम पर उतरी थी। लेकिन पार्टी सुप्रीमो मायावती का यह फैसला आत्मघाती साबित हुआ। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद 2024 में भी बसपा का खाता नहीं खुल पाया। पार्टी के लिए परिणाम विधानसभा चुनाव से भी बदतर रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को फिर भी एक सीट मिल गयी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में कोई सीट तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी। प्रदेश में वोट शेयर भी 10 प्रतिशत से नीचे चला गया।

इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर अकेले चुनाव मैदान में उतरना बसपा को बहुत भारी पड़ा। पार्टी अपने सबसे खराब दौर में पहुंच गई है। पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन करके 10 लोकसभा सीट जीतने वाली पार्टी ने अपनी सारी साख गंवा दी। यहां तक कि बसपा का ग्राफ वर्ष 1989 से भी नीचे चला गया, जब वह पहला चुनाव लड़ी थी। 1989 में बसपा ने 9.90 फीसदी वोटों के साथ लोकसभा की दो सीटें जीती थीं। इस चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत गिरकर 9.14% रह गया है।

### लोकसभा चुनाव में सीटें

| चुनाव | सीटें |
|---|---|
| 1996 | 06 |
| 1998 | 04 |
| 1999 | 14 |
| 2004 | 10 |
| 2009 | 20 |
| 2014 | 00 |
| 2019 | 10 |
| 2024 | 00 |

### आजाद बन पाएंगे नया दलित चेहरा?

इस बार बसपा के मूल जाटव वोटरों में भी टूट हो गई। वे भाजपा की ओर गए, लेकिन बड़ा हिस्सा सपा और कांग्रेस के खाते में गया। जाटवों के टूटने से अन्य दलित जातियों ने भी बसपा से मुंह मोड़ लिया। नगीना में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद 5 लाख से ज्यादा वोट पाकर जीते। साफ है कि दलित वोटरों ने बसपा का साथ छोड़कर आजाद को वोट दिया है।


### आकाश आनंद को हटाने के बाद बिगड़ गया खेल

लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों के लिए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाए गए आकाश आनंद ने प्रचार किया। इन तीन चरणों में प्रदेश 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इनमें 19 सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को 50 हजार से अधिक और 6 सीटों पर एक लाख से ज्यादा वोट मिले। लेकिन आकाश आनंद को चुनावी अभियान से हटाए जाने के बाद चार चरणों में 64 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें बसपा 25 सीटों पर 50 हजार से ज्यादा और 11 सीटों पर ही एक लाख से अधिक वोट पा सकी। इससे लगता है कि बसपा के वोट बैंक ने आकाश आनंद को हटाए जाने के फैसले का समर्थन नहीं किया और दूसरे दल का रास्ता पकड़ लिया।



- सुप्रीमो मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला पार्टी को ले डूबा
- सीट जीतना तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी

### लोकसभा चुनाव में वोट शेयर




### हाथ से फिसल गए इस बार कोर वोटर जाटव

- बसपा की इतनी बुरी हालत उसके कोर वोटर जाटव समाज के खिसकने से हुई। दलित आबादी में करीब 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला जाटव समाज इसबार उसके हाथ से फिसल गया। संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर इस चुनाव में अधिकतर सीटों पर जाटव वोट बैंक का कहीं आधा तो कहीं तिहाई हिस्सा बसपा से छिटक कर सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ चला गया। इससे पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने सीट भले एक जीती थी, लेकिन वोट शेयर 12.9 फीसदी के साथ जाटव वोट बैंक बचाने में सफल रही थी। इस अंकड़े को इस बात से बल मिलता है कि प्रदेश में दलितों की आबादी 21 फीसदी से कुछ अधिक है, जिसमें जाटव वोट बैंक करीब 13 फीसदी है।
- पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़कर भाजपा के बाद बसपा प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में अकेले उतरी पार्टी के दयनीय प्रदर्शन से तय हो गया था कि बसपा अब भाजपा और सपा से काफी पीछे चली गयी है। इसके बावजूद मायावती को लग रहा था कि लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरणों की इंजीनियरिंग के सहारे वह कम से कम 30 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष बनाकर कुछ सीटें जीतकर अपना आधार मजबूत कर लेंगी। लेकिन इसके विपरीत 80 फीसदी लोकसभा सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा मुकाबला होने से बसपा की चुनौती मतदाताओं ने नजरअंदाज कर दी।

### आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी बन गई आत्मघाती

- कांग्रेस और सपा जहां चुनाव अभियान में जोर शोर से यह प्रचार करने में लगी थीं कि भाजपा 400 पार इसलिए चाहती है, ताकि संविधान को बदला और आरक्षण को खत्म किया जा सके। लेकिन आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर सबसे आगे रहने वाली बसपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। इससे दलित वोट बैंक में यह संदेश गया कि शायद मायावती अब बहुजन आंदोलन से दूर हो गयी हैं।

### 10 साल में 10 फीसदी घट गया वोट प्रतिशत

- लोकसभा चुनाव 2014 में बसपा खाता नहीं खोल पाई थी। लेकिन उसका वोट शेयर 19.77 फीसदी था। मोदी लहर में प्रदेश की 80 में 73 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। सपा 5 और कांग्रेस 2 सीटों पर जीती थी। बसपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीटें जीती थीं और उसे 22.23 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। बसपा को 19.43 फीसदी वोटों के साथ 10 सीटों पर जीत मिली थी। इसके बाद विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,382.24 | 22,620.35 |
| बढ़त | 2,303.19 | 735.85 |
| प्रतिशत में | 3.20 | 3.36 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

- आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात




बार इसे यथावत रखा है। एसबीआई के एक शोध पत्र के अनुसार, केंद्रीय बैंक को उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर बरकरार रहना चाहिए। एमपीसी बैठक की रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रेपो दर में कटौती करेगा और यह कटौती कम रहने की संभावना है। कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में पांच प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है और उसके बाद जुलाई में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# अडाणी की कंपनियों के शेयरों में उछाल अडाणी ग्रीन एनर्जी 11 प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पहले मंगलवार को चुनाव नतीजों की घोषणा के बीच समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। बीएसई पर अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई।

एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अडाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया। दिन में कारोबार के दौरान अडाणी ग्रीन के शेयर में 12.24 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 9.62 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.95 प्रतिशत, अडाणी पावर में 7.54 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज में 7.22 प्रतिशत, अडाणी टोटल में 6.40 प्रतिशत, एसीसी में 6.17 प्रतिशत, एनडीटीवी में 5.82 प्रतिशत और अडाणी विल्मर में 2.23 प्रतिशत का उछाल आया। हालांकि, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक




और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।



## एक नजर

### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

### गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा-तथ्य यह है कि भारी दबाव है, यह प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता (आप) को पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जीपीआरए (जनरल पूल आवास) से आवास आवंटित करने के अधिकार से इनकार करने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से छह सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके निर्णय लें कि जीपीआरए से एक भी आवासीय इकाई याचिकाकर्ता को क्यों नहीं आवंटित की जा सकती है, जबकि अन्य सभी राजनीतिक दलों को जीपीआरए से समान आवास आवंटित किया गया है। आदेश में कहा गया है, उन्हें याचिकाकर्ता के आग्रह पर फैसले वाला विस्तृत आदेश याची को उपलब्ध करने दें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।



गुवाहाटी में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने आई बाढ़ के दौरान नावों पर सवार होकर लोगों को बचाया। इस समय भारी बारिश के चलते राज्य में आई बाढ़ से लोग काफी परेशान हैं। • एजेंसी

## केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

## देश के उत्तर, पश्चिम हिस्सों में वर्षा के आसार

- मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 4-5 दिनों को लेकर जताई है संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में अगले 4-5 दिनों में धूल भरी आंधी चलने के साथ-साथ वर्षा होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के तहत, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 8 जून को गरज और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ-साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

इसी अवधि में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं जबकि पूर्वी भारत, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिनों के दौरान लू की स्थिति जारी रहने के आसार हैं। मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, कर्नाटक के शेष हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिण ओडिशा, पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्से में अगले तीन-चार दिनों के दौरान मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

## बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए। भाजपा ने ओडिशा में 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया है जबकि बीजद केवल 51 सीटें जीत पाई।

## सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगित मिली है।

## छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

# विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी

**मुंबई, एजेंसी**



बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

## दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगी भीषण

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। सोशल मीडिया पर अस्पताल में आग लगने के बारे में कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया था।



**खेल डायरी**




### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# जीत के साथ शुरू हुआ भारत का सफर

## आयरलैंड को आठ विकेट से हराया, रोहित ने जड़ा अर्धशतक, हार्दिक ने झटके तीन विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा की (52) रनों की अर्धशतकीय तथा ऋषभ पंत के नाबाद (36) की पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने 97 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेज शुरुआत की, इसी दौरान तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली (1) मार्क ऐडेयर ने आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने अच्छी साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर 76 रन तक पहुंचा था कि 10वें ओवर में रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। रोहित ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खोली। सूर्यकुमार यादव दो रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेयर और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया था। आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



हैरी टेक्टर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी


ऋषभ पंत
36* रन
26 गेंद
3/2 चौके/छक्के
36 रनों की पारी के दौरान शॉट लगाने ऋषभ पंत ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

| आयरलैंड 96/10 (16 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप | 5 | 10 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप | 2 | 6 | 0/0 |
| लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह | 4 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक | 12 | 8 | 1/1 |
| जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज | 3 | 5 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत) | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक | 3 | 2 | 0/0 |
| बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर | 0 | 6 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिलब बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट | 2 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन:** 15, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

| भारत 97/2 (12.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर हर्ट | 52 | 37 | 4/3 |
| विराट कोहली कैच व्हाइट बो एडेयर | 1 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 | 26 | 3/2 |
| सूर्यकुमार कैच डॉकरेल बो व्हाइट | 2 | 4 | 0/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन:** 6, **गेंदबाजी:** मार्क एडेयर 4-0-27-1,जोशुआ लिटिल 4-0-42-0, बैरी मैक्कार्थी 2.2-0-18-0, कर्टिस कैम्फर 1-0-4-0, बेंजामिन व्हाइट-1-0-6-1

## मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।



### चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

# कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

**नॉर्वे शतरंज**



## अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

# टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

लंदन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।



# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।



### इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया



**मिलान।** इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

## एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

# घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।



### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7,6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में दी मान्यता

**ल्युब्लियाना, एजेंसी।** यूरोपीय देश स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मंगलवार को मान्यता दे दी। स्लोवेनियाई संसद ने बहुमत से इस कदम को मंजूरी दे दी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की ओर से इस मुद्दे पर जनमत संग्रह के आह्वान को खारिज कर दिया।

गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए इजरायल पर दबाव बनाने के व्यापक प्रयास के तहत सरकार ने पिछले हफ्ते स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे के नक्शेकदम पर चलते हुए फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला किया। प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने एक्स पर कहा फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने से वेस्ट बैंक और गाजा में लोगों में आशा जगी है।

# नाबालिग की रिमांड बढ़ाने की मांग को बाल न्याय मंडल का किया रुख

**पुणे, एजेंसी**

**पुणे कार दुर्घटना**

पुणे पुलिस ने बाल न्याय मंडल (जेजेबी) के समक्ष एक आवेदन दायर कर एक कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय किशोर की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया है जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के एक निगरानी गृह में बंद 17 वर्षीय लड़के की रिमांड बुधवार को समाप्त हो रही है। पुणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा, हमने जेजेबी के समक्ष एक आवेदन दायर कर पर्यवेक्षण गृह में उसकी हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की है। पुणे पुलिस की याचिका पर जेजेबी के समक्ष बुधवार को सुनवाई होनी है। महाराष्ट्र के पुणे शहर के कल्याणी नगर में 19 मई को तड़के एक पोर्श कार की टक्कर लगने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कार को कथित रूप से एक नाबालिग चला रहा था जो उस वक्त शराब के नशे में था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटे बाद एक रियल एस्टेट डेवलपर के नाबालिग बेटे को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने के लिए कहा था। कड़ी आलोचना के बाद, पुलिस ने फिर से जेजेबी से संपर्क किया, जिसने आदेश में संशोधन किया और आरोपी को 5 जून तक निगरानी केंद्र में भेज दिया। पुलिस ने नाबालिग के रक्त नमूनों की उसकी मां के रक्त नमूनों से कथित अदला-बदली के आरोप में नाबालिग के पिता, मां, दो डॉक्टरों और सरकारी ससून जनरल अस्पताल के एक अन्य कर्मचारी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। घटना से संबंधित मामले में नाबालिग के दादा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने और आरोपी डॉक्टरों और नाबालिग के पिता के बीच वित्तीय लेनदेन कराने के आरोप में मंगलवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।

## ताइवान ने क्षेत्र में चीन के 26 विमानों का पता लगाया

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की सेना ने पिछले दिन द्वीप के करीब चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 26 विमानों और 10 जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म "एक्स" पर लिखा गया "ताइवान के आसपास संचालित 26 पीएलए विमान और 10 पीएलएएन जहाजों का पता स्थानीय समयानुसार आज सुबह छह बजे तक लगाया गया था। इस दौरान 19 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड (वायु रक्षा पहचान क्षेत्र) में प्रवेश किया।"

# उ. कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उड़े बी-1बी बमवर्षक विमान



जेडीएएम बमों में बंकर-बस्टर भी शामिल

दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका ने सात वर्ष में पहली बार दक्षिण कोरिया में अपने बमबारी अभ्यास के लिए बुधवार को कोरियाई प्रायद्वीप पर लंबी दूरी के बी-1बी बमवर्षक विमान उड़ाए। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बी-1बी बमवर्षक विमान ने अमेरिका के अन्य और दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किए।

उसने बताया कि बी-1बी बमवर्षक विमान ने प्रशिक्षण के दौरान दक्षिण कोरिया के विमानों के सुरक्षा घेरे में रहते हुए ज्वाइंट डायरेक्ट एटैक म्यूनिशंस (जेडीएएम) गिराए। यह 2017 के बाद से ऐसा पहला बमबारी अभ्यास है। जेडीएएम बमों में बंकर-बस्टर भी शामिल हैं। जेडीएएम एक मार्गदर्शन प्रणाली है जो बिना निर्देशित, पारंपरिक बमों को अधिक सटीक, जीपीएस-निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। अमेरिका के सभी लड़ाकू विमान, बमवर्षक विमान और ड्रोन जेडीएएम इस्तेमाल कर सकते हैं और इसकी युद्ध सामग्री उन हथियार प्रणालियों में शामिल है जिसे अमेरिका रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध कराता रहा है।

## एक नजर

### इजरायली हमले में 38 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा में मंगलवार को इजरायल की सेना के हमले में कम से कम 38 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। अल जज़ीरा ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में आठ फिलिस्तीनी पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों की देर अल-बलाह में उनकी कार पर हुए इजरायली हमले में मौत हो गयी। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा था उनकी जमीनी सेना मध्य गाजा पट्टी के ब्यूरिज इलाके में काम कर रही थी, जबकि लड़ाकू विमानों ने हवा से हमास के ठिकानों पर हमला किया।

### इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में भूकंप के झटके

**हांगकांग।** इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक 02 :20 बजे (ग्रीनविच मीन टाइम) आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 3 .66 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 100 .68 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10 .0 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

### श्रीलंका में समुद्र में डूबे भारतीय दंपति की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने आए एक भारतीय दंपति की देश के दक्षिण में हंबनटोटा के पास समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय पुरुष और 33 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। प्रारंभिक पड़ताल के अनुसार दोनों पति-पत्नी थे। एक समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, घटना मंगलवार को किरिंदा बीच पर अपने परिवार के साथ आए पर्यटकों के साथ घटी।

### पाकिस्तान में टिकटॉकर की गोली मारकर हत्या

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नाजिमाबाद में मंगलवार की रात मोबाइल फोन की दुकान के सुरक्षा गार्ड ने एक टिकटॉकर को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान उत्तरी नाजिमाबाद निवासी मुख्तियार अहमद के 24 वर्षीय बेटे साद अहमद के रूप में हुई है। सुरक्षा गार्ड ने उसे उस समय गोली मारी दी, जब वह साखी हसन के पास सरीना मोबाइल मार्केट के बाहर वीडियो बना रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि लोग एक घायल व्यक्ति के आसपास खड़े थे और सुरक्षा गार्ड गुल हसन को पकड़ रखा था।

# भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है चुनाव : सीजेआई

## चुनावों के बीच न्यायाधीशों ने मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित किया

**ऑक्सफोर्ड/लंदन, एजेंसी**

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर बात रखी
- न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला



भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं न्यायाधीश व्यवस्था की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ मंगलवार को प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने इस दौरान न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली कुछ अनुचित आलोचनाओं को रेखांकित करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचने में मदद करना है। उन्होंने भारत के आम चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है... भारत में न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते और इसका एक कारण यह भी है कि न्यायाधीश हालातों और संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसमें हम परंपरा की भावना को प्रदर्शित करते हैं और साथ ही इस भावना को भी प्रदर्शित करते हैं कि एक अच्छे समाज का भविष्य कैसा होना चाहिए। निर्णय सुनाते समय उन्हें जिन राजनीतिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा, उसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, न्यायाधीश के रूप में मेरे 24 वर्षों के कार्यकाल में मुझे कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा, हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है... लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए। यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा किसी निर्णय के संभावित प्रभाव की समझ है।

वहां मौजूद विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए गए फैसले के बारे में सवाल पूछा जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था। उन्होंने कहा, मैं यहां फैसले का बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि एक न्यायाधीश के तौर पर मेरा मानना है कि एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद यह न केवल राष्ट्र की बल्कि वैश्विक मानवता की पूंजी बन जाता है।

## सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बुधवार को एक अन्य सहकर्मी के साथ तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए रवाना हुईं। इसके साथ ही दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया।



विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' कई बार के विलंब के बाद फ्लोरिडा के 'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना हुआ। विलियम्स ने इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में भी इतिहास रचा। वर्ष 2012 में विलियम्स अंतरिक्ष में 'ट्रायथलॉन' पूरा करने वाली पहली व्यक्ति बनी थीं। विलियम्स मई 1987 में अमेरिकी नौसैन्य अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद अमेरिकी नौसेना से जुड़ी थीं। विलियम्स को 1998 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था और वह दो अंतरिक्ष अभियानों-2006 में अभियान 14/15 तथा 2012 में 32/33 अभियानों का हिस्सा बनीं।

# बाइडन-ट्रंप ने कुछ राज्यों में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**





अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगवलार को कुछ राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीत लिया। 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार चुनाव में उतरे ट्रंप ने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यू जर्सी में प्राइमरी चुनाव जीता। बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डकोटा, न्यू जर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीता।

ट्रंप और बाइडन दोनों को मंगलवार को हुए मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन कई अमेरिकियों का कहना है कि वे 2020 के चुनाव को दोहराना नहीं चाहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप के वर्चस्व को पहले संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चुनौती दी थी लेकिन बाद में उन्होंने मार्च में राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की। हेली ने दो सप्ताह पहले कहा था कि वह नवंबर में ट्रंप के लिए वोट करेंगी। हालांकि, न्यू मेक्सिको में वह प्राइमरी चुनाव की दौड़ में शामिल थीं जहां कई मतदाताओं ने हेली के पक्ष में वोट किया लेकिन मंगलवार देर रात तक उनका वोट प्रतिशत 10 फीसदी से कम था।

बाइडन को हमास के साथ इजराइल के युद्ध से निपटने को लेकर डेमोक्रेटिक मतदाताओं की नाखुशी के कारण हाल में हुए मुकाबलों में विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। इस बीच, मतदाताओं ने मंगलवार को इन राज्यों में संघीय, राज्य और स्थानीय कार्यालय के लिए प्राइमरी चुनाव में भी वोट डाला।

## लेबनान में अमेरिकी दूतावास पर हमले का किया प्रयास

**बेरूत, एजेंसी।** लेबनान की राजधानी बेरूत के निकट अमेरिकी दूतावास पर हमले का प्रयास कर रहे एक बंदूकधारी को सैनिकों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या चार थी। सेना ने यह जानकारी दी।

चरमपंथी समूह हिजबुल्ला और इजराइली सैनिकों के बीच महीनों से जारी लड़ाई के कारण इस देश के सीमावर्ती क्षेत्र में हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। साथ ही लेबनान कई वर्षों से राजनीतिक गतिरोध और आर्थिक तंगी का भी सामना कर रहा है। लेबनान की सेना ने बयान में बताया कि सैनिकों ने एक हमलावर पर गोली चला दी। सेना ने हमलावर की पहचान केवल सीरियाई नागरिक के रूप में की है।

# पाकिस्तान में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या

**लाहौर, एजेंसी**

- दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पंजाब प्रांत में प्रेम विवाह करने पर दो बहनों की उनके पिता और भाई ने हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार को लाहौर से करीब 350 किलोमीटर दूर वेहारी में हुई।

पुलिस के अनुसार निशात और अफशां नामक दो बहनें पिछले महीने अपना घर छोड़कर चली गईं थीं और दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी। दोनों की उम्र 20 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। दोनों बहनों के पिता के अनुरोध पर आयोजित पंचायत की बैठक में उनके दूल्हों के परिवारों को आदेश दिया गया कि वे विवाहित लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दें। पुलिस ने कहा, दूल्हों के परिवारों ने पंचायत के आदेश का पालन किया और दोनों लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। मंगलवार को लड़कियों के पिता सईद और भाई आसिम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उन्हें घर पर ही प्रताड़ित करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी को मानव तस्करी के आरोप में देश की शीर्ष जांच एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

जियो न्यूज के अनुसार, संघीय जांच एजेंसी की मानव तस्करी रोधी टीम ने सारिम बर्नी को अमेरिका से कराची हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा है कि मानवाधिकार कार्यकर्ता को अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। सरकार ने बर्नी पर 25 से ज्यादा बच्चों की तस्करी कर अमेरिका भेजने और अवैध रूप से बच्चों को गोद दिलाने का आरोप लगाया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, संघीय जांच एजेंसी गिरफ्तारी से पहले कुछ समय से बर्नी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

### पांच पूर्व नौसेना अफसरों की फांसी पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद की एक शीर्ष अदालत ने पांच पूर्व पाकिस्तानी नौसेना अधिकारियों की फांसी पर रोक लगा दी है जिन्हें पहले 'जनरल कोर्ट मार्शल' के एक आदेश के द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश बाबर सत्तार ने नौसेना अधिकारियों के अनुरोध पर मंगलवार को लिखित आदेश जारी किया। इससे एक दिन पहले इस मामले में सुनवाई हुई थी।

### पाकिस्तान में 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने दो नेताओं की कथित न्यायपालिका विरोधी प्रेस वार्ता प्रसारित करने के लिए बुधवार को 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस जारी किया। निर्दलीय उम्मीदवार सीनेटर फैसल वावदा और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट के सांसद मुस्तफा कमाल को अलग-अलग प्रेस वार्ता करने और कथित तौर पर शीर्ष न्यायपालिका के न्यायाधीशों के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करने के लिए कार्यवाही का सामना करना पड़ा।

## श्रीलंका में खराब मौसम से मरने वालों की संख्या 30 हुई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में 15 मई से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा टेन्नाकून ने बुधवार को संसद में यह जानकारी दी। टेन्नाकून ने कहा भारी मानसूनी बारिश ने 71 घरों को नष्ट कर दिया है जबकि 9,300 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। टेन्नाकून ने बताया कि 63 बुनियादी ढांचा व्यवस्था के साथ-साथ 825 छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों को भी नुकसान पहुंचा है। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो सहित 10 जिलों में मूसलाधार बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गई, पेड़ गिर गए, तेज हवाएं चलीं, बिजली गिरी और धरती खिसक गई।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगे अनिल कपूर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे' प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। अब इसके सीक्वल का ऐलान कर दिया गया है, जो अगले साल यानी 2025 में लाया जाएगा। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहला पार्ट खत्म हुआ था। मेकर्स ने स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव किए हैं, वहीं फिल्म में नए एक्टर्स की एंट्री हुई है। अनिल कपूर इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अजय देवगन की 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वह हाथों में स्क्रिप्ट लिए नजर आ रही हैं। रकुल ने तस्वीर के साथ लिखा, फेवरेट सेट पर वापसी हो गई है . दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू।

### सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनत्री सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। सनी लियोनी ने अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी लियोनी ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा। पहले पोस्टर में सनी, प्रियामणि के रोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है। सनी लियोनी ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "एक हाइपर-लिंक फिल्म जुलाई से सिनेमाघरों में !फिल्म 'कोटेशन गैंग' में सनी लियोनी एक हत्यारन की भूमिका में हैं, जो एक गिरोह की मुख्य सदस्य है। वो कॉन्ट्रैक्ट किलर है।

### कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को होगा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होगा। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। बुधवार की सुबह ट्रेलर लॉन्च की घोषणा करते हुए, फिल्म के आधिकारिक हैंडल ने खबर साझा की। कल्की 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को आएगा। ट्रेलर रिलीज़ की तारीख की घोषणा एक नए पोस्टर के साथ की गई, जिसमें प्रभास द्वारा निभाए गए किरदार को पहाड़ की चोटी पर खड़े हुए देख सकते हैं और पोस्टर पर लिखा है, सब कुछ बदलने वाला है।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को अत्यंत दुर्लभ मान रहे हैं वैज्ञानिक, घूमने में मात्र एक सेकंड का लगता है समय

# अपनी धुरी पर बहुत धीमी गति से घूमता है ध्वस्त तारा

**अमृत विचार, नैनीताल**

- यह खोज सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने की है

वैज्ञानिकों ने ध्वस्त हो चुके एक ऐसे तारे को खोज निकाला है, जो अपने अक्ष में बहुत धीमी रफ्तार से एक घंटे में घूम पाता है, जबकि इस तरह के ध्वस्त तारे को घूमने में मात्र एक सेकंड का समय लगता है। यह दुर्लभ खोज मानी जा रही है।

सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। इस तरह के ध्वस्त तारे को रेडियो-उत्सर्जक न्यूट्रॉन तारा कहा जाता है। अब तक इस तरह के 3,000 से अधिक तारों की खोज हो चुकी है, जो अपने कक्ष में सेकेंडभर में चक्कर पूरा कर लेते हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है। खोजकर्ता वैज्ञानिक मनीषा कालेब के अनुसार रेडियो स्पंदन उत्सर्जित करने वाले न्यूट्रॉन स्टार की यह खोज असामान्य है। यह खोज तारकीय वस्तुओं के जटिल जीवन चक्र में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाली है। इसके धीमी गति से घूमने की वजह पता लगाने का प्रयास वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस तरह के तारे भौतिकी की चरमता रहती है।

### अजूबा है समूचा ब्रह्मांड

ब्रह्मांड अजूबा है और तरह तरह के रहस्यों से घिरा हुआ है। वर्तमान में हम ब्रह्मांड का एक अंशभर भी नही जान पाए हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड असीम शक्तियों का भंडार है। जिसका उपयोग हम दैनिक जीवन में कर सकते हैं। जिस कारण वैज्ञानिक वर्ग इस दिशा में निरंतर अध्ययन करते हैं और ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठाते रहते हैं।



ध्वस्त तारे के घूमने की तस्वीर। ● अमृत विचार

जब ये तारे ढहते हैं, तो अपनी धुरी पर पूरी तरह से घूमने में केवल कुछ सेकंड या एक सेकंड का अंश लेते हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के वजारी यामाजी में सीएसआईआरओ के एएसकेएपी रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज की गई है। यह खोज तब हुई जब वैज्ञानिक आसमान के बड़े हिस्से में गामा किरणों के स्रोत की निगरानी कर रहे थे। साथ ही तेज़ रेडियो विस्फोट की तलाश कर रहे थे। तभी इस न्यूट्रॉन तारे पर नजर पड़ गई। जब इसका बारीकी से अध्ययन किया तो यह हकीकत सामने आई।